खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 09°C

देहरादून, सोमवार 9 फरवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 183 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 20 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



असम भाजपा के एक्स हैंडल पर वीडियो को लेकर बवाल पेज 2



रातों रात भारत के विश्व कप स्टार बने मोहम्मद सिराज खेल टाइम्स



मिर्गी: बीमारी नहीं, सोच बनती है सबसे बड़ी चुनौती सम्पादकीय



गलवान तनाव के सात दिन बाद चीन ने किया था परमाणु परीक्षण पेज 12

## भारत बनेगा 30-35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था : पीयूष गोयल

नई दिल्ली, वार्ता

**भारत और अमेरिका** के बीच हालिया व्यापार समझौता दोनों देशों के रिश्ते को और बेहतर व नई दिशा देने की संभावना के तौर पर देखा जा रहा है। ऐसे में अब केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस समझौते को लेकर एक बार फिर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

रविवार को उन्होंने कहा कि भारत को अगले पांच साल में अमेरिका से 500 अरब डॉलर के सामान खरीदने में कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने इसे बहुत ही सुरक्षित बताया, क्योंकि उनका मानना है कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था अगले पांच साल में लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर की मांग पैदा करेगी। भारत भविष्य में 35 ट्रिलियन डॉलर का बाजार पेश कर सकता है। गोयल ने बताया कि वर्तमान में भारत 300 अरब डॉलर का सामान अमेरिका से खरीद सकता है, जो अभी वह दुनिया के अन्य देशों से लेता है। उन्होंने कहा कि भारत ने अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप दे दिया है। इसके तहत भारत अगले पांच साल में ऊर्जा उत्पाद, विमान और पार्ट्स, कीमती धातु, तकनीकी उत्पाद और कोकिंग कोयला अमेरिका से खरीदने का इरादा रखता है। किसानों की आय पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि

**कहा: भारत पांच साल में अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने में सक्षम**

**भारत ने अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को दिया अंतिम रूप**



अमेरिकी बाजार किसानों को अधिक मूल्य देगा और उनकी आय बढ़ाने में मदद करेगा। उन्होंने बताया कि भारत-अमेरिका के व्यापार समझौतों से किसानों को नई निर्यात संभावनाएं मिलेंगी, जिससे उन्हें बेहतर दाम और लाभ मिलेगा। गोयल ने कहा कि आज भारत व्यापार समझौतों की बातचीत ताकत और आत्मविश्वास के साथ कर रहा है। उनका मानना है कि भारत भविष्य में 35 ट्रिलियन डॉलर का बाजार पेश कर सकता है, और यही हमारी सबसे बड़ी वार्ता ताकत है। गोयल ने यह बात भारत-अमेरिका के बीच शुल्क समझौते के बाद अपने पहले इंटरव्यू में कही। यह समझौता दोनों देशों के द्विपक्षीय व्यापार समझौते की ओर पहला कदम माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हम 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन 2047 तक यह बढ़कर 30-35 ट्रिलियन डॉलर होगी, जब हम एक विकसित अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। यही भारत का आत्मविश्वास है। इस वृद्धि का अवसर हम अपने व्यापारिक साझेदारों को पेश कर रहे हैं। गोयल के अनुसार यह भविष्य की संभावनाओं को लेकर भारत की रणनीति और ताकत का परिचय है, जिससे देश के लिए नए निवेश और व्यापार के अवसर खुलेंगे। गोयल ने कहा कि भारत पहले ही कृषि और मत्स्य उत्पादों का 55 अरब डॉलर का निर्यात कर रहा है। यह समझौता किसानों को और अधिक निर्यात अवसर और बेहतर लाभ दिलाने में सहायक होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी बाजार में नए अवसर किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाने में मदद करेंगे।

## गौरव गोगोई का मामला गृह मंत्रालय भेजेगी असम सरकार



**गुवाहाटी।** असम सरकार कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के पाकिस्तान कनेक्शन मामले को केंद्रीय गृह मंत्रालय भेजेगी। असम कैबिनेट ने शनिवार को यह फैसला लिया। जिसके बारे में रविवार को मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी।

असम सरकार कांग्रेस सांसद गौरव की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न का ओसीआई/वीजा रद्द करने की मांग भी करेगी, क्योंकि उनकी मौजूदगी भारत के लिए नुकसानदायक है। असम सीएम का आरोप है कांग्रेस सांसद गौरव और उनकी पत्नी एलिजाबेथ, पाकिस्तानी एजेंट अली तौकीर शेख के बहुत करीब हैं। एक पाकिस्तानी फर्म ने गौरव की पत्नी को नौकरी दी, फिर उन्हें भारत ट्रांसफर कर दिया। एलिजाबेथ भारत से जुड़ी कई जानकारियां इकट्ठा करती थीं और पाकिस्तानी नागरिक अली शेख को रिपोर्ट देती थीं। अली तौकीर शेख एलिजाबेथ को इस काम के लिए सैलरी देता था। हिमंता ने यह भी दावा किया कि अली तौकीर 2010 से 2013 के बीच 13 बार भारत आया था। उसका मकसद दुनिया में भारत विरोधी नैरेटिव तैयार करना था। असम सीएम की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर गौरव गोगोई ने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा ने मीडिया के सामने मंच पर खुद को शर्मिंदा किया। असम में कोई उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेता। असम

- **सीएम हिमंता ने लगाया गंभीर आरोप**
- **कहा: कांग्रेस सांसद की पत्नी के पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध**

कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल उठाया कि हिमंता परिवार ने कथित तौर पर पूरे असम में 4,000 एकड़ जमीन कैसे हासिल की। उन्होंने कहा कि राज्य में भविष्य की कांग्रेस सरकार ऐसी जमीनों को गरीबों में बांट देगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिमंता ने बताया कि हमने मौजूदा सांसद गौरव गोगोई से पाकिस्तान कनेक्शन के बारे में पूछताछ नहीं की है। हमने उनके पद की गरिमा का सम्मान करते हुए यह मामला केंद्र पर छोड़ दिया है। हिमंता ने यह भी कहा कि अगर अब गौरव गोगोई को गिरफ्तार करने जैसा कदम उठाया, तो मुझ पर असम विधानसभा चुनावों से पहले राजनीति करने का आरोप लगेगा। गौरव गोगोई-एलिजाबेथ पर सीएम हिमंता के 10 आरोप लगाए गए हैं, आरोपों के अनुसार एलिजाबेथ ने आईबी सूत्रों से क्लाइमेट एक्शन के बारे में जानकारी इकट्ठा कीं। गौरव गोगोई ने चुनावी हलफनामे में पत्नी के पाकिस्तानी बैंक खाते के बारे में नहीं बताया। गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ को पेमेंट करने के लिए एफसीआरए नियमों को दरकिनार किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान समेत पांच राज्यों में सुबह-शाम की सर्दी

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने देश के किसी भी राज्य में रविवार के लिए कोई अलर्ट जारी नहीं किया है। हालांकि जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल में हुई बर्फबारी के कारण उत्तर भारत के सभी राज्यों में अभी भी सर्दी का असर है। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ और चंडीगढ़ में सुबह और शाम सर्दी हो रही है। जबकि दिन के समय कई जिलों में पारा 30 डिग्री का आंकड़ा पार कर रहा है। इन राज्यों में फरवरी में ही मार्च जैसी गर्मी का अहसास होने लगा है। हिमालयी राज्य उत्तराखंड और हिमाचल में मौसम विभाग ने 9 फरवरी से ऊंचे इलाकों में बर्फबारी का अनुमान जताया है। 10 फरवरी को दोनों ही प्रदेशों में बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

### स्कूली छात्रों के एक करोड़ अनिवार्य बायोमेट्रिक नवीनीकरण पूरे

**नई दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने मिशन-मोड के अंतर्गत चल रहे अभियान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए देश भर के 83 हज़ार स्कूली छात्रों के लिए एक करोड़ से अधिक अनिवार्य बायोमेट्रिक नवीनीकरण (एमबीयू) को पूरा करने का लक्ष्य हासिल कर लिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, यूआईडीएआई ने सितंबर 2025 में स्कूली छात्रों के लिए यह विशेष अभियान शुरू किया था। यह अभियान शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली प्लस एप्लीकेशन के साथ सफल तकनीकी एकीकरण के बाद शुरू किया गया था। इससे स्कूलों में बच्चों के एमबीयू की स्थिति को देखना संभव हुआ था।

### स्टेट्समैन विंटेज कार रैली में दिखा 'पुराने दौर' का वैभव

**नई दिल्ली।** राजधानी में रविवार को आयोजित हुई 59वीं वार्षिक 'स्टेट्समैन विंटेज कार रैली' का शानदार समापन हो गया। इस रैली में पुरानी कारों में शुमार 1906 की शानदार 'रेनो' कार ने चार चांद लगा दिए। यह रैली बाराखंभा रोड स्थित 'स्टेट्समैन हाउस' से शुरू होकर मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम तक निकली, तो लगा मानो वक्त का पहिया पीछे घूम गया हो।

## आतंकवाद पर कोई समझौता नहीं: मोदी

### हम किसी भी देश के ऐसे रुख की कड़ी निंदा करते हैं, ऐसे देशों की असलियत उजागर हो चुकी

कुआलालंपुर, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** का रविवार को मलेशिया की प्रशासनिक राजधानी पुत्रजाया के पर्दाना पुत्र भवन में औपचारिक स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने उनका स्वागत किया।

वहीं इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने दोनों देशों के मंत्रियों और प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की। इसके बाद पीएम मोदी और मलेशियाई पीएम ने द्विपक्षीय वार्ता की। इस वार्ता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद पर भारत का रुख साफ है, कोई दोहरा मापदंड और समझौता नहीं किया जा सकता, हम किसी भी देश के ऐसे रुख की कड़ी निंदा करते हैं, ऐसा रवैया अपनाने वाले देशों की असलियत उजागर हो चुकी है। श्री मोदी ने कहा कि भारत- मलेशिया की साझेदारी ऐतिहासिक है और दोनों देशों में सहयोग लगातार बढ़ा है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने मलेशियाई प्रधानमंत्री और वहां की सरकार का दिल से धन्यवाद करते हुए कहा कि जिस तरह उनका और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया गया, वह हमेशा यादगार रहेगा।

**मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम ने प्रधानमंत्री मोदी का किया स्वागत, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय वार्ता की**



### आजाद हिंद फौज के वरिष्ठ सेनानी जयराज राजा राव से मिले पीएम

**कुआलालंपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मलेशिया की अपनी दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान आजाद हिंद फौज के पूर्व सैनिक जयराज राजा राव से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में आईएनए की ऐतिहासिक भूमिका और दक्षिण-पूर्व एशिया में बसे भारतीय समुदाय के बीच उसकी स्थायी विरासत को रेखांकित किया।

**भारत- मलेशिया की साझेदारी ऐतिहासिक और दोनों देशों में सहयोग लगातार बढ़ा : मोदी**

### सुरक्षा से लेकर सेमीकंडक्टर तक हुए बड़े समझौते

**कुआलालंपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मलेशिया दौरे पर कुआलालंपुर से विदेश मंत्रालय ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान विदेश मंत्रालय के सचिव (ईस्ट), पी. कुमारन ने कहा कि दोनों प्रधानमंत्रियों ने हमारी पार्टनरशिप के पूरे दायरे में द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की, जिसमें व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, सेमीकंडक्टर, डिजिटल टेक्नोलॉजी, फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी, संस्कृति, पर्यटन और लोगों के बीच आदान- प्रदान शामिल हैं। भारत और मलेशिया के बीच अहम समझौतों का विवरण-भारत गणराज्य की सरकार और मलेशिया की सरकार के बीच ऑडियो-विजुअल सह-निर्माण समझौता, आपदा प्रबंधन में सहयोग पर मलेशिया सरकार और भारत गणराज्य की सरकार के बीच समझौता ज्ञापन, भ्रष्टाचार से निपटने और उसे रोकने में सहयोग के लिए मलेशिया सरकार और भारत गणराज्य की सरकार के बीच समझौता ज्ञापन, भारत गणराज्य की सरकार और मलेशिया की सरकार के बीच संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर पत्र का आदान-प्रदान, भारत गणराज्य की सरकार और मलेशिया की सरकार के बीच सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सहयोग पर नोट का आदान-प्रदान, अंतर्राष्ट्रीय बिग -**शेष पृष्ठ दो पर**

## सूरजकुंड मेला हादसा: कार्रवाई तेज

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड मेला परिसर में 7 फरवरी को हुए झूला हादसे के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए झूला संचालक कंपनी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हादसे में घायलों को बचाते हुए हरियाणा पुलिस के निरीक्षक जगदीश प्रसाद शहीद हो गए थे।

पुलिस के अनुसार थाना सूरजकुंड में हिमाचल प्रदेश की हिमाचल फन केयर कंपनी के प्रो. मोहम्मद शाकिर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में मामला दर्ज किया गया है। जांच के दौरान पुलिस ने मोहम्मद शाकिर निवासी गांव टोका नंगला, जिला सिरमौर (हिमाचल प्रदेश) व एक अन्य आरोपी नितेश निवासी धर्मपुरी सदर, मेरठ कैंट को गिरफ्तार किया है। अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की जांच जारी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त अपराध के पर्यवेक्षण में तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की गई है।

- **पुलिस ने संचालक कंपनी के दो लोगों को किया गिरफ्तार**

### बांग्लादेश के पूर्व मंत्री रमेश चंद्र सेन की हिरासत में मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के वरिष्ठ नेता और पूर्व जल संसाधन मंत्री रमेश चंद्र सेन का शनिवार सुबह हिरासत में निधन हो गया। 83 वर्षीय सेन दिनाजपुर जिला जेल में बंद थे। जेल अधिकारियों के अनुसार, शनिवार तड़के उनकी तबीयत बिगड़ी, जिसके बाद उन्हें दिनाजपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां सुबह करीब 9:29 बजे डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सेन की मौत ऐसे समय हुई है, जब बांग्लादेश में 12 फरवरी 2026 को आम चुनाव होने वाले हैं।

## कुत्ता मुक्त गांव के नाम पर चली हत्या की मुहिम

**हैदराबाद।** तेलंगाना के गांवों में अब अजीब सन्नाटा है। कुछ दिन पहले तक गांव में कोई अजनबी आता था, तो आवारा कुत्ते भौंक-भौंक कर गांव को चेता देते थे। अब यहां कोई हलचल नहीं होती। यह हालात किसी एक गांव के नहीं। राज्य के छह जिलों के 12 से ज्यादा गांवों में इस साल की शुरुआत से अब तक 1600 से अधिक कुत्ते मार दिए जाने के आरोप सामने आए हैं। शुरुआत में यह संख्या कम थी। धीरे-धीरे आंकड़ा बढ़ता गया।

दरअसल, गांवों में कुत्तों के काटने की घटनाएं बढ़ीं, तो दिसम्बर में हुए सरपंच चुनाव में यह मुद्दा प्रमुख रूप से उठा। कई जनप्रतिनिधियों ने 'कुत्ता मुक्त गांव' बनाने का वादा किया। इसके बाद गांव से कुत्ते गायब होने लगे। गांव के बाहर सामूहिक कब्र मिलीं, तो संदेह गहराया। जांच में साफ हो गया कि यह सब योजनाबद्ध तरीके से किया गया। आरोप है कि आंध्र प्रदेश से डॉग कैचर्स बुलवाए और 500 रुपये प्रति कुत्ते के हिसाब से जहरीले इंजेक्शन दिए गए। हनुमानकोंडा जिले के श्यामपेट और अरपेल्ली गांवों में 300 कुत्तों की हत्या की शिकायत दर्ज कराई गई है। कामारेड्डी जिले के वाड़ी, फरीदपेट, बंदारमश्वेरपल्ली, भवानीपेट और पलवनचा गांवों में 200 कुत्ते मारे गए।



- **तेलंगाना में 1600 कुत्तों को दी मौत, आंध्र से डॉग कैचर्स बुलाकर दिए जहरीले इंजेक्शन**

### कर्नाटक में प्राइवेट ट्रेनी प्लेन क्रैश, दोनों पायलट सुरक्षित

**वियजवाड़ा।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले में रविवार को एक खेत में प्राइवेट ट्रेनी प्लेन क्रैश हो गया। जमीन पर गिरने से पहले ही दोनों पायलट ने इजेक्ट कर लिया। उन्हें हल्की चोटें आई हैं। घटना बालेश्वर क्षेत्र मंगलुरु गांव में हुई। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि यह रेड बर्ड एविएशन का एक प्राइवेट ट्रेनी एयरक्राफ्ट है। जो कलबुर्गी से बेलगावी जा रहा था। शुरुआती जांच में सामने आया है कि प्लेन के इंजन में टेक्निकल खराबी आई थी। विमान के मुख्य पायलट कैप्टन कुणाल मल्होत्रा थे। मल्होत्रा रेडबर्ड एविएशन में असिस्टेंट फ्लाइट इंस्ट्रक्टर (एएफआई) हैं। वहीं, ट्रेनी पायलट की पहचान गौतम शंकर पीआर के रूप में हुई है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि रेडबर्ड फ्लाइंग ट्रेनिंग एकेडमी लिमिटेड का सेसना 172 विमान, वीटी- ईयूसी (एमएसएन- 17265717) था। इसने बेलगावी एयरपोर्ट से 100 किमी पूर्व में बागलकोट के पास एक खेत में इमरजेंसी लैंडिंग की। इंस्ट्रक्टर और कैडेट दोनों सुरक्षित हैं।

## आरएसएस कहे, तो पद छोड़ दूंगा: मोहन भागवत

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि यदि संघ उनसे पद छोड़ने को कहेगा, तो वे तुरंत ऐसा करेंगे। आमतौर पर 75 साल की उम्र के बाद किसी पद पर नहीं रहने की परंपरा की बात कही जाती है।

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि सरसंघचालक बनने के लिए क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र या ब्राह्मण होना कोई योग्यता नहीं है। जो हिंदू संगठन के लिए काम करता है। वही सरसंघचालक (आरएसएस प्रमुख) बनता है। भागवत रविवार को मुंबई में आरएसएस के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि वीर सावरकर को भारत रत्न दिया गया तो इससे पुरस्कार की गरिमा और बढ़ेगी। भागवत ने कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) सभी को विश्वास में लेकर बनाई जानी चाहिए और इससे समाज में मतभेद नहीं बढ़ने चाहिए। उम्मीद है कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत के हितों को ध्यान में रखकर किया गया होगा और देश को किसी तरह का नुकसान नहीं होगा। घुसपैठ के मुद्दे पर सरकार को बहुत काम करना है। पहचान कर निष्कासन की प्रक्रिया होनी चाहिए। यह पहले नहीं हो पा रहा था, लेकिन अब धीरे-धीरे शुरू हुआ है और आगे बढ़ेगा। आरएसएस का काम प्रचार करना नहीं, बल्कि समाज में संस्कार विकसित करना है। जरूरत से ज्यादा प्रचार से दिखावा और फिर अहंकार आता है।

- **संघ प्रमुख ने कहा: कोई भी हिंदू आरएसएस प्रमुख बन सकता है**
- **सावरकर को भारत रत्न देने से पुरस्कार की गरिमा बढ़ेगी**

### बांग्लादेश में 1.25 करोड़ हिंदू, एकजुट हो जाएं तो...

**मुंबई।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के मुद्दे पर भागवत ने कहा कि बांग्लादेश में अभी भी 1.25 करोड़ हिंदू हैं। यदि वे एकजुट हो जाएं, तो वे वहां की राजनीतिक व्यवस्था उपयोग अपने हित और अपनी सुरक्षा के लिए कर सकते हैं। लेकिन उन्हें एकजुट होना होगा। अच्छी बात यह है कि इस बार उन्होंने वहां से भागने का नहीं, बल्कि वहीं रहकर लड़ने का फैसला किया है। अगर अगर उन्हें लड़ना है , तो एकता जरूरी होगी। जितनी जल्दी वे एकजुट होंगे, उतना ही बेहतर होगा।



## संक्षिप्त समाचार

### कोडीन युक्त सिरप तस्करी में पांच आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी।** कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी के मामले में कोतवाली पुलिस, एसआईटी और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने मुख्य सरगना शुभम जायसवाल के पांच साथियों को मिर्जापुर के भोरसर लिक रोड से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में 25-25 हजार रुपये के इनामी अमित जायसवाल (सोनिया), दिवेश जायसवाल (खोजवा), अंकुश सिंह (खोजवा) तथा अभिनव कुमार यादव और घनश्याम मौर्या शामिल हैं। पुलिस के अनुसार से सभी नेपाल भागने की फिराक में थे। उनके पास से 46 विदेशी मुद्रा नोट और एक आईफोन बरामद किया गया है। पुलिस उपायुक्त (काशी जोन) गौरव बंशवाल ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ कोतवाली थाने में बीएनएस की विभिन्न धाराओं तथा एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है।

### संगम में प्रवाहित की गई पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित की अस्थियां

**प्रयागराज।** महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अस्थियां रविवार को संगम में प्रवाहित की गईं। उनके पुत्र जय पवार ने विधि-विधान से अस्थि विसर्जन किया। इस दौरान परिवार के सदस्य और पार्टी कार्यकर्ता भावुक नजर आए। परिवार चार्टर्ड फ्लाइट से बारामती से प्रयागराज पहुंचा था। जय पवार पिता की अस्थियों का कलश लेकर नंगे पैर एयरपोर्ट से बाहर आए। एयरपोर्ट से संगम तक लंबा काफिला घाट पहुंचा, जहां भाजपा और राकांपा के कई नेता भी मौजूद रहे। राकांपा की युवा इकाई राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा के नेतृत्व में कश्मीर से कन्याकुमारी तक 'अस्थि कलश यात्रा' निकाली गई थी।

# चुनाव आयोग भाजपा का सहयोगी: सपा

## एसआईआर पर फिर बरसे अखिलेश यादव, केवल फॉर्म-6 लागू हो

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग और बीजेपी पर फिर हमला बोला है। उन्होंने चुनाव आयोग पर भाजपा का सहयोगी होने का गंभीर आरोप लगाया है, खासकर फॉर्म-7 के जरिए मतदाता सूची में धांधली को लेकर उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। वह यहां पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि एसआईआर आज देश का सबसे बड़ा मुद्दा बन चुका है, लेकिन भाजपा की काली करतूतों के खिलाफ मजबूरी में काला कोट पहनकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा है। उन्होंने ने आरोप लगाया कि उपचुनावों में जिस तरह की गतिविधियां देखने को मिलीं, उससे साफ है कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं, यहां तक कि आयोग पर भाजपा का झंडा लगा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि फॉर्म-7 के जरिये फर्जी दस्तक, अंगूठा लगवाना और हस्ताक्षर कराना गंभीर अपराध है, जो चुनाव नियमों की धारा 31 और 32 का खुला उल्लंघन है। इस दौरान उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी के संगठन, पीडीए पहरी और जिम्मेदार नेताओं द्वारा समय-समय पर जो फॉर्म उपलब्ध कराए गए, उनसे कई फर्जी मामलों की पहचान हुई। नंदलाल जैसे लोग आज सच्चाई के साथ सामने आए हैं। उन्होंने सहयोग स्वरूप नंदलाल को 1,00,000 की सहायता दी है और उनके घर में दुर्गा माता के मंदिर निर्माण में भी पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि कई बीएलओ के बयान सामने आ रहे हैं कि उन्हें दबाया और धमकाया जा रहा है, बावजूद इसके बड़ी संख्या में बीएलओ लोकतंत्र को बचाने के लिए मजबूती से खड़े हैं। सपा नेता ने कहा कि चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि वह निष्पक्ष रहकर संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करे, न कि सिस्टम को कमजोर करने का माध्यम बने।



# भारत-अमेरिका टैरिफ समझौता उप्र के लिए अवसर: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत-अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत जारी टैरिफ ज्वाइंट स्टेटमेंट को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम बताते हुए कहा कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों, एमएसएमई और श्रम-प्रधान उद्योगों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार करेगा।

उन्होंने कहा कि समझौते में किसानों, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हितों को पूर्ण रूप से संरक्षित रखा गया है, साथ ही 'मेक इन इंडिया' को मजबूती मिलेगी और युवाओं व महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के प्रयासों की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ में प्रस्तावित कटौती से उत्तर प्रदेश के निर्यात-आधारित क्लस्टर्स को संरचनात्मक बढ़त मिलेगी। भदोही-मिर्जापुर कार्पेट, वाराणसी सिल्क, कानपुर-आगरा लेदर, मेरठ-मुरादाबाद होम डेकोर तथा पूर्वांचल के टेक्सटाइल उद्योग को लागत प्रतिस्पर्धा में लाभ होगा। चुनिंदा कृषि उत्पादों और प्रोसेस्ड फूड पर शून्य शुल्क से मूल्यवर्धित निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, जबकि फार्मा, मशीनरी और ऑटो कंपोनेंट्स को वैश्विक सप्लाई चेन से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इससे एमएसएमई इकाइयों की सीधे निर्यात में भागीदारी बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग और डेटा सेंटर निवेश को भी इस समझौते से प्रोत्साहन मिलेगा। संवेदनशील कृषि क्षेत्रों में संतुलन बनाए रखते हुए किसानों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री ने इसे उत्तर प्रदेश के लिए निर्यात, निवेश और रोजगार सृजन के लिहाज से दीर्घकालिक अवसर करार देते हुए कहा कि यह समझौता राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति देगा।



■ भारतीय निर्यातकों व श्रम प्रधान उद्योगों को वैश्विक विस्तार करेगा

### उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र आज से, हुई सर्वदलीय बैठक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू होगा। सत्र से पहले रविवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में विधानसभा परिसर में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें सत्तारूढ़ भाजपा के साथ कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सदस्य भी शामिल हुए। बैठक में सदन के सुचारु संचालन और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रदेश सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट 11 फरवरी को पेश करेगी। इस बार बजट का आकार करीब 9 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। सरकार का फोकस प्रदेश के समग्र विकास और आम लोगों की सुविधाओं को मजबूत करने पर रहेगा।

## पीक ऑवर में प्रदेश में मिल रही भरपूर सप्लाई

# गर्मियों में यूपी में नहीं होगा बिजली संकट!

लखनऊ, वार्ता

केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत उत्तर प्रदेश में ऊर्जा के क्षेत्र में कई काम कराए जा रहे हैं। इसके चलते अब यूपी में बिजली संकट पिछले सालों की तुलना में कम होने लगा है। इस योजना के तहत नई लाइनें बिछाने का काम तेजी से चल रहा है। विद्युत उपकरण भी उच्च क्वालिटी के इंस्टॉल कराए जा रहे हैं। नए उपकेंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। यही कारण है कि अब जर्जर लाइनें कम हो गई हैं। उच्च क्षमता के ट्रांसफॉर्मर लगने के चलते बिजली संकट की स्थिति काफी कम पैदा हो रही है। प्रदेश सरकार की तरफ से भी लगातार बिजली सप्लाई को लेकर पावर कारपोरेशन को निर्देश दिए जा रहे हैं।

गर्मी में बिजली संकट की स्थिति उत्पन्न न हो, इसे ध्यान में रखकर तेजी से अनुरक्षण का काम कराया जा रहा है। प्रदेश में बिजली की मांग व आपूर्ति के बीच का अंतर लगातार घटा है। बेहतर बिजली आपूर्ति के चलते प्रदेश में औद्योगिक निवेश बढ़ा है। एमएसएमई सेक्टर को संबल मिला है और रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि वित्त वर्ष 2022-23 में उत्तर प्रदेश की बिजली की कुल आवश्यकता एक लाख 44 हजार 251 मिलियन यूनिट थी, योगी सरकार ने बिजली की मांग व आपूर्ति के अंतर को समाप्त करने के लिए नीतियों और प्रबंधन सुधारों का जो प्रयास किया, उसका असर दिखा है। वित्त वर्ष 2023-24 में आपूर्ति एक लाख 48 हजार 287 मिलियन यूनिट तक पहुंच गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में एक लाख 64 हजार 786 मिलियन यूनिट हो गई। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर 2025 तक की स्थिति में बड़ा सुधार हुआ है। इस अवधि में बिजली की कमी व्यावहारिक रूप से काफी कम हो गई है। सरकार ने बिजली उत्पादन और आपूर्ति के साथ-साथ पारेषण व वितरण व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया। राष्ट्रीय ग्रिड के माध्यम से अधिशेष बिजली वाले राज्यों से उत्तर प्रदेश को समय पर बिजली उपलब्ध कराई गई। सर्वाधिक मांग (पीक ऑवर) के समय भी प्रदेश में बिजली आपूर्ति लगभग पूरी की गई, जिससे उद्योगों और घरेलू उपभोक्ताओं को राहत मिली। संशोधित वितरण क्षेत्र सुधार योजना (आरडीएसएस) के अंतर्गत जर्जर लाइनों को बदला गया। ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई गई और स्मार्ट मीटरिंग को बढ़ावा दिया गया।



■ ग्रामीण इलाकों में दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के जरिये बड़े स्तर काम किया गया, छोटे उद्योगों को नई गति मिली

### वितरण कंपनियों के घाटे में कमी आई



इससे वितरण कंपनियों के घाटे में कमी आई और बिजली चोरी पर प्रभावी नियंत्रण संभव हुआ। ग्रामीण इलाकों में बिजली पहुंचाने के लिए दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना और सौभाग्य योजना के जरिए बड़े स्तर पर काम किया गया। गांवों और घरों तक बिजली पहुंचने से कृषि, कुटीर उद्योग और छोटे कारोबार को नई गति मिली है। उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा का मानना है कि बिजली, जहां आम जनता की आधारभूत आवश्यकता है। वहीं प्रदेश की आर्थिक रफ्तार में भी बिजली का बड़ा योगदान है। उद्योग-धंधों को ज्यादा से ज्यादा बिजली उपलब्ध हो सके, जिससे वह ज्यादा से ज्यादा उत्पादन कर सकें, इस ओर सरकार ने ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि इसी का नतीजा है कि आज उत्तर प्रदेश में निर्धारित रोस्टर के मुताबिक बिजली आपूर्ति हो रही है। आम जनता को भी भरपूर बिजली मिल रही है, तो इंडस्ट्री को भी भरपूर बिजली सप्लाई की जा रही है। इससे उत्तर प्रदेश आर्थिक विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हो रहा है।

# असम बीजेपी के पोस्ट पर बवाल, भड़की कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

■ पार्टी ने बताया नरसंहार जैसा
■ सत्ता के शीर्ष से फैलाया गया जहर

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा अपने बयानों को लेकर अक्सर विवादों में रहते हैं। अब असम से एक और कथित नफरत से भरा वीडियो सामने आया है, जिसने राजनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया पैदा कर दी है।

आरोप है कि असम भाजपा यूनिट के आधिकारिक एक्स हैंडल से साझा किए गए एक वीडियो में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को प्रतीकात्मक रूप से मुसलमानों पर गोली चलाते हुए दिखाया गया है। वीडियो के वायरल होते ही सोशल मीडिया पर इसकी कड़ी निंदा शुरू हो गई। कांग्रेस ने इसे अल्पसंख्यकों के खिलाफ खुला उकसाव करार दिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह वीडियो 'अल्पसंख्यकों की लक्षित, पॉइंट-ब्लैंक हत्या' को दर्शाता है और यह सीधे तौर पर 'नरसंहार का आह्वान' है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कोई साधारण ट्रोल कंटेंट नहीं, बल्कि सत्ता के शीर्ष से फैलाया गया जहर है। वेणुगोपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस पर कार्रवाई या निंदा की उम्मीद नहीं है, लेकिन न्यायपालिका को स्वतः संज्ञान लेकर सख्त कदम उठाने चाहिए और किसी भी तरह की नरमी नहीं बरती जानी चाहिए। मामले को लेकर राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 83313.93
निफ्टी 25642.80
सोना 154570 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार | देश

चांदी रु. 300000 प्रति किलो



# शेयर बाजारों पर दिखेगा अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का असर

मुंबई, वार्ता

पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते का असर घरेलू शेयर बाजारों में देखा जाएगा।

अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर दोनों देशों ने शनिवार को एक साझा बयान जारी किया जिसमें बताया गया है कि किन-किन वस्तुओं पर दोनों देशों में कितना-कितना आयात शुल्क और सीमा शुल्क घटाया जाएगा। इस समझौते से सेक्टर विशेष को लेकर निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी। पिछले सप्ताह, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत के बाद व्यापार समझौता होने की घोषणा की गई थी, जिससे सेंसेक्स एक दिन में दो हजार अंक (ढाई प्रतिशत) से अधिक की तेजी के साथ बंद हुआ था। आने वाले सप्ताह में गुरुवार को आधार वर्ष 2024 की सीरीज पर पहली बार खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी होंगे। निवेशकों की नजर इस पर भी होगी। वाहनों की खुदरा बिक्री के आंकड़े भी इसी सप्ताह आने हैं। पिछले सप्ताह रविवार को आम बजट के दिन विशेष सत्र के कारण शेयर बाजारों में छह दिन कारोबार हुआ। यह पूरा सप्ताह बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा। इस दौरान बीएसई का सेंसेक्स 1,310.62 अंक (1.59 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त में रहा। बजट के दिन रविवार को सेंसेक्स 1,547 अंक टूट गया। अगले ही दिन सोमवार को इसमें 944 अंक की तेजी देखी गई। मंगलवार सुबह अमेरिका के साथ व्यापार समझौता होने की जानकारी आने के बाद सेंसेक्स 2,073 अंक उछल गया।



# शीर्ष सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,62,055 करोड़ रुपये बढ़ा

**मुंबई।** बीएसई के सेंसेक्स में रही डेढ़ फीसदी की तेजी के बीच पिछले सप्ताह बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,62,055 करोड़ रुपये बढ़ गया जबकि अन्य तीन का 1,32,206 करोड़ रुपये घट गया।

विविध क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 74,361 करोड़ रुपये बढ़ा। सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी एलआईसी का एमकैप 48,734 करोड़ रुपये और दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का 40,057 करोड़ रुपये बढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक के एमकैप में 37,063 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस में 31,797 करोड़ रुपये की बढ़त देखी गई। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 18,271 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 11,771 करोड़ रुपये बढ़ा। देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस को एमकैप में 66,428 करोड़ रुपये और इंफोसिस को 55,486 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। भारतीय स्टेट बैंक के बाजार पूंजीकरण में 10,292 करोड़ रुपये की गिरावट रही। बाजार पूंजीकरण के मामले में 19,63,359 करोड़ रुपये के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर बनी रही। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 14,48,250 करोड़ रुपये रहा और यह दूसरे स्थान पर रहा। भारती एयरटेल ने टीसीएस को पछाड़कर एक बार फिर तीसरा स्थान हासिल किया। शुक्रवार को इसका बाजार पूंजीकरण 10,64,242 करोड़ रुपये रहा।



# चावल, दाल, चीनी में साप्ताहिक तेजी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के विपरीत गेहूं में नरमी रही। दालों और चीनी के दाम भी बढ़ गए जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 11 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,822 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं तीन रुपये सस्ता हुआ और सप्ताहांत पर 2,863 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा नौ रुपये चढ़कर 3,337 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

बीते सप्ताह खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा। पाम ऑयल की औसत कीमत 93 रुपये और मूंगफली तेल की 72 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 34 रुपये और सरसों तेल तीन रुपये महंगा हुआ। वनस्पति में 17 रुपये और सोया तेल में छह रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट दर्ज की गई। सप्ताह के दौरान तुअर दाल औसतन 189 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत 79 रुपये और मूंग दाल की 25 रुपये बढ़ गई। चना दाल में 22 रुपये और मसूर दाल में 15 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 21 रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। चीनी भी 10 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। तुअर दाल 10974.18 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2862.70 रुपये और चावल 3821.61 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3337.02 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# पीडीपी ने अमेरिकी डील को बताया विनाशकारी

**श्रीनगर।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) का बयान सामने आया है। पार्टी ने दावा किया है कि अगर अमेरिका से आयातित कृषि और बागवानी उत्पादों पर कोई शुल्क नहीं लगाया गया, तो भारत-अमेरिका व्यापार समझौता जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था के लिए विनाशकारी साबित होगा। पीडीपी के प्रवक्ता मोहम्मद इकबाल ट्रंबू ने रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पीएम ने जम्मू-कश्मीर के बागवानी क्षेत्र पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के प्रभाव के बारे में नहीं सोचा है। अमेरिका से आयातित कृषि उत्पादों पर शून्य शुल्क होगा, जम्मू-कश्मीर में उत्पादित सेब और अखरोट का क्या होगा?' मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा पेश किए गए जम्मू-कश्मीर के बजट पर टिप्पणी करते हुए पीडीपी नेता ने कहा कि यह साधारण है और जम्मू-कश्मीर के लोगों को परेशान करने वाली समस्याओं का समाधान प्रदान करने में विफल रहा है। उन्होंने बजट पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस बजट में बेरोजगारी को दूर करने के लिए कुछ भी नहीं है, जो जम्मू-कश्मीर में एक प्रमुख समस्या है।

■ जम्मू-कश्मीर में सेब और अखरोट पर मंडराया संकट

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सुरक्षा से लेकर...** कैट्स एलायंस पर ढांचागत समझौता/कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), भारत गणराज्य और सामाजिक सुरक्षा संगठन मलेशिया के बीच में बीमित व्यक्तियों के रूप में भारतीय नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों और गतिविधियों पर सहयोग ज्ञापन, भारत गणराज्य की सरकार और मलेशिया की सरकार के बीच व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण (टीवीईटी) में सहयोग पर नोट का आदान-प्रदान, भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और मलेशिया के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के बीच सुरक्षा सहयोग पर नोट का आदान-प्रदान, भारत गणराज्य की सरकार और मलेशिया की सरकार के बीच स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र में सहयोग पर नोट का आदान-प्रदान , 10वें मलेशिया-भारत सीईओ फोरम की रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण शामिल है। विदेश मंत्रालय के सचिव (ईस्ट), पी. कुमारन ने आगे कहा कि क्रॉस-बॉर्डर क्यूआर आधारित भुगतान और यूपीआई लिंक पर काम जारी है। इससे पर्यटकों, कामगारों और व्यापार को सीधा लाभ मिलेगा। हवाई संपर्क बढ़ाने और नए रूट खोलने पर भी सहमति बनी है। प्रधानमंत्री ने आसियान के साथ सहयोग, भारत की एक्ट ईस्ट नीति, इंडो-पैसिफिक विजन और ब्रिक्स में मलेशिया की भागीदारी का भी जिक्र किया और भविष्य में संबंध और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# आयकर के नए नियम, प्रपत्रों पर सुझाव आमंत्रित

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर अधिनियम, 2025 से संबंधित प्रस्तावित नियमों और प्रपत्रों को सार्वजनिक रूप से जारी कर दिया है और इस पर हितधारकों की राय और सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। नए आयकर अधिनियम को अगस्त 2025 में राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। यह अधिनियम 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा। वित्त मंत्रालय की रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आयकर नियमों और प्रपत्रों की अंतिम अधिसूचना से पहले, हितधारकों की व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए, प्रस्तावित आयकर नियम और प्रपत्र भारतीय आयकर विभाग के आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। संबंधित आयकर नियम और प्रपत्र व्यापक परामर्श के बाद तैयार किए गए हैं, ताकि वे आयकर अधिनियम, 2025 के प्रावधानों के अनुरूप हों। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सभी हितधारकों को इसका अध्ययन करने और सुझाव देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

# अमेरिकी ट्रेड डील के खिलाफ सड़कों पर उतरेंगे किसान

## व्यापार समझौते को आत्मसमर्पण के समान बताया

नई दिल्ली, वार्ता

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने समझौते को भारतीय कृषि का अमेरिकी मल्टीनेशनल कंपनियों के सामने 'पूरी तरह आत्मसमर्पण' बताया है। एसकेएम और अन्य किसान संगठनों ने इस समझौते की कड़ी आलोचना करते हुए वाणिज्य मंत्री के इस्तीफे की मांग की है। इस डील के विरोध में 12 फरवरी की देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का समर्थन कर रहे हैं। किसान संगठनों की तरफ से कहा गया कि सरकार किसानों की पीठ में छुरा घोपने का काम कर रही है।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की तरफ से कहा गया कि इस डील की वजह है कि कृषि और डेयरी उत्पादों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने आरोप लगाया कि अमेरिका के साथ प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौता भारतीय कृषि का अमेरिकी मल्टीनेशनल कंपनियों के सामने पूरी तरह से आत्मसमर्पण है। इस तरह के फैसलों के लिए पीयूष गोयल को इस्तीफा दे देना चाहिए। एसकेएम नेताओं ने कहा कि देशभर के गांवों में विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुतले जलाएंगे। एसकेएम ने 12 फरवरी की आम देशव्यापी को भी अपना समर्थन दिया। अखिल भारतीय किसान सभा (एआईकेएस) के नेता कृष्णा प्रसाद ने कहा कि यह व्यापार समझौता सूखे डिस्टिलर अनाज, पशु आहार के लिए लाल ज्वार और सोयाबीन तेल जैसी वस्तुओं के लिए बाजार खोलकर कृषि क्षेत्र पर गहरा प्रभाव डालेगा। यह भी दावा किया कि यह डेयरी क्षेत्र को प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका साथ ही यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ ये समझौते उनकी स्थिर अर्थव्यवस्थाओं को फायदा पहुंचाने के लिए किए जा रहे हैं और भारत के लिए फायदेमंद नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता उन किसानों को और प्रभावित करेगा जो पहले से ही कम आय की समस्याओं का सामना कर रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा ने भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते को लेकर केंद्र सरकार पर कड़ा हमला बोला है। किसान नेताओं का कहना है कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल यह दावा कर रहे हैं कि कृषि और डेयरी सेक्टर को इस समझौते से बाहर रखा गया है, लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान से साफ है कि भारत ने अमेरिकी कृषि और खाद्य उत्पादों पर लगी गैर-टैरिफ बाधाओं को हटाने पर सहमति जताई है। इससे भारतीय बाजार अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए खुल जाएगा और भारतीय किसानों को भारी नुकसान होगा।



# सैकड़ों जनप्रतिनिधियों ने ली भाजपा की सदस्यता

■ नगर पालिका अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख हुए शामिल, भट्ट ने किया नवागंतुको का स्वागत कहा- एकजुट हो रहे विकसित भारत की खातिर



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा के सदस्यता अभियान के दूसरे चरण में 12 विधानसभा क्षेत्रों से सैकड़ों विपक्षी नेताओं, जनप्रतिनिधियों और सामा. जिक कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया।

प्रदेश मुख्यालय मे प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट की मौजूदगी में नगर पालिका अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख ,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, पार्षद, सभासद आदि जनप्रतिधियों ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी के विचारों में विश्वास व्यक्त किया।

औपचारिक सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में सुबह से विभिन्न पार्टियों के नेताओं, कार्यकर्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पूर्व सैनिक एवं कर्मचारियों का जमावड़ा लगा रहा। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान की मौजूदगी में सभी नवांगतुक सदस्यों को पार्टी का पटका और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

इस दौरान शामिल होने वाले जिलों के अध्यक्ष के साथ विधायक खजान दास, मदन कौशिक, प्रेमच. ंद अग्रवाल, शक्ति लाल शाह, दुर्गेश्वर लाल, राजकुमार पोरी, अनिल नौटियाल, भोपाल राम टम्टा और सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र नेगी, प्रदेश प्रवक्ता कमलेश रमन भी उपस्थित रहे।

## इन जनप्रतिनिधियों ने ली सदस्यता

रविवार को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों मे प्रमुख रूप से पौड़ी विधानसभा से नगर पालिका अध्यक्ष हिमानी नेगी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पौड़ी केशर सिंह नेगी, सभासद प्रदीप, दिनेश सिंह, सुमित्रा देवी, सूरज सिंह, शुभम पूर्व ब्लॉक प्रमुख दीपक कुकसाल, ज्येष्ठ प्रमुख संजय पटवाल, क्षेत्र पंचायत रघुवीर सिंह, प्रधान धीरज, प्रधान मोहन व क्षेत्र पंचायत सदस्य श्री अरविंद शामिल थे। चमोली जिले से महिला काँग्रेस की प्रदेश महामंत्री रेणु नेगी , देवाल के ब्लॉक प्रमुख तेजपाल सिंह रावत , सदस्य जिला पंचायत बलवीर राम सभासद पूर्णानंद डिमरी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की ।

विधानसभा उत्तरकाशी और पुरोला से प्रधान बलबीर सिंह रावत, सेवा. निवृत्त डिप्टी रेंजर महेश रावत, सेवानिवृत्त कैप्टन हरिकिशन रावत, सुरजन सिंह रावत प्रधान, महेंद्री पवार प्रधान, जगमोहन सिंह चौहान, डीपीएस भंडारी प्रधान, जयप्रकाश चौहान अध्यक्ष प्रधान संगठन, क्षेत्र पंचायत सदस्य सुनील लाल इस्मत लाल प्रमुख नामों में रहे।

कर्णप्रयाग और थराली विधानसभा से श्री सुरेंद्र सिंह नेगी पूर्व प्रधान, ग्राम प्रधान पूर्व कैप्टन श्री विक्रम सिंह रावत, सूबेदार बलवंत सिंह बिष्ट, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य श्रीमती रेणु नेगी प्रदेश महासचिव महिला कांग्रेस, राकेश फर्स्वाण टैक्सी यूनियन अध्यक्ष, भारत सिंह बिष्ट, शैलेंद्र, सत्येंद्र सिंह रावत, सभासद संपूर्णानंद आदि प्रमुख रहे। वहीं घनसाली विधानसभा से प्रियंका देवी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, ओम प्रकाश व्यास पूर्व प्रधान, शंकर लाल पूर्व जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य रामप्रकाश राणा, उर्मिला राणा, संतोष रावत ग्राम प्रधान, ग्राम प्रधान बच्चन सिंह बिष्ट, भारत सिंह पवार, टिहरी विधानसभा से प्रभादेवी, कृष्ण कृष्ण भंडारी सभासद नगर पालिका टिहरी अपने समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल हुए। ऋषिकेश विधानसभा से पार्षद माधवी गुप्ता, रूपेश कुमार गुप्ता, रोशन लाल, मनोज कुमार, विश्वजीत, श्याम गुप्ता, भारत गर्ग, शुभम गुप्ता, सुभाष जायसवाल, जितेंद्र जायसवाल, बाबूराम शर्मा और धर्मपुर विधानसभा से सचिन अहलूवालिया, नीलू नेगी, अनिल कंबोज, यशोदा रावत, नितिन रावत अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में विश्वास जताया। रुड़की विधानसभा से पार्षद मनोज कुमार, पूर्व पार्षद हेमा बिष्ट, छात्र संघ अध्यक्ष सत्यम कुमार, तरुण बिरला सचिव एनएसयूआई, शिवानी उपाध्यक्ष एनएसयूआई, वरुण कुमार मंडल उपाध्यक्ष बसपा, नवल जोशी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष यूकेडी, सुजल मितवा अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन, डॉ जयपाल सैनी पूर्व सभासद, रमेश चंद सैनी पूर्व सभासद, प्रधान नरेश धीमान, विभोर धीमान प्रमुख रहे। वहीं राजपुर विधानसभा से अनिल, अनमोल कुमार, अमन राय, उदित अग्रवाल, सुनील राणा, मेनका बहल, नरेश चमोली, संतोषी देवी, श्रीमती संगीता देवी, सुनील सोनकर, संजय चौधरी, बॉबी कुमार, सनी अटवाल, विशाल बिरला, अभिषेक नौटियाल, भूपेंद्र शामिल हुए। इसी तरह कोटद्वार से रीमा चौहान, गजेंद्र चौहान, नितिन चौहान, अनुराग रावत, अरुण नेगी, प्रदीप नेगी, अमन रावत, आशु रावत, रंजन नेगी, सुनील विश्वकर्मा, सोहन सिंह, सरोज देवी, संजय बिष्ट, बीना देवी प्रमुख रहे। हरिद्वार विधानसभा से गौरव भाटिया अनुज शर्मा, अनिल शर्मा, मुकेश कुमार, मोहन चंद प्रमुख नाम रहे।

## रोड कटिंग की सभी अनुमतियां निरस्त मशीनों को जब्त करने के आदेश

**देहरादून** द्यशहर की सड़कों को खोदकर लावारिस छोड़ने वाली कार्यदायी संस्थाओं पर जिला प्रशासन ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। बार-बार चेतावनी और जुर्माने के बावजूद सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने पर प्रशासन ने शहर में चल रही समस्त रोड कटिंग अनुमतियों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है।सभी संस्थाओं को 24 घंटे के भीतर निर्माण साइट से अपनी मशीनरी और सामग्री हटाने के निर्देश दिए गए हैं।पीडब्ल्यूडी और एनएच के अभियंताओं को रोस्टर ड्यूटी पर लगाकर 10 दिनों के भीतर सभी सड़कों को पूर्व स्थिति में लाने (रिपेयर करने) का लक्ष्य दिया गया है।यदि आदेश के बाद भी कहीं काम चलता पाया गया, तो पुलिस अधीक्षक (यातायात) को मशीनरी जब्त करने और दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## सीएम ने उत्तराखंड क्रिकेट टीम को रणजी सेमीफाइनल में पहुंचने पर दी बधाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ कहा - यह उपलब्धि राज्य के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर

**देहरादून।**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड की क्रिकेट टीम को पहली बार रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि राज्य के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और इससे प्रदेश के खिलाड़ियों का मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन को भी इस सफलता में उनके निरंतर प्रयासों और योगदान के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने बेहतर टीमवर्क, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। धामी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खेलों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है तथा खिलाड़ियों के लिए आधुनिक खेल सुविधाओं का विकास किया जा रहा है, ताकि प्रदेश के युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड का नाम रोशन कर सकें।मुख्यमंत्री ने सेमीफाइनल मुकाबले के लिए टीम को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उत्तराखंड की टीम सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में प्रवेश करेगी और राज्य का गौरव बढ़ाएगी।

## दो दिवसीय कुमाऊँ दौरे पर रहेंगे कैबिनेट मंत्री जोशी



**देहरादून।** सूबे के कृषि, ग्राम्य विकास एवं सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी सोमवार से दो दिवसीय कुमाऊँ दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे अल्मोड़ा एवं उधमसिंह नगर जनपद का भ्रमण करेंगे।

काबीना मंत्री दौरे के प्रथम दिवस अल्मोड़ा में केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर मीडिया से संवाद करेंगे तथा इसके बाद वे रुद्रपुर पहुंचकर कृषि विभाग की समीक्षा बैठक लेंगे। मंगलवार को काशीपुर में विकसित भारत जीरामजी की कार्यशाला को सम्बोधित करेंगे और इसी विषय पर पत्रकार वार्ता भी करेंगे। यह जानकारी कैबिनेट मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी ने दी।

# अंकिता भंडारी को न्याय के लिए हुई महापंचायत

■ महापंचायत में शामिल लोगों ने हत्याकांड की जांच सीबीआई से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराए जाने की मांग उठाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए अंकिता न्याय यात्रा संयुक्त संघर्ष मंच ने राजधानी देहरादून के परेड ग्राउंड के बाहर महापंचायत की। महापंचायत में कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के घटक दलों के अलावा राज्य आंदोलनकारियों समेत सामाजिक और जन सरोकारों से जुड़े संगठन शामिल हुए।

महापंचायत में पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉ सत्यनारायण सचान ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर धामी अंकिता मामले की सीबीआई जांच पर्यावरणविद की एफआईआर को आधार बनाकर करवा रहे हैं, जबकि सीबीआई जांच उस व्यक्ति की तहरीर पर नहीं बल्कि अंकित के माता-पिता की तहरीर के आधार पर होनी चाहिए। यह जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने साक्ष्य मिटाये, उनको भी सीबीआई जांच की परिधि में लाया जाए।

सचान ने कहा जिन्होंने वसंत विहार थाने में अंकिता केस मे तहरीर दी है, उनका कोई संबंध अंकिता के परिवार से नहीं है, और ना ही वह किसी आंदोलन में नजर आए। इसलिए उनकी भी जांच होनी चाहिए। उनके मोबाइल की भी जांच की जानी चाहिए कि उनकी इस संबंध में किससे बातें हुई है।

इस मामले में अंकिता न्याय यात्रा संयुक्त संघर्ष मंच के सदस्य मोहित डिमरी ने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में इसकी सीबीआई जांच चाहते हैं।

महापंचायत में कहा गया कि पर्यावरणविद की तहरीर के आधार पर जांच नहीं होनी चाहिए. इस मामले की सीबीआई जांच अंकिता भंडारी के माता-पिता की तरफ से दी गई तहरीर के आधार पर की जानी चाहिए। अंकिता हत्याकांड में सजायाफ्ता लोगों के केस के तहत अग्रिम जांच होनी चाहिए।

महापंचायत में शामिल हुए भाकपा माले के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि 3 साल बाद विलंबित जांच हो रही है।

इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि महाप. ंचायत में सभी ने एक स्वर में अंा. कता हत्याकांड की जांच सीबीआई से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराये जाने की मांग उठाई है।सीबीआई जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में नहीं करवाई जा रही है। उनका कहना है कि जिनकी शिकायत पर यह सीबीआई जांच की जा रही है, उनका इस पूरे प्रकरण से कोई लेना-देना नहीं है।

महापंचायत के प्रस्ताव: - पंद्रह दिनों के भीतर यदि पीड़ित परिवार की शिकायत आगे नहीं बढ़ी तो महापंचायत होगी, राष्ट्रपति से मुलाकात होगी।
- अंकिता के माता-पिता के शिकायती पत्र को ही सीबीआई जांच के लिए शिकायती पत्र माना जाए।
- भाजपा नेता को जांच के दायरे में लाया जाए और निष्कासित किया जाए।

# मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना सर्वोच्च प्राथमिकता : जोशी

■ जोशी ने देहरादून में किया विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को देहरादून के वार्ड 05 धोरणखास में करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित होने वाली विभिन्न जनहितकारी विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन योजनाओं की कुल लागत लगभग 1.50 करोड़ है।इस अवसर पर काबीना मंत्री जोशी ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के संकल्प के साथ कार्य कर रही है तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से स्थानीय नागरिकों को बेहतर सड़क, पेयजल, जल निकासी, सौंदर्यीकरण एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

## इन योजनाओं का हुआ लोकार्पण एवं शिलान्यास

- जलसंस्थान द्वारा राजेश्वर नगर फेज 1 में नलकूप निर्माण (90.15 लाख), एमडीडीए द्वारा राजेश्वर नगर फेज 1 में सामुदायिक भवन का निर्माण (30.12 लाख) सहित विधायक निधि से निर्मित होने वाले माडर्न राजकीय प्राथमिक विद्यालय में टिन शेड एवं कक्ष निर्माण (14.60 लाख), मंदाकिनी विहार ब्लॉक सी में सामुदायिक भवन निर्माण (12. 58 लाख)।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने बताया कि क्षेत्र में स्वीकृत परियोजनाओं के अंतर्गत सड़क निर्माण एवं मरम्मत, नाली निर्माण, सामुदायिक सुविधाओं का विकास तथा अन्य जनोपयोगी कार्य किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने वार्ड में सीवर लाइन निर्माण एवं पूर्व सैनिक भवन निर्माण के लिए भी घोषणा की।

कार्यक्रम के दौरान राजेश्वर नगर जनकल्याण समिति के पदाधिकारियों, स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने कैबिनेट मंत्री का स्वागत करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर पार्षद अल्पना राणा, सुरेन्द्र राणा, निरंजन डोभाल, आशीष थापा, अनुज कौशल, सूर्य प्रकाश फरासी, महानगर उपाध्यक्ष ओम कक्कड़, संजय नौटियाल, भूपेन्द्र सोलंकी, अजय कार्की, सोसाइटी के अध्यक्ष सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# नड्डा की मौजूदगी में होगी नई भाजपा प्रदेश कोर कमेटी की पहली बैठक: भट्ट

■ संगठनात्मक गतिविधियों और 27 की चुनावी रणनीति पर होगा विचार ,प्रत्याशी चयन पर भाजपा स्पष्ट , जीत की संभावना होगी आधार: भट्ट



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि नई संगठनात्मक रचना के बाद भाजपा प्रदेश कोर कमेटी की पहली बैठक 14 फरवरी को पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में होने जा रही है। जिसमें पार्टी गति. विधियों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति और सरकारी उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने की कार्ययोजना पर विमर्श किया जाएगा। वहीं सर्वे रिपोर्ट के आधार पर चर्चा हो रही है और सभी को अपनी विधानसभा में फोकस करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही स्पष्ट किया कि प्रत्याशी चयन का आधार, जीत की संभावना ही रहने वाला है।

पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बात. चीत करते हुए उन्होंने जानकारी दी कि सांगठनिक टीम के गठन के बाद नई प्रदेश कोर कमेटी की बैठक 14 फरवरी को होगी। जिसमें पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रसाद नड्डा के मार्गदर्शन में आगामी राजनीतिक चुनौतियां एवं सांगठनिक प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि बैठक में पार्टी के वर्तमान और भविष्य में शुरू होने वाले कार्यक्रमों की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। जिसमें संगठन की गति. विधियों के साथ, किस तरह केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां को भी समाहित किया जाए, इस पर चर्चा होगी। साथ ही चुनावी वर्ष को देखते हुए, जनता के मध्य डबल इंजन सरकार के कार्यों को पहुंचाने हेतु विधानसभा स्तर पर विकास रथ चलाए जाने भी प्रस्तावित हैं। उनके संदर्भ में रूपरेखा तैयार करने और जिम्मेदारियां निश्चित करने पर भी अंतिम विमर्श किया जाएगा। इसी तरह 2027 के चुनाव से पहले किन मुद्दों और किस तरह जनता के मध्य पार्टी अपनी बात पहुंचनी है, उसकी रणनीतिक तैयारियों को भी फाइनल किया जाना है।

## विपक्ष की महापंचायत को बताया फ्लॉप

महापंचायत को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में, इसे पूरी तरह से मुद्दों और संख्या की दृष्टि से फ्लॉप करार दिया। उन्होंने कहा कि जिन मुद्दों को लेकर सरकार पीड़ित परिवार की भावना अनुसार कार्रवाई कर चुकी है उस पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदेश की जनता ने देखा कि सामाजिक आंदोलन की आड़ में किस तरह वहां राजनीतिक पार्टी के झंडों में होड़ मची थी। वही आम लोगों की भागीदारी पर बात करें तो सामान्य जनता ने इससे पूरी तरह दूरी बनाई हुई थी। पंचायत में जितने लोगो ने शिरकत की उससे कई अधिक विपक्षी लोग तो आज भाजपा में शामिल होने पार्टी मुख्यालय पहुंचे थे। जनता विपक्ष की चुनावी राजनैतिक प्रपंच को अच्छी तरह देख समझ रही है और 27 के चुनाव में फिर से करारा सबक सिखाएगी।

# ओणेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर लगेगा भव्य मेला, मुख्यमंत्री को भेजा गया न्योता

■ तीन दिवसीय मेले की तैयारियों में जुटी मंदिर समिति, बिजली-पानी और सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन को लिखा पत्र ,जिला पंचायत सदस्य ने मंदिर की सफाई के लिए दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर जनपद के पट्टी ओण स्थित प्रसिद्ध ओणेश्वर महादेव मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ने को तैयार है। मंदिर समिति ने यहां आयोजित होने वाले ऐतिहासिक तीन दिवसीय मेले की तैयारियां जोरदृशोर से शुरू कर दी हैं। मेले को भव्य और दिव्य स्वरूप देने के लिए समिति ने कमर कस ली है और इस बार आयोजन के उद्घाटन के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। मंदिर समिति का प्रयास है कि इस धार्मिक आयोजन में सरकार और प्रशासन की भागीदारी से क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयां मिलें।मंदिर समिति के अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद भट्ट ने आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 15 फरवरी से 17 फरवरी तक चलने वाले इस तीन दिवसीय मेले के सफल संचालन के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखने के लिए संबंधित विभागों को पत्र प्रेषित कर दिए गए हैं। समिति ने प्रशासन से आग्रह किया है कि मेले के दौरान व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखी जाएं ताकि दूरदृदराज से आने वाले शिव भक्तों को दर्शन और जलाभिषेक में सहूलियत मिल सके।

मेले में उमड़ने वाली भारी भीड़ और यातायात व्यवस्था को लेकर भी मंदिर समिति ने पहले ही सतर्कता बरती है। अध्यक्ष ने बताया कि महा. शिवरात्रि के पर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करने और मेले का आनंद लेने पहुंचते हैं, जिससे अक्सर आवाजाही प्रभावित होती है और जाम की स्थिति बन जाती है। इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने थाना अध्यक्ष लंबगांव को पत्र लिऽकर मेले में शांति व्यवस्था बनाए रऽने और ट्रैफिक को सुचारू रऽने हेतु अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने की मांग की है।

# अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने महापंचायत में पहुंचे कांग्रेसी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** परेड ग्राउंड में आयोजित अंकिता भंडारी न्याय महापंचायत में रविवार को कई दिग्गज कांग्रेसी शामिल हुए।

चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय मुख्य संरक्षक और कांग्रेस प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, वरिष्ठ कांग्रेस उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजपाल बिस्ट, हरीश रावत के सलाहकार सुरेंद्र कुमार, कांग्रेस की वरिष्ठ प्रवक्ता गरिमा दसौनी, पूर्व राज्य मंत्री मनीष नागपाल, रघुवीर बिष्ट, प्रदेश कांग्रेस सचिव मनीष, कांग्रेस नेता सुदीप घिल्डियाल, समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं ने इस पंचायत में शिरकत की। धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि कांग्रेस अंकित भंडारी के मुद्दे को 16 फरवरी को देहरादून में होने वाली रैली में भी वेंचर कर उठेगी। उन्होंने कहा अंकित भंडारी का मामला उत्तराखंड की जनता की आन बान शान से जुड़ा हुआ है इस मामले में जब तक दोषियों को सजा नहीं मिल जाती और दिवंगत उत्तराखंडी बेटी की आत्मा को शांति नहीं मिल जाती जब तक कांग्रेसी चुप नहीं बैठेंगे।

# दून चैलेंजर्स को हराकर ग्राफिक एरा एफसी बनी चैंपियन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सर्वगुण ज्ञानोदय ट्रस्ट की ओर से आयोजित तृतीय द ग्रेट स्वामी विवेकानंद मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट में ग्राफिक एरा एफसी ने अतिरिक्त समय दागे दो गोल की बदौलत दून चौलेंजर्स को 2-0 से हराकर खिताब कब्जाया।

पवेलियन ग्राउंड में चल रहे टूर्नामेंट में रविवार को दून चौलेंजर्स व ग्राफिक एरा एफसी के बीच फाइनल खेला गया। कांटे की टक्कर वाले मुकाबले ने फुटबॉल प्रेमियों को बांधे रखा। दोनों टीमों ने आक्रामक खेलते हुए एकदूसरे की रक्षापंक्ति को उलझाए रखा। हालांकि पहले हॉफ में किसी को भी गोल करने में सफलता नहीं मिली। मध्यांतर के बाद में खेल बराबरी का चला। 83वें मिनट में ग्राफिक एरा एफसी के स्ट्राइकर बतिस्ता ने विपक्षी रक्षापंक्ति को भेदते हुए गोल दाग टीम को 1-0 से आगे कर दिया। 91वें मिनट केसी ने गोल कर ग्राफिक एरा एफसी को 2-0 से जीत दिला दी।



समापन पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल व विशिष्ट अतिथि प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने विजेता व उपविजेता टीमों को क्रमश: 51 हजार व 31 हजार रुपये का नकद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर अतिथि के रूप में एसपी सिंह, हरीश अरोड़ा, उमा शुक्ला, शुभेंदु वर्धन, रक्षेंदु वर्धन, मुनीजा मुश्ताक, हरीश खनकरियाल, पदम सिंह थापा, ट्रस्ट के अध्यक्ष राहुल रावत, अंकुर राणा, विकास कुशवाहा, वैभव भारद्वाज, वरुण, अतुल रावत, ललित पुंडीर, जोनेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

ये रहे खास मैन ऑफ द मैच- बतिस्ता, ग्राफिक एरा एफसी,बेस्ट डिफेंडर-राजीव पंवार, दून चौलेंजर्स ,बेस्ट गोलकीपर- ब्यूटरश, ग्राफिक एरा एफसी ,बेस्ट स्कोरी-अक्षय राज, दून चौलेंजर्स


बेस्ट मिडफील्डर भुवन, दून चौलेंजर्स

# केदारनाथ धाम में भारी बर्फबारी के बीच अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था

**■ विषम परिस्थितियों में भी डटे उत्तराखंड पुलिस और आईटीबीपी के जांबाज जवान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**केदारनाथ ( रुद्रप्रयाग )।** विश्व प्रसिद्ध श्री केदारनाथ धाम में इन दिनों हो रही भारी बर्फबारी ने सम्पूर्ण मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र को बर्फ की सफेद चादर से ढक दिया है। चारों ओर बर्फ, शून्य से नीचे तापमान और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद धाम की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद है। शीतकाल के दौरान भी उत्तराखंड पुलिस और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस



(आईटीबीपी) के जवान पूरी मुस्तैदी और प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। लगातार हो रही बर्फबारी के कारण सामान्य जनजीवन ठप है, वहीं केदारनाथ धाम तक पहुंचने वाले मार्ग और परिसर अत्यधिक चुनौतीपूर्ण हो गए हैं। ऐसे में सुरक्षा की जिम्मेदारी निभा रहे जवानों के सामने मौसम के साथ-साथ कठिन भौगोलिक परिस्थितियां भी बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। बावजूद इसके, जवानों के हौसले बुलंद हैं और वे 24 घंटे ड्यूटी पर तैनात रहकर धाम की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं।

पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। मंदिर परिसर, आस-पास के संवेदनशील क्षेत्रों और प्रमुख स्थलों पर जवानों की तैनाती की गई है। बर्फबारी के बीच निरंतर गश्त कर किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां पुख्ता रखी गई हैं। धाम की सुरक्षा को लेकर उत्तराखंड पुलिस और आईटीबीपी के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है, जिससे सुरक्षा घेरे को और अधिक मजबूत बनाया जा सके।

कड़कती ठंड और हाड़ कंपा देने वाले मौसम में भी जवानों की सतत निगरानी जारी है। मंदिर परिसर सहित सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर चौकसी बढ़ा दी गई है। आधुनिक संचार माध्यमों और नियमित पेट्रोलिंग के जरिए हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। प्रशासन का उद्देश्य स्पष्ट है कि शीतकाल के दौरान भी केदारनाथ धाम की पवित्रता, सुरक्षा और व्यवस्था में कोई कमी न आने पाए।

केदारनाथ धाम में तैनात जवान न केवल सुरक्षा प्रहरी की भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि प्रतिकूल परिस्थितियों में कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन का उदाहरण भी प्रस्तुत कर रहे हैं। बर्फीले तूफानों और अत्यधिक ठंड के बीच उनकी सेवा भावना श्रद्धालुओं और आम जनमानस के लिए प्रेरणास्रोत है।

पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे ने स्पष्ट किया कि मौसम की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी संसाधनों को तत्परता से तैनात किया जाएगा। केदारनाथ धाम में इस समय भले ही शांति और सन्नाटा हो, लेकिन सुरक्षा के मोर्चे पर जवानों की सतर्कता धाम को हर परिस्थिति में सुरक्षित बनाए हुए है।

# योगी आदित्यनाथ जल्द आएंगे टिहरी घंटाकर्ण धाम में चढ़ाएंगे आस्था का घंटा

**■ नरेंद्रनगर के क्वीली डांडा स्थित घंटाकर्ण मंदिर समिति ने पौड़ी में की यूपी सीएम से मुलाकात**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही टिहरी जनपद के भ्रमण पर आ सकते हैं। नरेंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पट्टी क्वीली डांडा में स्थित प्रसिद्ध घंटाकर्ण धाम के दर्शन के लिए उन्हें आमंत्रित किया गया है। यह आमंत्रण मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद पौड़ी आगमन के दौरान उनसे शिष्टाचार भेंट करते हुए दिया। इस मुलाकात के दौरान मंदिर समिति ने मुख्यमंत्री को भगवान घंटाकर्ण का स्मृति चिन्ह भेंट किया और उनसे धाम पधारने का आग्रह किया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया है।

घंटाकर्ण मंदिर समिति के अध्यक्ष विजय प्रकाश विजल्वाण ने बताया कि पौड़ी प्रवास के दौरान जब प्रतिनिधिमंडल ने योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की, तो उन्होंने न केवल आमंत्रण स्वीकार किया बल्कि अपनी आस्था भी प्रकट की। मुख्यमंत्री ने संकल्प व्यक्त किया है कि वे जल्द ही घंटाकर्ण धाम पहुंचेंगे और वहां भगवान को घंटा अर्पित करेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के इस आश्वासन से क्षेत्र में खुशी की लहर है और माना जा रहा है कि उनके आगमन से इस पौराणिक धाम को नई पहचान मिलेगी और धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस शिष्टाचार भेंट के दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष विजय प्रकाश विजल्वाण के साथ मंडी समिति के निवर्तमान अध्यक्ष बीर सिंह रावत, बिहारी लाल गैरोला, अशोक विजल्वाण, सुशांत गैरोला, दीपक विजल्वाण और श्याम लाल गैरोला भी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री द्वारा व्यस्त समय में से मुलाकात के लिए समय निकालने और आमंत्रण स्वीकार करने पर उनका आभार व्यक्त किया। समिति का कहना है कि वे मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर अभी से उत्साहित हैं और उनके स्वागत के लिए भव्य तैयारी की जाएगी।

# सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध : जोशी

**■ राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के 29वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के 29वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री जोशी ने राष्ट्रीय वाल्मीकि समाज



के योगदान को सराहते हुए कहा कि यह समाज सदैव सेवा, समर्पण और संघर्ष का प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। समाज के उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर सरकार में दायित्वधारी भगवत प्रसाद मकवाना, राजपुर रोड के विधायक खजानदास, भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, डॉ बबीता सहोत्रा, मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रुद्रप्रयाग में गरजा हिंदू एकता का स्वर

**■ भव्य हिंदू सम्मेलन में समाज के रक्षक हुए सम्मानित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** सनातन धर्म की रक्षा, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और हिंदू समाज की संगठित शक्ति के प्रदर्शन के रूप में जनपद मुख्यालय रुद्रप्रयाग में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सनातन धर्म हिंदू सम्मेलन समिति के सहयोग से हुए इस आयोजन ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि हिंदू समाज अब अपनी परंपराओं और संस्कृति के संरक्षण के लिए एकजुट होकर निर्णायक भूमिका निभाने को तैयार है। सम्मेलन में आगामी सौ वर्षों के लिए हिंदू समाज के "पंच परिवर्तन" के संकल्प को दोहराते हुए सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और संगठन की मजबूती पर खुलकर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि हिंदू समाज की शक्ति उसकी एकता में निहित है और विघटन ही सबसे बड़ा खतरा है।

मुख्य वक्ता कोटेश्वर पीठ के महंत शिवानंद गिरी, केंद्रीय विश्वविद्यालय की शिक्षाविद् डॉ. कविता भट्ट तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख सुनील जी ने मंच से समाज को स्पष्ट संदेश दिया कि परंपरा, संस्कार और संस्कृति की रक्षा के लिए प्रत्येक हिंदू को सक्रिय होना होगा। कार्यक्रम संयोजक आचार्य दीपक नौटियाल ने कहा कि हिंदू धर्म केवल आस्था नहीं, बल्कि जीवन पद्धति है, जिसकी रक्षा सामूहिक दायित्व है। कार्यक्रम का सशक्त संचालन एकल अभियान के संभाग प्रमुख कालका प्रसाद सेमवाल ने किया। सम्मेलन के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अनुकरणीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। संयुक्त परिवार की परंपरा को सहेजने वाली विशेश्वरी देवी नौटियाल, फौंदी देवी, यशोदा देवी, सुलोचना भंडारी, गौ सेविका शाकंबरी देवी, मुन्नी नौटियाल, पर्यावरणविद् जगत सिंह 'जंगली', हिंदू नाई ठाकुर नरेश एवं प्रवीण को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया।

## एक नजर .......

### एनआईटी में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान उत्तराखंड के भौतिकी एवं गणित विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित प्रथम अंतर्राष्ट्रीय एवं सप्तम राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हुआ। रिसेंट एडवांसमेंट इन फिजिकल साइंस विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि आईआईटी बीएचयू मुख्य अतिथि प्रो. एसके पांडे ने अनुसंधान, नवाचार तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। मौके पर डॉ. शशांक भाटरा एवं डॉ. जैवर्धन द्वारा बेस्ट पेपर अवार्ड की घोषणा की गई। इस मौके पर सम्मेलन के संयोजक डॉ. धर्मेन्द्र त्रिपाठी, प्रो. अवनीश कुमार, प्रो. मुकेश कुमार शर्मा सहित आदि मौजूद थे।

### बैठक में भंडारी के लिए मांगे वोट

**श्रीनगर।** बार काउसिंल ऑफ उत्तराखंड के चुनाव को ध्यान में रखते हुए बार एसोसिएशन श्रीनगर कि एक बैठक आहूत की गई। बैठक में अधिवक्ता समुदाय के हितों उनकी समस्याओं तथा भविष्य की कानूनी व्यवस्था में सशक्त प्रतिनिधित्व पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। मौके पर 17 फरवरी को होने वाले बार काउसिंल ऑफ उत्तराखंड के चुनाव में अधिवक्ता अर्जुन सिंह भंडारी को भारी मतों से जीताने का आह्वान किया। मौके पर बार एसोसिएशन श्रीनगर के अध्यक्ष प्रमेश जोशी, संरक्षक अनूपश्री पांथरी, कृष्णानंद मैठाणी, दीपक भंडारी, विवेक जोशी, प्रशांत नौटियाल, ब्रह्मानंद भट्ट प्रदीप मैठाणी, क्षेत्रपाल सिंह भंडारी सुबोध भट्ट कोषाध्यक्ष, देवी प्रसाद खरे सहित आदि मौजूद थे।

### भोजनमाताओं की लम्बित मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर रोष

**कीर्तिनगर।** भोजनमाताओं की लंबित मांगों पर कार्यवाही न होने पर रोष व्यक्त किया। रविवार को कीर्तिनगर में भोजनमाताओं की बैठक आहुत की गई। बैठक में भोजनमाताओं ने कहा कि 26 सालों की सेवा के बाद उनके मान सम्मान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए है। बैठक में वर्तमान में मिल रहे मानदेय को बढ़ाते हुए पूरे 12 महीनों का वेतन दिया जाने, भोजनमाता को पद से सेवानिवृत्त होने पर एकमुश्त सम्मानजनक धनराशि ग्रेच्युटी की तरह दिए जाने, विद्यालयों में बच्चों की संख्या कम होने के आधार पर भोजनमाताओं को न निकाला जाए, शिक्षकों की तर्ज पर भोजनमाताओं को भी अन्यत्र समायोजित किए जाने सहित वर्षों की सेवा को देखते हुए भविष्य सुरक्षित करने की नीति बनाई जाने की मांग की। भोजनमाताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि वे स्कूल की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, लेकिन सरकार उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। है। बैठक में जगदम्बी देवी सरोजनी देवी, रजनी देवी, सुदा देवी, राजो देवी, प्रभा देवी, पूनम देवी सहित ब्लॉक की दर्जनों भोजनमाताएं उपस्थित रहीं ।

# केदारनाथ धाम यात्रा 2026 धरातल पर उतरा प्रशासन

**■ सुरक्षा सुविधाओं को लेकर मार्ग दर मार्ग का सघन निरीक्षण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** आगामी केदारनाथ धाम यात्रा 2026 को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने की दिशा में जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है।

जिलाधिकारी प्रतीक जैन के निर्देश पर 7 एवं 8 फरवरी को केदारनाथ यात्रा मार्ग का विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का उद्देश्य यात्रा मार्ग की वास्तविक स्थिति का आंकलन कर



समय रहते जरूरी सुधारात्मक कार्य सुनिश्चित करना रहा। संयुक्त निरीक्षण दल में उपजिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल रावत, तहसीलदार ऊखीमठ, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार, अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड गुप्तकाशी सहित राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत वितरण, जल संस्थान, स्वास्थ्य, पुलिस, वन विभाग, पशुपालन, नगर पंचायत, बद्रीनाथ व केदारनाथ मंदिर समिति, जिला पंचायत, जीएमवीएन एवं सुलभ इंटरनेशनल सहित तमाम विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। जनप्रति. निधियों में ब्लॉक प्रमुख ऊखीमठ पंकज शुक्ला एवं प्रधान प्रतिनिधि गौरीकुंड ने भी निरीक्षण में सहभागिता निभाई। निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित संवेदनशील एवं संभावित जोखिम वाले स्थलों का चिन्हीकरण किया गया।

सहायक अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग पीडब्ल्यूडी को आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

गौरीकुंड स्थित तप्तकुंड क्षेत्र में चेंजिंग रूम, सुधारीकरण कार्य एवं मार्ग की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण करते हुए अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड गुप्तकाशी को त्वरित एस्टीमेट तैयार कर कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया।

# महापौर ने जन संवाद कर सुनी क्षेत्रवासियों की समस्याएं

**■ अधिकारियों को दिए समस्याओं के समाधान करने के निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर की महापौर आरती भंडारी ने वार्ड संख्या 40 बिल्केदार में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में शिरकत कर वार्डवासियों की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों ने वार्ड से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याएं महापौर के समक्ष रखीं, जिन पर गंभीरतापूर्वक चर्चा की गई। महापौर आरती भंडारी ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए वार्डवासियों को भरोसा दिलाया कि सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। महापौर आरती भंडारी ने कहा कि जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से जनता की बात सीधे सुनना हमारा उद्देश्य है। उन्होने कहा की जो समस्याएं आई हैं उनका समाधान किया जायेगा। मौके पर व्यापार सभा अध्यक्ष बिल्केदार बिपेंद्र सिंह बिष्ट, उत्तम सिंह कठैत, सेवानिवृत्त कैप्टन दिगंबर सिंह रावत, वीरेंद्र चौहान मौजूद थे।

# राजकीय इंटर कॉलेज गंगाऊ में आयोजित हुआ अफसर बिटिया कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत विकासखंड थलीसैंण के राजकीय इंटर कॉलेज गंगाऊ में अफसर बिटिया कार्यक्रम एवं करियर परामर्श का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी थलीसैंण कृष्णा त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपजिलाधिकारी ने छात्राओं को



संबोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य तय कर निरंतर मेहनत की जाए तो सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने छात्राओं से उनके भविष्य के लक्ष्य पूछे और उन्हें प्रेरित करते हुए संघ लोक सेवा आयोग तथा प्रांतीय सिविल सेवा परीक्षाओं की प्रक्रिया भी सरल शब्दों में समझाई। कार्यक्रम के अंतर्गत 'मेरे सपनों की उड़ान' विषय पर जूनियर एवं सीनियर वर्ग की छात्राओं द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कुल 35 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी पूजा गुसाईं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत, उद्देश्य एवं महत्व के बारे में जानकारी दी। थानाध्यक्ष ने छात्राओं को बाल लैंगिक अपराध संरक्षण अधिनियम-2012 तथा साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी।

### आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर नगर निगम का अभियान शुरू

**श्रीनगर।** शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और उससे उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए नगर निगम ने एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) अभियान शुरू किया। अभियान के तहत कुत्तों को पकड़कर एबीसी सेंटर ले जाया जाएगा, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में उनका बंध्याकरण किया जाएगा। नगर निगम के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक शशि पंवार ने जानकारी देते हुए बताया कि एबीसी सेंटर नवनिर्मित गौशाला के समीप स्थित है, जिसका हाल ही में विधिवत लोकार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि उपचार और पूर्ण रूप से स्वस्थ होने के बाद नियमानुसार कुत्तों को उसी स्थान पर वापस छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। बताया कि केंद्र में एक समय में 50 कुत्तों को रखने की क्षमता है। फिलहाल नगर निगम द्वारा आउटसोर्स के माध्यम से एक विशेषज्ञ पशु चिकित्सक और उनकी टीम की अस्थायी नियुक्ति की गई है। यह अभियान 15 दिन से लेकर एक माह तक चलाया जाएगा। महापौर आरती भंडारी ने कहा कि इस अभियान से नगर क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित होगी और आमजन को राहत मिलेगी। महापौर ने स्पष्ट किया कि यह अभियान पशु कल्याण से जुड़े सभी नियमों एवं दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए संचा. लित किया जा रहा है, ताकि किसी तरह की क्रूरता ना हो।

# श्रीनगर में 26 फरवरी को होगा हिंदू सम्मेलन

**■ गणेश भट्ट बनाए गए सम्मेलन के संयोजक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर में आगामी 26 फरवरी को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को भव्य एवं सफल बनाने के उद्देश्य से रविवार को आदिति पैलेस में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक राहुल ने बताया कि हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने के लिए 51 सदस्यों की एक व्यापक आयोजन समिति का गठन किया गया है। जिसमें संयोजक, सहसंयोजक, संरक्षक, सह-संरक्षक, कोषाध्यक्ष एवं सदस्य शामिल किए गए हैं। कहा कि यह सम्मेलन सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी होगा, जिसमें समाज के सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। बताया कि सम्मेलन को भव्य स्वरूप देने के लिए स्वयं सहायता समूह, कीर्तन मंडलियां, निरंकारी मिशन, वाल्मीकि समाज, अवकाश प्राप्त कर्मचारी संघ, व्यापार सभा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों का सहयोग लिया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से भाजपा पौड़ी के जिला महामंत्री गणेश भट्ट को हिंदू सम्मेलन का कार्यक्रम संयोजक नियुक्त किया गया। वहीं गिरीश पैन्यूली, डा. सुधीर जोशी, प्रमिला भंडारी, दिनेश असवाल एवं वासुद. ेव कंडारी को सह-संयोजक बनाया गया है।

हिमांशु अग्रवाल को कोषाध्यक्ष तथा शंकर मणि मिश्रा एवं संजय गुप्ता को सह-कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम संयोजक गणेश भट्ट ने बताया कि सम्मेलन की सफलता के लिए जिम्मेदारी सौपी गयी है।

# केदारघाटी के ऊखीमठ में गूंजा सनातन का उद्घोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रूद्रप्रयाग।** सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में ऊखीमठ में आयोजित भव्य हिन्दू सम्मेलन धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का सशक्त प्रतीक बनकर सामने आया। सम्मेलन के दौरान निकाली गई भव्य शोभायात्रा तथा विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। सम्मेलन में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में धर्माचार्य, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम स्थल वैदिक मंत्रोच्चार, जयघोष और भगवा ध्वजों से पूर्णतः धर्ममय वातावरण में परिवर्तित हो गया। सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन



एवं सामूहिक प्रार्थना के साथ किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता डॉ. सुशील कोटनाला ने सनातन धर्म की मूल अवधारणाओं, हिन्दू संस्कृति की गौरवशाली परंपरा और सामाजिक समरसता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हिन्दू समाज को संगठित होकर अपनी सांस्कृतिक पहचान, धार्मिक मूल्यों और नैतिक परंपराओं की रक्षा के लिए सजग और सक्रिय रहना अत्यंत आवश्यक है। आचार्य सुरेशानन्द गौड़ ने धर्मांतरण, सामा. जिक विघटन, पाश्चात्य प्रभाव और नैतिक मूल्यों में आ रही गिरावट जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा की। उन्होंने युवाओं से नशे, भटकाव और कुरीतियों से दूर रहकर धर्म, राष्ट्र और समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। साथ ही शिक्षा, सेवा और संस्कार को हिन्दू समाज की रीढ़ बताते हुए इनके संरक्षण पर बल दिया। केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि हिन्दू समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकता में निहित है। उन्होंने जाति, वर्ग और क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर समाज को एक सूत्र में पिरोने की आवश्यकता पर जोर देते हुए सनातन परंपराओं, मंदिरों की रक्षा, धार्मिक आयोजनों के संरक्षण और सामाजिक सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

सम्मेलन की अध्यक्षता ओंकारेश्वर मंदिर के प्रधान पुजारी टी. गंगाधर लिंग ने की। उन्होंने समाजहित में निरंतर कार्य करने, धार्मिक आयोजनों को सशक्त बनाने और आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान बनाने की आवश्यकता बताई। सम्मेलन आयोजक संदीप पुष्वाण ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में ऐसे आयोजनों को और व्यापक स्तर पर आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रधान जगदीश लाल ने किया। इस अवसर पर कनिष्ठ प्रमुख प्रदीप त्रिवेदी, केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, चारधाम तीर्थ पुरोहित समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष त्रिवेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष दलवीर नेगी, गजेंद्र चौधरी, डी.एस. पुजारी, सुरेंद्र दत्त नौटियाल, खंड कार्यवाहक प्रह्लाद पुष्वाण, विनोद सेमवाल, रमेश चंद्र सेमवाल, सभासद बलवीर पंवार, प्रधान मनवर नेगी, प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह नेगी मौजूद रहे।

# पीएम श्री राइंका दुआधार में वार्षिकोत्सव की धूम, पूर्व छात्रों ने ताजा की पुरानी यादें

**■ तीन दिवसीय मेले की तैयारियों में जुटी मंदिर समिति, बिजली-पानी और सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन को लिखा पत्र**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज दुआधार में वार्षिक उत्सव और पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन भव्यता और उत्साह के साथ किया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस रंगारंग कार्यक्रम में शिक्षा और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। छात्र छात्राओं ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से वहां उपस्थित जनसमूह और अतिथियों का मन मोह लिया। पारंपरिक लोक नृत्यों और गीतों के साथ साथ विद्यार्थियों ने समसामयिक विषयों पर भी अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता और विज्ञान एवं कौशल विकास प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें नन्हे वैज्ञानिकों ने अपनी रचनात्मकता और नवाचार का शानदार परिचय दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए ब्लॉक प्रमुख दीक्षा राणा ने छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए केवल किताबी ज्ञान ही काफी नहीं है, बल्कि एक चरित्रवान और अनुशासित नागरिक बनना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को नशे जैसी सामा. जिक बुराई से दूर रहने की नसीहत दी और कहा कि एक स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्र रहें और अनुशासित जीवन शैली अपनाएं। समारोह का एक भावुक पहलू पुरातन छात्र सम्मेलन रहा, जहां विद्यालय से पढ़कर निकले पूर्व छात्रों ने अपनी पुरानी यादें साझा कीं।

# 'विकल्प रहित संकल्प' के साथ सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को सरकार प्रतिबद्ध : सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को परेड ग्राउंड में सेवा संकल्प फाउंडेशन द्वारा आयोजित चार दिवसीय उत्तरायणी कौथिक महोत्सव के समापन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोक कलाकारों, साहित्यकारों, कला-प्रेमियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित जनता का स्वागत एवं अभिनंदन किया।


- मुख्यमंत्री धामी उत्तरायणी कौथिक महोत्सव के समापन कार्यक्रम में हुए शामिल,
- लोक संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में सेवा संकल्प फाउंडेशन की भूमिका की सराहना

मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा संकल्प फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह महोत्सव उत्तराखंड की समृद्ध लोक-सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का सराहनीय प्रयास है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से लोक संस्कृति को एक सूत्र में पिरोकर भावी पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सेवा संकल्प फाउंडेशन, इसकी संस्थापक श्रीमती गीता धामी एवं समस्त आयोजन समिति को साधुवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन राज्य की पहचान को और अधिक सशक्त करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन आयोजनों के माध्यम से लोक कलाओं, पारंपरिक वेशभूषा, हस्तशिल्प एवं कारीगरी को नजदीक से जानने और समझने का अवसर प्राप्त होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जागर, बेड़ा, मांगल, खुदेड़, छोपाटी जैसे लोकगीतों तथा छोलिया, पांडव और झोड़ा-छपेली जैसे लोकनृत्य उत्तराखंड की सांस्कृतिक आत्मा हैं, जिन्हें संरक्षित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने चार दिवसीय आयोजन में लगे स्टॉलों के माध्यम से पारंपरिक हस्तशिल्प, जैविक उत्पादों एवं उत्तराखंडी व्यंजनों के सुंदर प्रदर्शन की भी सराहना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण के साथ-साथ 'वोकल फॉर लोकल', 'मेक इन इंडिया', 'मेड इन इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' जैसी पहलों के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में उत्तराखंड सरकार द्वारा भी राज्य के समग्र विकास के लिए अनेक योजनाएं और नीतियां प्रभावी रूप से लागू की गई हैं।



## महोत्सव के माध्यम से उत्तराखंड की लोक संस्कृति को जीवंत रखने का कार्य : गीता धामी

सेवा संकल्प फाउंडेशन की फाउंडर ट्रस्टी श्रीमती गीता धामी ने कहा कि बीते 4 दिनों से इस महोत्सव के माध्यम से उत्तराखंड की लोक संस्कृति को जीवंत रखने का कार्य किया गया है। इस महोत्सव में उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति, पारंपरिक उत्पाद, जीवनशैली को सुंदर रूप में प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा इस महोत्सव का शुभारंभ शंखनाद से हुआ था। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन सभी की मेहनत का फल है। गीता धामी ने कहा कि उत्तरायणी कौथिक में पूरे राज्य से लोग आए। यह मात्र संस्था का नहीं बल्कि पूरे राज्य का आयोजन है। जिसमें पूरे राज्य से लोगों ने प्रतिभाग किया है। हमने इस कौथिक के माध्यम से पूरे राज्य की संस्कृति एक मंच पर दिखाया। उन्होंने कहा युवा पीढ़ी को इतिहास से जोड़ते हुए उनका भविष्य बनाना है।

# एक नजर .......

## सिंचाई विभाग पर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश

**देहरादून।** जनपद में निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। अपर तुनवाला क्षेत्र में सिंचाई विभाग की खुली नहर में एक बुजुर्ग के गिरकर चोटिल होने की घटना का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी सविन बंसल ने संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।अपर तुनवाला क्षेत्र में सिंचाई विभाग द्वारा पुरानी नहर की सफाई के लिए जगह-जगह से स्लैब हटाए गए थे। कोहरे के कारण मॉर्निंग वॉक पर निकले एक बुजुर्ग इन खुले स्लैब को नहीं देख पाए और नहर में गिरकर घायल हो गए। जिला प्रशासन की ञ्ज (क्विक रिस्पांस टीम) ने जांच में पाया कि कार्यस्थल पर सुरक्षा के लिए न तो बैरिकेडिंग की गई थी और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया था।सड़क कटिंग या निर्माण कार्य के दौरान लापरवाही पर ठेकेदारों और अधिकारियों के विरुद्ध सीधे आपराधिक मुकदमे दर्ज होंगे।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**देहरादून।** महिला एवं बाल अपराधों के प्रति कड़ा रुख अपनाते हुए दून पुलिस ने एक नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के चंगुल से युवती को सकुशल बरामद कर लिया है। क्षेत्राधिकारी सदर अंकित कंडारी ने बताया कि क्लेमेंटटाउन क्षेत्र के एक निवासी ने थाना क्लेमेंटटाउन में अपनी नाबालिग पुत्री की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी देहरादून के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। मुखबिर और युवती के दोस्तों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने आरोपी सुमतपाल निवासी टर्नर रोड युवक को आर्मी ग्राउंड, चंद्रबनी चौक के पास से दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने कानूनी कार्यवाही कर उसे जेल भेजा।

## हिन्दू सम्मेलन जैसे कार्यक्रम समाज को एकजुट करने का करते हैं कार्य: विधायक



**सहसपुर।** विधानसभा सहसपुर क्षेत्र के अंतर्गत झाझरा में आयोजित विशाल हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने सहभागिता की। सनातन धर्म, संस्कृति एवं सामाजिक एकता को समर्पित इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने सनातन परंपराओं के संरक्षण, सामाजिक समरसता एवं आपसी सहयोग को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति को इस सफल एवं अनुकरणीय पहल के लिए बधाई दी। विधायक ने कहा कि उनकी प्राथमिकता हमेशा क्षेत्र में सांस्कृतिक, सामाजिक और बुनियादी विकास को आगे बढ़ाने की रही है और भविष्य में भी जनभावनाओं के अनुरूप कार्य किए जाते रहेंगे। उनके सम्मेलन में पहुंचने से उपस्थित जनसमूह में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।

## ब्राइट एंजेल्स स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन

**विकासनगर।** ब्राइट एंजेल्स स्कूल जीवनगढ़ विकासनगर में कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय परिवार में अपनापन, स्नेह और संस्कारों की सुंदर झलक देखने को मिली। विदाई समारोह के दौरान कक्षा 11 के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने कक्षा 12 के छात्र छात्राओं का मन मोह लिया। छात्र छात्राओं द्वारा पेश किए गए गीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों ने खूब सराहा। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक कर्नल कादिर हुसैन व प्रधानाचार्य राना अलमास ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और छात्र छात्राओं को जीवन में निरंतर परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विदाई से पहले स्कूल ने अनुज राय को मिस्टर ब्राइट एन्जेल्स व योगेश्वरी को मिस ब्राइट एंजेल्स चुना गया। कार्यक्रम में खुशीराम जोशी, विनय गुप्ता, पंजाब सिंह, प्रशांत गुप्ता, तबस्सुम खान, दिव्या अग्रवाल, डा. बिना अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

## सीएम ने टीमा में जनप्रतिनिध्यिों व जनता से मुलाकात कर सुनी जनसमस्याएं

**खटीमा ।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने खटीमा भ्रमण के दूसरे दिन रविवार को कैंप कार्यालय लोहियाहेड व हेलीपेड में जनप्रतिनिधियों व जनता से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनी तथा समस्याओं का समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री ग्राम भगचुरी पहुंचे, जहां पर उन्होंने स्व मलकीत सिंह राणा के निधन एवं वीरेंद्र मौर्य की माता (स्व सुन्दरी देवी 92वर्ष) के निधन पर उनके आवास में पहुँचकर शोक संवेदना व्यक्त की एवं परिजनों को ढांढस बधाया व मृत आत्माओ की शान्ति कि कामना की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, अध्यक्ष नगर पालिका खटीमा रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री, अनिल कपूर अधिकारी व जनप्रतिनिधि,जनता उपस्थित थे।

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से बचना शर्मा ने की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** भाजपा की पूर्व मंडल उपाध्यक्ष बचना शर्मा ने नई दिल्ली में भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से रविवार को शिष्टाचार भेंट कर जौनसार-बावर क्षेत्र की जनहित से जुड़ी प्रमुख मांगों को लेकर एक प्रार्थना पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से उत्तराखंड राज्य के चकराता विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जौनसार-बावर एवं लाखामंडल क्षेत्र की समस्याओं की ओर रक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।



ज्ञापन में बताया गया कि विकासनगर से चकराता होते हुए त्यूनी तक जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर अवस्था में है। इस मार्ग पर पहाड़ी चट्टानों के गिरने से हर वर्ष बरसात के मौसम में जनहानि की घटनाएं होती रहती हैं तथा लंबे समय तक यातायात बाधित रहता है। इससे किसानों को अपनी नगदी फसलों के परिवहन में भारी नुकसान उठाना पड़ता है। अतः उक्त मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण एवं एक पुल का निर्माण अत्यंत आवश्यक बताया गया। इसके अतिरिक्त, लाखामंडल क्षेत्र में एक डिग्री कॉलेज की स्थापना की मांग रखी गई। वर्तमान में 12वीं कक्षा के बाद क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए देहरादून जाना पड़ता है, जिससे गरीब परिवारों के बच्चों को आर्थिक व सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि लाखामंडल में उप-तहसील खोली जाए, क्योंकि स्थानीय लोगों को तहसील संबंधी कार्यों के लिए चकराता तक लगभग 100 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। परिवहन की उचित व्यवस्था न होने के कारण निर्धन परिवारों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शिव मंदिर लाखामंडल, महासू मंदिर हनोल तथा केदार मंदिर भटाड़ को राष्ट्रीय धार्मिक स्थल घोषित करने की भी मांग रखी गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पांडव कालीन शिव मंदिर लाखामंडल अपनी अद्‌भुत शक्तियों के लिए प्रसिद्ध है, जहां दूर-दराज से श्रद्धालु दर्शन हेतु आते हैं तथा निरूसंतान दंपत्तियों को संतान प्राप्ति की मान्यता है।

इस अवसर पर भाजपा की पूर्व मंडल उपाध्यक्ष बचना शर्मा के साथ ओमप्रकाश, करणाल (भाजपा युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी), राजीव रावत (भाजपा संयोजक) सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बर्थडे पार्टी में खूनी संघर्ष, युवती का फटा सिर, पुलिस ने 3 आरोपियों को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।**राजधानी के पटेलनगर थाना क्षेत्र में एक कैफे के बाहर बर्थडे पार्टी के दौरान दो गुटों में हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। झगड़े में बीच-बचाव करने उतरी एक युवती के सिर पर करछी लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की और घटना में शामिल तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।मिली जानकारी के अनुसार, गत 4 फरवरी की रात गांधीग्राम निवासी माही पुत्री हरीश जेटली अपने दोस्तों के साथ चंद्रबनी चौक स्थित कैफे में बर्थडे पार्टी मनाने गई थी। इसी दौरान कैफे के बाहर पार्किंग से वाहन निकालने को लेकर दो पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी।

युवती माही और उसके साथियों ने जब झगड़ा शांत कराने का प्रयास किया, तो हाथापाई के दौरान अचानक एक भारी करछी युवती के सिर पर जा लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ी। युवती को घायल देख आरोपी मौके से फरार हो गए।घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पटेलनगर पुलिस बल मौके पर पहुँचा और घायल युवती को अस्पताल भर्ती कराया। युवती के भाई की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

विवेचना के बाद पुलिस ने दबिश देकर घटना में शामिल पंकज रावत (18 वर्ष) पुत्र राजेंद्र सिंह, निवासी- चंद्रबनी चौयला, हिमांशु (19 वर्ष) पुत्र भंवरन सिंह, निवासी- ब्रह्मपुरी (निकट शिव मंदिर) व सूरज राणा (19 वर्ष) पुत्र बहादुर सिंह राणा, निवासी- चंद्रबनी चौयला पटेलनगर तीन युवकों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की।

# सरस्वती कालेज में विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया



**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ विकासनगर में कक्षा 12 के छात्र छात्राओं के लिए शुभकामना एवं आशीर्वाद समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट, मुख्य अतिथि नरेंद्र तोमर, छत्रपाल सिंह, बाज सिंह दरवान सिंह तथा अन्य छात्र छात्राओं के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कक्षा 11जी के छात्र छात्राओं के द्वारा कक्षा 12जी के छात्र छात्राओं के सम्मान में संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गुलजार सिंह के द्वारा बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों को परीक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन भावुक होने का नहीं, बल्कि आप सबके अब तक के सफर का जश्न मनाने का है। इस विद्यालय की दीवारों के भीतर आपने जो अनुशासन और ज्ञान सीखा है, वह जीवन के हर मोड़ पर आपका मार्गदर्शन करेगा। कहा सफलता केवल अंकों से नहीं, बल्कि आपके चरित्र और आपकी मेहनत से मापी जाती है। दुनिया की भीड़ में अपनी एक अलग पहचान बनाइए और जहाँ भी जाइए, इस संस्थान का नाम रोशन कीजिए। उन्होंने छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंच संचालन अनुष्का, आरती तथा कनक ने किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# मुस्लिम शिक्षण संस्था को आवंटित 20 एकड़ भूमि में साफ हुई कांग्रेस की मंशाः चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने सहसपुर मे इस्लामिक शिक्षण संस्थान के लिए आबंटित भूमि को लेकर कांग्रेस की मंशा पर घेरेबंदी करते हुए सवाल किये है। पार्टी ने आशंका जतायी कि कहीं 2022 के चुनाव मे सुर्खियां बनी मुस्लिम यूनिवर्सिटी के लिए आबंटित जमीन से कनेक्शन तो नही था। कांग्रेस को इस पर स्थिति साफ करनी चाहिए। आबंटित भूमि मे ट्रस्ट का पता बहादुर शाह जफर मार्ग दिल्ली बताया गया है, जिसके अध्यक्ष डॉ महमूद असद मदनी हैं। उनका संबंध दारुल उलूम और जमीयत उलेमा ए हिंद से है। यह भूमि तत्कालीन सीएम नारायण दत्त तिवारी की कांग्रेस सरकार ने आबंटित की है।

पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि सीएम धामी प्रदेश मे लैंड जिहाद और प्रदेश की डेमोग्राफी चेंज होने की कोशिशों पर लगातार नजर बनाये हुए है और कड़े फैसले ले रहे हैं।

उन्होंने तत्कालीन कांग्रेस सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिरकार ऐसी क्या जरूरी था कि देश के प्रमुख रक्षा संस्थान की आपत्ति को दरकिनार कर आबंटन कर दिया गया। तत्कालीन काँग्रेस सरकार आबंटन को रद्द भी कर सकती थी। उन्होंने कहा कि पूर्व मे बोये गए बीजों के नतीजे अब बाहर निकलने लगे हैं। कोर्ट से भी राहत न मिलने पर अब वहाँ पर समुदाय विशेष को बसाने की योजना शुरू हो गयी है और यही तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले एवं प्रदेश की डेमोग्राफी परिवर्तित करने वाले षड्यंत्रकारी चाहते थे।

चौहान ने कहा कि आबंटित भूमि पर हुई प्लाटिंग मे जो छोटे छोटे प्लाट बिके है उनमे सभी समुदाय विशेष के हैं। वहीं हाई कोर्ट भी भूमि का लैंड यूज कृषि ही रखने का निर्देश पहले ही दे चुका है। उन्होंने कहा कि अब यह सवाल भी उभर कर सामने आया है कि वर्ष 2022 मे जिस मुस्लिम यूनिवर्सिटी का मुद्दा सुर्खियों मे आया था, क्या यह वही जमीन तो नही, क्योकि तब इसी क्षेत्र मे इस यूनिवर्सिटी को बसाने की बात सामने आयी थी।

उन्होंने कहा कि मामला सीएम के संज्ञान मे है और जल्दी ही जिला प्रशासन की रिपोर्ट के बाद कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की कारस्तानी से जनता वाकिफ है और उसे सबक सिखाने को तैयार है।

# मदरसा जमालुल कुरआन में 13 बच्चों को पहनाई गई दस्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मदरसा जमालुल कुरआन आजाद कॉलोनी देहरादून में इस्लाहे मुआशरा और दस्तारबंदी का एक रूहानी प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दीनी तालीम हासिल करने वाले 13 बच्चों को दस्तार पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रोग्रेसिव कमेटी की ओर से बच्चों को मेडल देकर उनकी हौसला अफजाई की गई।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जमीअत उलेमा-ए-हिंद, जिला देहरादून के अध्यक्ष

मौलाना अब्दुल मन्नान कासमी ने बच्चों और अभिभावकों को दीन की इताअत करने, समाज में फैल रही बुराइयों से बचने और आने वाले रमजान माह को पूरी संजीदगी, इबादत और तकवा के साथ गुजारने की तलकीन की। उन्होंने कहा कि दस्तार इल्म, अमल और अखलाक की जिम्मेदारी का प्रतीक है, जिसे निभाना हर तालिब-ए-इल्म का फर्ज है।

इस मौके पर फातिमा मस्जिद के इमाम व खतीब मौलाना मेहताब नदवी, मौलाना नफीस नदवी (मो. हतमिम, मदरसा जमालुल कुरआन), कारी वसीम अहमद, जमीअत के नगर अध्यक्ष मुफ्ती अयाज अहमद, जमीअत के जिला कोषाध्यक्ष मास्टर अब्दुल सत्तार, मौलाना मंजर आलम, मौलाना मोहम्मद आमिर, कारी साकिब, मौलाना रिजवान, मदरसा प्रबंधन समिति के सदर हाजी युनुस, हाजी शहजाद, तौसीफ खान, तनवीर खान, डॉ. मुईनुद्दीन, मोहम्मद सलीम अंसारी, मोहम्मद सलीम तथा जमीअत उलेमा-ए-हिंद उत्तराखंड के प्रदेश मीडिया प्रभारी मोहम्मद शाह नजर सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। अंत में दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। उपस्थित लोगों ने मदरसा जमालुल कुरआन की दीनी व तालीमी खिदमात की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को समाज सुधार के लिए बेहद अहम बताया।

# चकराता में पहली बार होने वाले विंटर कार्निवल को लेकर छावनी परिषद सक्रिय

**चकराता।** विधानसभा चकराता में प्रस्तावित विंटर कार्निवल को सफल बनाने के उद्देश्य से छावनी परिषद कार्यालय में अधिकारियों, आयोजकों एवं स्थानीय प्रतिनिधियों के बीच बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों, व्यवस्थाओं और आवश्यक सहयोग को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। छावनी कार्यालय स्थित केसरी चंद सभागार में आयोजित बैठक में विंटर कार्निवल के आयोजकों ने बताया कि चकराता में यह पहला अवसर है जब इस तरह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन से सहयोग की आवश्यकता जताई।

# बर्फबारी भी नहीं डिगा सका सेवाभाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जनपद देहरादून के जनजातीय क्षेत्र चकराता में इन दिनों कड़ाके की ठंड के साथ भारी बर्फबारी ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। अधिकांश क्षेत्रों में आवाजाही ठप है, लेकिन इन विषम परिस्थितियों में भी स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभा रही हैं।

त्यूणी ब्लॉक के अंतर्गत कथियान क्षेत्र के अत्यंत दुर्गम गांव डांगुठा और पटियूड में आशा कार्यकर्ता कई फिट जमी बर्फ और कड़ाके की ठंड के बीच घर-घर पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाएं दे रही हैं। वे नवजात शिशुओं की एचबीएनसी (गृह आधारित नवजात देखभाल) के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी कर रही हैं।



आशाएं गर्भवती महिलाओं के घर जाकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ले रही हैं और आवश्यक जांच सुनिश्चित कर रही हैं। जिन महिलाओं की प्रसव तिथि नजदीक है, उन्हें बर्फबारी के दौरान रास्ते बंद होने और परिवहन की समस्या को ध्यान में रखते हुए समय से पहले नजदीकी सरकारी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित हो सके और जच्चा-बच्चा को किसी प्रकार का खतरा न हो।

इस संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के ब्लॉक समन्वयक महावीर सिंह राणा ने आशा कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि बर्फीले और दुर्गम क्षेत्रों में भी आशा बहनें जिस समर्पण और साहस के साथ कार्य कर रही हैं, वह सराहनीय है। उनका उद्देश्य यही है कि इस कठिन मौसम में कोई भी गर्भवती महिला या नवजात शिशु आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। विभाग को उनकी सेवा भावना पर गर्व है।

### एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर भाजपा ने मेयर व पार्षदों का किया अभिनंदन

# सभी वार्डों का विकास करना ही प्राथमिकता : किरण जैसल

**सनातन संस्कृति के अनुरूप विकास करेगा नगर निगम : त्रिवेंद्र सिंह रावत**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मेयर किरण जैसल का एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर भाजपा की ओर से ऋषिकुल आयुर्वेदिक कालेज सभागार में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मेयर एवं भाजपा के 40 पार्षदों को सम्मानित किया गया। पूर्व नगर पालिका चेयरमैन राजकुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि हरिद्वार नगर निगम में ट्रिपल इंजन की सरकार द्वारा सनातन संस्कृति के अनुरूप विकास कार्य किए जाएंगे। विश्व प्रसिद्ध तीर्थ नगरी हरिद्वार को देश और दुनिया की आध्यात्मिक राजधानी बनाने के लिए जिन भी विकास कार्यों की आवश्यकता होगी। उसमें उनका पूर्णतया सहयोग रहेगा। मेयर किरण जैसल ने कहा कि एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान नगर निगम की जनता एवं पार्षदों का उन्हें पूरा सहयोग मिला है। जिसके लिए वे सभी का धन्यवाद करती हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम के समस्त 60 वार्डो का विकास करना उनकी प्राथमिकता है। जिसे पूरा करने के लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगी। हरिद्वार विधायक मदन कौशिक ने कहा कि आज हरिद्वार विश्व पटल पर अपनी एक अलग पहचान रखता है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भविष्य में जिन भी अतिरिक्त विकास कार्यों की आवश्यकता होगी। वह केंद्र और प्रदेश सरकार के सहयोग से पूरे किए जाएंगे। रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि 1 वर्ष पूर्व हरिद्वार नगर निगम की जनता ने जो जनादेश महापौर और पार्षदों को दिया था। जिससे विकास के नए आयाम स्थापित किए गए और हरिद्वार नगर निगम ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सह मीडिया प्रभारी विकास तिवारी ने किया। समारोह में व्यापारी नेता कैलाश केशवानी, जिला प्रदीप कालरा, प्रदेश के वरिष्ठ नेता विमल कुमार, सुशील त्यागी, पूर्व जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, बीजेपी जिला महामंत्री हीरा सिंह बिष्ट, सांसद प्रतिनिधि अनिल



सचिव विजय शर्मा, सुनील सेठी, राकेश गोयल संजय चोपड़ा, जगदीश लाल पाहवा, चेतन ज्योति आश्रम के महंत स्वामी ऋषिश्वरानंद, धर्मशाला समिति के महेश गौड़, ट्रेवल्स एसोसिशन के मुकेश मनोचा, पंचपुरी ऑटो महासंघ के सत्यनारायण शर्मा, कपिल विश्नोई, नवीन तेश्वर, राजेंद्र श्रमिक, विमल कुमार, शैलेश मोदी, चंद्रशेखर कुर्ल राकेश गोयल, सरदार हरमोहन सिंह बबली, भाजपा पुरी, राहुल अग्रवाल, अतुल वशिष्ठ, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रीति गुप्ता, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिनव चौहान, मंजू शर्मा, तरुण शुक्ला, रंजिता झा, विशाल राणा, विष्णु शर्मा, एडवोकेट राजकुमार, प्रेस क्लब महामंत्री दीपक मिश्रा, लघु व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय चोपड़ा, राहुल शर्मा, सुषमा चौहान, राजीव सैनी आदि शामिल रहे।

# एसपी सिटी ने कांवड़ ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को किया ब्रीफ

**अधिकारियों और कर्मचारियों को दिए लापरवाही नही बरतने और मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश**



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** महाशिवरात्रि का पर्व नजदीक आने के साथ ही कांवड़ लेने आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने लगी है। श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने के साथ कांवड़ मेले को सकुशल संपन्न कराने के प्रयासों में लगी पुलिस भी अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में जुट गयी है। कांवड़ मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन की और से सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मेला क्षेत्र को 9 जोन और 19 सेक्टर में बांटा गया है। पीएसी, आईआरबी, बीडीएस, एसडीआरएफ समेत तमाम यूनिटों को सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। रविवार को कमलदास कुटिया में कांवड मेला ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को ब्रीफ करते हुए कांवड़ मेला नोडल अधिकारी व एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह ने मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश दिए। गौतरलब है कि 2 फरवरी से शुरू हुई शारदीय कांवड़ यात्रा 15 फरवरी तक चलेगी। जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचेंगे। कांवड़ मेले के दौरान 7 पुलिस उपाधीक्षक, 4 निरीक्षक, 47 उपनिरीक्षक/ सहायक उपनिरीक्षक, सी./आई.आर.बी. की 3 कंपनी, 1 प्लाटून, 1 टीम बम निरोधक दस्ता,



160 पुरूष व 49 महिला हेडकांस्टेबल/ कांस्टेबल, यातायात पुलिस के 3 निरीक्षक और 15 उपनिरीक्षक, पी.ए. 16 जल पुलिसकर्मी/गोताखोर, एसडीआरएफ और वन विभाग की 3-3 टीम तैनात रहेंगी।

# उपलब्धियों से भरा है मेयर का एक वर्ष का कार्यकाल : भाटी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मेयर किरण जैसल का एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर भाजपा नेता अनिरुद्ध भाटी एवं व्यापारी नेता सुनील शेट्टी ने बुके भेंटकर एवं शाल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया गया। ऋषिकुल आयुर्वेदिक कालेज के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता अनिरुद्ध भाटी एवं व्यापारी नेता सुनील सेठी ने कहा कि मेयर किरण जैसल का एक वर्ष का कार्यकाल उपलब्धियों भरा रहा है। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में मेयर ने निर्णायक भूमिका निभाई है। विभिन्न वार्डों में सड़क, बिजली, पानी एवं सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने में सहयोग प्रदान किया। धर्मनगरी के चौमुखी विकास में नगर निगम से संचालित योजनाओं का लाभ समान रूप से सभी वार्डो को मिल रहा है। पार्षदों की मांगों का संज्ञान लेकर वार्डो को आदर्श रूप में विकसित किया जा रहा है। पार्षद सुनील कुमार अग्रवाल गुड्डू एवं दिनेश शर्मा ने कहा कि मेयर किरण जैसल का अनुभव वार्ड पार्षदों को मिल रहा है। ईमानदारी एवं बिना भेदभाव के सभी वार्डों का विकास किया जा रहा है। स्वागत करने वालों में दिनेश शर्मा, विजय शर्मा, महेश गुप्ता, राघव ठाकुर, महेंद्र,



भीमसेन, श्रवण कुमार, आदित्य यादव, घनश्याम सिंह, गोपाल सैनी, रुपेश शर्मा, राजेंद्र यादव, संजय पाल, आशू आहूजा, हंसराज, विक्की प्रजापति आदि ने भी मेयर को बधाई दी।

## देशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत ज्वालापुर पुलिस ने एक शराब तस्कर को दबोचा है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि शनिवार को चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने ज्वाला दास आश्रम कड़च्छ मोहल्ला के पास से एक युवक को देशी शराब माल्टा के 50 पव्वे बरामद गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी की पहचान जगपाल निवासी मोहल्ला कैथवाड़ा, ज्वालापुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस टीम में कां. अमित गौड़, कां. राजेश बिष्ट शामिल रहे।

# हथियार बंद बदमाशों ने जमकर मचाया उत्पात, कैमरे में कैद हुई घटना, केस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली के अपर रोड स्थित होटल अगस्त्य इन् में देर रात भारी संख्या में आए हथियारबंद बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। हमलावरों ने न केवल होटल में तोड़फोड़ की, बल्कि वहां मौजूद परिवार के साथ मारपीट कर करोड़ों की नकदी, जेवर और 350 साल पुराने कीमती वंशावली रिकॉर्ड लूटने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर 21 नामजद अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित अनमोल वशिष्ठ ने तहरीर देकर बताया कि उनकी माता इस संपत्ति की कानूनी मालिक हैं और मामला न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि कोर्ट के स्टे के बावजूद विपक्षी संजय प्रधान, प्रदीप प्रधान और उनके साथियों ने 40-50 अज्ञात लोगों के साथ होटल पर हमला कर दिया। हमलावर लाठी-डंडों, तलवारों और पिस्तौल से लैस थे और मुंह पर कपड़ा बांधे हुए थे।

हमलावरों ने सबूत मिटाने के लिए सीसीटीवी कैमरों के तार काट दिए और डीवीआर चोरी करने की कोशिश की, लेकिन पूरी घटना पास के दूसरे सिस्टम में रिकॉर्ड हो गई। फुटेज में हमलावर गेट काटते और हथियार लहराते हुए साफ दिख रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई और उनकी माता के साथ भी बेरहमी से मारपीट की गई। पीड़ित पक्ष के अनुसार, इन लोगों ने साल 2024 में भी इसी तरह हमला किया था, जिसमें पहले से ही पुलिस चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। अब फिर से जानलेवा हमला क्या है ।नगर कोतवाली प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## विक्रम की टक्कर से बाइक सवार की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र के सलेमपुर-डेंसो चौक मार्ग पर एक तेज रफ्तार विक्रम ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की देहरादून के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार मृतक की पत्नी दीपा त्यागी ने जगजीतपुर निवासी पुरुषोत्तम त्यागी अपनी बाइक से सिडकुल क्षेत्र में जा रहे थे। इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रहे एक विक्रम के चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

# वीर भगत सिंह गऊ सेवा धाम की बैठक आयोजित

**गोरक्षा के लिए भी को मिलकर काम करना होगा : अग्रवाल**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वीर भगत सिंह सेवा मिशन ट्रस्ट द्वारा संचालित वीर भगत सिंह गऊ सेवा धाम में संगठन की बैठक का आयोजित की गयी। बैठक में हिंदू रक्षक दल के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, पहाड़ी जन कल्याण महासभा की अध्यक्ष मुस्कान नेगी, महासचिव उमेश चन्द पाण्डे भी शामिल हुए। बैठक में गौरक्षा को लेकर पर विचार विर्मश किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथी नवीन अग्रवाल ने कहा कि गौरक्षा के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि वीर भगत सिंह सेवा मिशन ट्रस्ट गौरक्षा व समाज कल्याण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान कर रहा है। मुस्कान नेगी ने कहा कि धर्म रक्षा और गौरक्षा के प्रयासों को सभी के सहयोग से ही संभव बनाया जा सकता है। इस दौरान गौसेवा धाम के अध्यक्ष पवन भगवा तथा सभी गौ रक्षकों ने गौमाता की आरती व पूजा अर्चना कर गौमाता की रक्षा करने का संकल्प लिया। बैठक का संचालन पीयूष कौशिक ने किया। बैठक में रिश्व शर्मा, राजन चौधरी, पंकज, अनूप, सुनील, अभिषेक, अमूल कुमार, वंश अरोड़ा, विष्णु पाण्डे, अनुराग शर्मा, मनोज पाल, हिमांशू सैनी, हर्ष कश्यप, दीपक राजपूत, रायपाल सिंह आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# मदरसा तनवीरूल कुरआन में शानो-शौकत के साथ मनाया सालाना जलसा, 7 हाफिजों की हुई दस्तारबंदी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर के सराय स्थित मदरसा तनवीरूल कुरआन का 44वां सालाना जलसा बेहद कामयाबी के साथ संपन्न हो गया। इस रूहानी कार्यक्रम में दारुल उलूम देवबंद से आए बड़े उलेमाओं ने अपनी तकरीर से लोगों को नेक राह पर चलने की सीख दी। जलसे के आखिरी दिन रविवार को कारी मोहम्मद इकराम साहब ने मुल्क में अमन और भाईचारे के लिए खास दुआ कराई, जिसमें भारी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए।

जलसे के दौरान मदरसे के उन 7 छात्रों की दस्तारबंदी की गई जिन्होंने कुरआन मुकम्मल किया है। देवबंद से आए मुफ्ती सलमान साहब, मौलाना मुनीर साहब, मुफ्ती रियासत साहब और मौलाना इरफान साहब ने इन छात्रों को मुबारकबाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुजफ्फरनगर से आए मौलाना मोहम्मद हसन ने भी दीनी तालीम की अहमियत पर जोर दिया। कार्यक्रम में सराय और आसपास के क्षेत्रों से हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदायों के लोग जुटे। जिसमें ग्राम प्रधान मनीष कुमार, राजकुमार यादव, बिरम सिंह यादव, विनोद कुमार और मास्टर वीर वतन यादव जैसे गणमान्य लोगों ने जलसे में शामिल होकर आपसी एकता का संदेश दिया। मदरसे के नाजिम मौलाना




मोहम्मद इल्यास साहब की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सदर मुकर्रम हाशिम, नायब सदर हाजी मोहम्मद कासिम और मोहतमीम ठेकेदार, मोहम्मद इरशाद, अकरम अंसारी, हाजी मंसूर, सगीर अहमद और कलीम ठेकेदार सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## शातिर वाहन चोर दबोचे, पांच दोपहिया वाहन बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** थाना सिडकुल पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। थाना क्षेत्र में सिलसिलेवार हो रही दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं पर कड़ी नाराजगी जताते हुए एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने घटनाओं में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी के कड़े निर्देश दिए थे। जिस पर कार्यवाही करते हुए सिडकुल पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान दवा चौक सिडकुल के पास से दो संदिग्धों आयुष पुत्र गंगाराम निवासी बेगमपुर सादी उर्फ रामपुर थाना कोतवाली बिजनौर उ.प्र. व रोहित पुत्र शिवराम रोहित पुत्र शिवराम निवासी ग्राम दहलावाला थाना रेहड जनपद बिजनौर उ.प्र हाल निवासी बेगमपुर बहादराबाद को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से डेंसो चौक से चोरी की गयी बाइक बरामद करते हुए कड़ी पूछताछ के बाद मुन्जाल



शोवा कंपनी के पीछे छिपाकर रखी गयी 3 बाइक व 1 स्कूटी बरामद की। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नितेश शर्मा, एएसआई अनिल कुमार सैनी, एएसआई संजय चौहान, हे.कां. जितेन्द्र मलिक, संजय सिंह, कां. रोहित कुमार, कां. जितेन्द्र तोमर, अरविन्द कुमार, मुकेश कुमार शामिल रहे।

# डा. नरेश चौधरी ने साझा किए आपदाओं के दौरान राहत बचाव कार्यो के अनुभव

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ऋषिकुल आयुर्वेदिक कालेज के प्रो.डा.नरेश चौधरी ने उत्तराखंड प्रशासन अकादमी नैनीताल द्वारा आपातकालीन स्थिति में मनोसामाजिक सहायता विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय एवं इण्डियन रेडक्रास का प्रतिनिधित्व करते हुए दैवीय, प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों से प्राप्त अनुभवों को कार्यशाला मे उपस्थित प्रतिभागियों से साझा करते हुए कहा कि आपदाओं के बाद प्रभावित परिवारों एवं व्यक्तियों पर जो प्रभाव पड़ता है। उसका असर जीवन भर रहता है। जिससे उबरने एवं फिर से पुर्नस्थापित करने में आकस्मिक रूप से दी गयी मनोसामाजिक सहायता अहम है। जो समाज के समर्पित स्वंयसेवक ही सबसे पहले मौके पर पहुंचकर देते हैं। जो प्रभावित व्यक्तियों के कभी नहीं भूलने वाले दुखों को निश्चित रूप से कम करती है। डा.नरेश चौधरी ने कहा कि सभी प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों को समाज को विशेष रूप से जागरूक करने के लिए वृहद स्तर पर मनोसामाजिक सहायता के प्रति अभियान चलाना चाहिये। जिससे प्रत्येक व्यक्ति स्वंय मनोसामाजिक सहायता करने वाला सच्चा समर्पित स्वयंसेवक बन सकेगा। उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.डा. अरूण त्रिपाठी एवं कुलसचिव नरेन्द्र सिंह ने कहा कि डा.नरेश चौधरी अपने मूल दायित्वों के निर्वहन के साथ आपदाओं के दौरान सहायता के लिए समर्पित रहते हैं।

कार्यशाला में एसडीआरएफ, शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक, स्वंयसेवी संस्थाओं के विभिन्न जनपदों के स्वंयसेवकों एवं प्रतिनिधियों द्वारा विशेष प्रतिभाग किया गया। उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी के आपदा प्रकोष्ठ प्रभारी डा. ओमप्रकाश, कोर्स निदेशक मंजू पाण्डे, रिकोर्स पर्सन कॉर्डियोलोजिस्ट डा. सुधाश सिंह, डा. मालिनी श्रीवास्तव, डा.मधुलता नयाल, अजहर राशिदी ने डा.नरेश चौधरी को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके द्वारा आपदाओं में किये गये कार्यों की सराहना की।

## बिना सत्यापन किराएदार रखने वाले 6 मकान मालिकों पर लगा 60 हजार का जुर्माना

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली पुलिस ने बाहरी व्यक्तियों और किराएदारों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रविवार को शिवालिक नगर और सुमननगर क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों की अनदेखी करने वाले मकान मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने घर-घर जाकर किराएदारों, घरेलू नौकरों और मजदूरों के दस्तावेजों की जांच की। चेकिंग में 06 मकान मालिक ऐसे पाए गए जिन्होंने अपने किराएदारों का पुलिस सत्यापन नहीं कराया था। लापरवाही बरतने पर इन सभी मकान मालिकों का पुलिस अधिनियम के तहत कुल 60 हजार रुपये का कोर्ट चालान किया गया।

इसके अलावा, क्षेत्र में बिना सत्यापन के घूम रहे और संदिग्ध पाए गए 08 लोगों के खिलाफ धारा 81 पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 2000 रुपये का नकद जुर्माना वसूला गया। चेकिंग के दौरान कुल 45 लोगों का मौके पर ही सत्यापन भी किया गया। अभियान के दौरान लोगों को जागरूक करते हुए साफ कहा गया कि होटल, ढाबों या घरों में किसी भी बाहरी व्यक्ति को रखने से पहले उसका सत्यापन अनिवार्य रूप से कराएं, वरना सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी

# कटारपुर में गोरक्षा बलिदान दिवस पर हिंदू सम्मेलन

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** गांव कटारपुर में गौ रक्षा बलिदान दिवस के अवसर पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गौ रक्षा स्मारक समिति के अध्यक्ष अनिल चौहान ने की। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत रहे। मुख्य वक्ता चंद्रशेखर तथा अति विशिष्ट अतिथि राकेश कुमार (विभाग प्रचारक, आरएसएस) रहे। प्रातः गौ रक्षा स्मारक पर हवन-यज्ञ के बाद प्राथमिक विद्यालय में सम्मेलन आयोजित हुआ। छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि सनातन धर्म सभी पंथों को समाहित करता है और भारत सभी धर्मों के लिए सुरक्षित देश है। उन्होंने गौ रक्षा के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को नमन करते हुए कटारपुर को पावन तीर्थ बताया। संत राहुल ध्यानी ने देसी गाय के पालन-पोषण, दूध-घी के सेवन और भारतीय खान-पान अपनाने पर जोर दिया। विभाग प्रचारक राकेश कुमार ने कहा कि आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर प्रत्येक खंड में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण और संघ से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर खंड कारवां अंकुर कुमार, विशेष शर्मा, दिनेश चौहान, अभिषेक चौहान, मयंक कुमार, श्याम सिंह आर्य, विवेक चौहान, सोहनवीर पाल, चीनू चौधरी, पंकज सैनी, हिमांशु सैनी, जिवेन्द्र तोमर, संदीप यादव, प्रधान राजेश वर्मा, रवीश गोरियां, रविंद्र कुमार, सचिन प्रधान, सुधीर चौहान, यशपाल आर्य, कुसुम राज, चंद्रशेखर, डा. श्याम सिंह आर्य, नक्कल सिंह



आर्य, नरेश कश्यप, नवनीत शर्मा, आनंद प्रजापति, सचिन प्रधान, संदीप भगत, अनुज पाल, सुखदेव प्रधान, रामपाल प्रधान, राकेश सैनी, कार्तिक दिवाकर, कुंवरपाल, वरुण चौहान सहित अन्य को गौ भक्त और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## समाजसेवी जटाशंकर श्रीवास्तव बने कायस्थ महासभा चित्रगुप्त महाराज सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय सचिव

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** समाजसेवी जटाशंकर श्रीवास्तव को कायस्थ महासभा चित्रगुप्त महाराज सेवा ट्रस्ट का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय सचिव बनने पर जटाशंकर श्रीवास्तव ने ट्रस्ट के पदाधिकारियों का आभार जताया और कहा कि ट्रस्ट की प्रगति के लिए मिलजुल कर प्रयास किए जाएंगे।



जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गयी है, समाज को एकजुट कर उसका निष्ठापूर्वक पालन करेंगे। ट्रस्ट के सचिव की जिम्मेदारी निभाते हुए समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के उत्थान, सनातन संस्कृति एवं धार्मिक चेतना जागने के लिए युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन करेंगे। कायस्थ समाज के हितों के संरक्षण संवर्द्धन में पूर्ण सहयोग करेंगे। जटाशंकर श्रीवास्तव ने कहा कि वे कांवड़ यात्रा, छठ पूजन सहित तमाम धार्मिक आयोजनों में हमेशा आगे बढ़कर सहयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि चंद्रगुप्त महाराज के आदर्शो को अपनाकर राष्ट्रहित में योगदान दें।

### लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर महामंच ने की

# मणिकर्णिका घाट का स्वरूप नहीं बदलने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर महामंच ने मणिकर्णिका घाट का मूल स्वरूप नहीं बदलने की मांग की है। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर महामंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेलूराम प्रधान ने प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वाराणसी में स्थित मणिकर्णिका घाट का पुनः निर्माण कराया जा रहा है। पुनः निर्माण के दौरान देवी अहिल्याबाई होल्कर की व उनके द्वारा निर्मित मूर्तियों और मंदिरों को तोड़ दिया गया। पुनः निर्माण की प्रक्रिया में मणिकर्णिका घाट के मूल स्वरूप को भी बिगाड़ा जा रहा है। जिससे पूरे समाज की आस्था को गहरा आघात पहुंचा है। तेलूराम प्रधान ने कहा कि सोशल मीडिया में वायरल हो रहे एक वीडियो में देवी अहिल्याबाई होल्कर की टूटी हुई मूर्तियों को दिखाया गया है। वीडियो को यूपी सरकार द्वारा एआई निर्मित बताया गया है। वीडियो एआई निर्मित है तो वीडियो बनाने वालों पर कार्रवाई की जाए और यदि वीडियो वास्तविक है तो मुख्यमंत्री को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए तथा अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा निर्मित एवं जीर्णोद्धार किए गए मंदिरों, घाटों, प्याऊ, धर्मशाला, विद्यालय, गौशाला आदि का मूल स्वरूप और नाम ना हटाया जाए और ना बिगाड़ा ना जाए। तेलूराम प्रधान ने कहा कि इस संबंध में मंच की और से राष्ट्रपति को ज्ञापन भी प्रेषित किया जाएगा।




प्रेसवार्ता के दौरान कृष्णपाल धनगर, अमित धनगर, सतीशचंद्र, नकली सिंह, विकास धनगर, उमेश पाल, राधेश्याम पाल, प्रदीप पाल, शिवचरण पाल, पंकज पाल, भूषण पाल, संजय पाल, सत्यपाल, नरेशपाल, गुलाब सिंह, तेजपाल, देवेंद्र धनगर, स्वामी सुशांत पुरी, राजेश कुमार पाल, सुनील, ओमपाल, नेपाल, जितेंद्र पाल, मोहित पाल, सतिंदर पाल, सुरेंद्र सिंह, रोहित पाल, अनिकेत पाल, कालूराम, सचिन पाल, सुलेख पाल सहित हरियाणा एवं यूपी से आए पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

## तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक को देशी तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस के अनुसार शनिवार देर शाम को वाहन चौकिंग के दौरान घिस्सूपुरा बिजली घर की ओर जाने वाली सड़क से एक संदिग्ध युवक को पकड़ा है। आरोपी की तलासी लेने पर उसके पास से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोहित पुत्र धर्मपाल निवासी अकोड़ा कला कोतवाली लक्सर बताया युवक किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। आरोपी युवक पर कनखल थाने में अलग अलग मामलों में चार मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जा रहा है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया एक युवक को एक 315 बोर का अवैध तमंचे व मय कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**

ब्यूरो चीफ

**शाह टाइम्स हरिद्वार**

कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार

मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# बोर्ड परीक्षार्थियों को डीएम की शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** आगामी बोर्ड परीक्षाओं के अवसर पर जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जिले के समस्त परीक्षार्थियों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए परीक्षार्थियों तथा उनके अभिभावकों से परीक्षा के मद्देनजर संयम, धैर्य और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने की अपील की है। जिलाधिकारी रयाल ने अपने संदेश में कहा कि परीक्षा जीवन की यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव अवश्य है किंतु इसे भय, तनाव अथवा असहनीय दबाव का कारण नहीं बनने दिया जाना चाहिए। परीक्षाएं ज्ञान और अभ्यास की परख होती है न कि किसी छात्र के व्यक्तित्व, प्रतिभा या भविष्य का अंतिम निर्णय। उन्होंने परीक्षार्थियों से आग्रह किया कि वे अपनी दिनचर्या को सरल, संतुलित और नियमित रखें। पर्याप्त विश्राम, समयब अध्ययन और स्वस्थ मन स्थिति के साथ परीक्षा देने से ही वास्तविक क्षमता का श्रेष्ठ प्रदर्शन संभव हो पाता है।



अत्यधिक अंक प्राप्त करने की चिंता कई बार सहज ज्ञान को भी बाधित कर देती है जबकि स्वाभाविक और शांत मन से किया गया प्रयास अधिक प्रभावी सिद्ध होता है। जिलाधिकारी रयाल ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे बच्चों पर अनावश्यक अपेक्षाओं का बोझ न डालें। इस समय बच्चों को दबाव या भय नहीं बल्कि विश्वास, सहारा और स्नेह की आवश्यकता है। कहा कि अंक जीवन का एक पड़ाव निर्धारित कर सकते हैं किंतु जीवन की दिशा नहीं। संयम, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच ही दीर्घकालीन सफलता की आधारशिला होती है।

# कुलपति प्रो.रावत को आउटस्टैंडिंग वाइस चांसलर ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय सम्मान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** देश में उच्च शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रो. (कर्नल) दीवान सिंह रावत को आउटस्टैंडिंग वाइस चांसलर ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सम्मान से सममा. नित किया गया। यह सम्मान इंडिया एजुकेशन नेटवर्क द्वारा आयोजित 15वें इंडिया एजुकेशन समिट एवं अवाड्र्स 2026 के दौरान नई दिल्ली में प्रदान किया गया। समारोह के दौरान प्रो. रावत को यह सम्मान कुमाऊँ विश्वविद्यालय में किए गए नवाचारी प्रशासनिक सुधारों, अकाद. मिक सुदृढ़ीकरण तथा शोध उन्मुख वातावरण के निर्माण तथा संस्थागत सुशासन के लिए प्रदान किया गया। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने गुणवत्ता आधारित शिक्षा, शोध एवं नवाचार तथा डिजिटल प्रशासन तथा छात्र केन्द्रित नीतियों के क्षेत्रों में



उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रो. रावत के कार्यकाल में प्रशासनिक प्रक्रियाओं का आधुनिकीकरण, पारदर्शी एवं डिजिटल आधारित निर्णय प्रणाली तथा अकादमिक सुधारों को प्रभावी ढंग से लागू किया गया जिसके परिणामस्वरूप कुमाऊँ विश्वविद्यालय ने न केवल राज्य स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान को सुदृढ़ किया है। इस अवसर पर प्रो. रावत ने डिग्री तथा कौशल और रोजगार के आपसी संबंध पर विस्तार से अपने विचार साझा किए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है बल्कि उसे व्यावहारिक कौशल तथा नवाच. ार और उद्योग अनुकूल दक्षताओं से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि उच्च शिक्षा संस्थानों की जिमेदारी है कि वे विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ कौशल, उद्यमिता और समस्या व समाधान की क्षमता से भी सशक्त करें जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और बदलते रोजगार परिदृश्य में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकें। कहा कि शिक्षा और रोजगार के बीच की दूरी को पाटने के लिए विश्वविद्यालयों को उद्योग, समाज और स्थानीय आवश्यकताओं से जुड़कर कौशल आधारित, बहुविषयक और अनुभव आधारित शिक्षण मॉडल अपनाने होंगे। दूसरी ओर कुलपति प्रो.रावत को सममान मिलने पर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डा. एमएस मंद्रवाल समेत प्रो. नीता बोरा शर्मा, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. चित्रा पांडेय, प्रो. ललित तिवारी, प्रो. रीतेश साह, प्रो. एनजी साहू, प्रो. चंद्रकला रावत, प्रो. जया तिवारी एवं प्रो. महेंद्र सिंह राणा सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं हैं।

## एक नजर

### वाल्मीकि सभा से महासचिव ने दिया त्यागपत्र

**नैनीताल।** नगर वाल्मीकि पंचायत नैनीताल के सरदार एवं महासचिव वाल्मीकि सभा दिनेश कटियार ने कहा है कि वाल्मीकि सभा नैनीताल का कार्यकाल 7 फरवरी 2026 को पूर्ण हो चुका है। उन्होंने वाल्मीकि समाज से गुजारिश की है कि पुनः चुनाव प्रक्रिया का शुभारंभ वाल्मीकि नगर पंचायत नैनीताल द्वारा ही किया जाए जिसमें समस्त चौधरी, प्रधान व सरदार शामिल हो वह उनकी देख रेख में 2026 वाल्मीकि सभा का चुनाव किया जाए। कटियार ने कहा कि समाज द्वारा गठित चुनाव कमेटी हो जिसमें आम चुनाव करता एवं उम्मीदवारों एवं मतदाताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने समस्त चौधरी, प्रधानों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया है वह अपने स्तर पर ही इस चुनाव को संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि उन्होंने कार्यकाल खत्म होने की तिथि से ही अपना त्याग पत्र दे दिया है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान सरपंच एवं उपाध्यक्ष एवं उप सचिव को भी कार्यकाल को संपन्न कराने में मिले सहयोग के लिए उनका आभार जताया है।

### स्नेहा मुरारी का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर शिक्षा विभाग (आईटीईपी) की छात्रा स्नेहा मुरारी ने भारतीय ज्ञान प्रणाली परीक्षा में



उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परिसर स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया और राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुई। स्नेहा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया। इस उपलब्धि पर कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने उन्हें हार्दिक बधाई दी और विश्वास जताया कि वह राष्ट्रीय स्तर पर भी विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगी। भारतीय ज्ञान प्रणाली परीक्षा का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, दर्शन और जीवन मूल्यों की गहरी समझ विकसित करना है। स्नेहा की यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और विभाग के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण का परिणाम है।

### भवाली के तीन वार्डो में वृहद सत्यापन अभियान

**नैनीताल।** पुलिस कप्तान डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देशन में एसपी नैनीताल डा. जगदीश चंद्र के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक भवाली प्रकाश मेहरा के नेतृत्व में रविवार को भवाली पुलिस द्वारा वृहद सत्यापन अभियान के दौरान कस्बा भवाली के वार्ड नंबर 2 से लेकर 4 तक के रेहड़, गांधी कालोनी, टम्टयूड़ा क्षेत्र में पुलिस व पीएसी टीमों द्वारा कुल 51 मकानों में रह रहे 199 बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन चेक किया गया। इस दौरान सत्यापन अपूर्ण पाए जाने पर 21 लोगों के विरुद्ध 81 पुलिस एकट के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की गई। दूसरी ओर पुलिस द्वारा भवाली क्षेत्र के सभी मकान मालि. कों से किरायदार सत्यापन करने की लगातार अपील की जा रही है।

### अनूठा पौधारोपण आंदोलन जारी

**नैनीताल।** राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान रविवार को 573वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 573वें दिन डीडीहाट स्थित अपने आवास परिसर में अपने पिताजी स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि सोमवार (आज) से पुनः विद्यालयों को पौधा का रोपण कार्यक्रम मेरा पौधा-मेरा परिवार के तहत जोड़ा जाएगा।

### क्रिकेट प्रतियोगिता में ओल्ड बॉयज ने मारी बाजी

**नैनीताल।** नैनीताल के खेल मैदान में आयोजित कुंवर पृथ्वीराज सिंह बिष्ट स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत रविवार को एक मुकाबला खेला गया। प्रतियोगिता के तहत ओल्ड बॉयज और शाही क्रिकेट क्लब के मध्य मुकाबला खेला गया। ओल्ड बॉयज ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 125 रनों का लक्ष्य रखा जबकि जवाब में शाही क्रिकेट क्लब की टीम 15वें ओवर में सभी विकेट खोकर 93 रन ही बना सकी। इस प्रकार यह मुकाबला ओल्ड बॉयज के नाम रहा।

### भवाली में नाबालिग से दुष्कर्म मामले में वाल्मीकि समाज ने सौपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भवाली नगर में कुछ दिन पूर्व नाबालिग बालिका के साथ हुए दुराचार के मामले को लेकर वाल्मीकि समाज ने रविवार को कोतवाली पहुंचकर कोतवाल को ज्ञापन सौंपा। समाज के लोगों ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए दोषी व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। वाल्मीकि समाज ने कहा कि इस तरह की घटनाएं अत्यंत निंदनीय हैं और ऐसे अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए। समाज ने पुलिस प्रशासन से आरोपी के विरुद्ध सख्त धाराओं में, विशेष रूप से एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई करने की मांग की गयी ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार का अपराध करने का साहस न कर सके साथ ही समाज के लोगों ने यह भी आग्रह किया कि अपराधियों की आड़ में क्षेत्र के अन्य निर्दोष लोगों को परेशान न किया जाए। उन्होंने बताया कि संबंधित वार्ड एक शांतिपूर्ण क्षेत्र है जहां लगभग 50 वाल्मीकि परिवार निवास करते हैं और सभी कानून का सममान करने वाले नागरिक हैं। ज्ञापन सौंपते हुए समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, लेकिन क्षेत्र में रहने वाले आम लोगों को बेवजह प्रताड़ित न किया जाए। इस मौके पर पंकज अद्वेती, बलवीर, राजा राम, हरपाल, राजेश, राजन, सोनू, आयुष, सुभाष तथा धीरेंद्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नैनीताल में अब बढ़ने लगा है तापमान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में तापमान बढ़ना शुरू हो गया है। रविवार को गत दिवस की तुलना में दो डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इस बीच मौसम का मिजाज बेहद सुहा. वना रहा। चटक धूप पूरे दिन खिली रही। नगर की सुबह सुनहरी धूप के साथ शुरू हुई और जैसे जैसे दिन चढ़ता गया तो गर्माहट भी बढ़ती चली गई और मौसम खुशनुमा होता चला गया। दिन के समय ठंड महसूस नहीं हुई। हालांकि हल्के बादलों का आना जाना भी पूरे दिन लगा रहा। शाम होने के बाद ठंड में बढ़ोतरी हो गई। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार (आज) को भी मौसम सामान्य बने रहने की संभावना है। मौसम शुष्क रहने से आद्रता में कमी आएगी।

# पत्रकारों की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट नैनीताल इकाई की बैठक नगर पालिका सभागार में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार किशोर जोशी के नेतृत्व में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष गौरव जोशी ने की। बैठक में दो दिन पूर्व देहरादून में पत्रकार हेम भट्ट पर अज्ञात द्वारा किए गए हमले की सभी पत्रकारों ने निंदा की और सोमवार (आज) इस मामले पर आईजी को ज्ञापन देकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी।

इस दौरान सबके चेहते रेस्टोरेंट व्यापारी गब्बर भाई के निधन पर दो मिनट का शोक कर उनको श्रद्धांजलि दी और आने वाले समय पर दिवंगतों की याद में शिविर आयोजन करने को



■ होली मिलन कार्यक्रम कराएंगे पत्रकार

लेकर सहमति बनी।

बैठक में पत्रकार नवीन पालीवाल ने कानून सहित अन्य विषयों पर कार्यशाला कराने के लिए अपनी बात रखी जिस पर आने वाले समय पर कार्यशाला लगाने को लेकर भी सहमति बनी और कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में होली मिलन कार्यक्रम को लेकर भी कमेटी बनाई गई जिसमें पत्रकार दामोदर लोहानी, संतोष बोरा तथा तेज सिंह नेगी को शामिल किया गया। बैठक में तय किया गया कि अब हर तिमाही में पत्रकारों की आवश्यक बैठक आयोजित की जाएगी जिसके लिए महीने का द्वितीय शनिवार का समय तय किया गया साथ ही सदस्यता शुल्क भी सभी पत्रकारों से जल्द से जल्द कोषाध्यक्ष को देने के लिए निवेदन किया गया। इस मौके पर यूनियन के संरक्षक व पत्रकार रविंद्र पांडे रवि, वरिष्ठ पत्रकार डा. गिरीश रंजन तिवारी, किशोर जोशी, जिलाध्यक्ष अफजल हुसैन फौजी, नगर अध्यक्ष गौरव जोशी, उपाध्यक्ष सुरेश कांडपाल, तेज सिंह नेगी, दामोदर लोहनी, संतोष बोरा, राजू पांडे, नवीन पालीवाल, गणेश कांडपाल, शीतल तिवारी, डा. सुनील, आकाशी माणमी, शैलजा, सुमन, सूरज, गुड्डू ठठोला, तनुज पांडे आदि मौजूद थे।

## आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने पर कई कार्यक्रमों का आयोजन

**नैनीताल।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सौ वर्ष से पूरे होने पर नैनीताल जिले के तहत सरस्वती शिशु मंदिर गरमपानी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विशिष्ट राजेश जोशी जबकि अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी हेम चंद्र आर्य रहे। इस दौरान उन्होंने सौ वर्ष पूरे होने पर सभी क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस दौरान वक्ताओं में हिंदू धर्म के बारे में लोगों को जागरूक करने का आवाहन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जल्द समिति का विस्तार किया जाएगा। बताया कि गरमपानी में चार मंडल गरमपानी, रातीघाट व सुयालबाड़ी और सिमलखा हैं। जिसमें संयोजक तथा सहसंयोजक व कोषाध्यक्ष आदि की नियुक्ति की जाएगी। आगामी दिनों में अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कहा कि जिसमें सभी समुदाय के लोग प्रतिभाग करेंगे। राजेश जोशी सह प्रान्त बौद्धिक शिक्षण प्रमुख, शीलनिधि प्रांत बाल विद्यार्थी प्रमुख, मनोहर जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख, दिनेश पाण्डेय खण्ड कार्रवाह, मदन मोहन कैड़ा, चंद्रशेखर, कुंदन सिंह जीना, नरेंद्र खण्ड बौद्धिक शिक्षण प्रमुख, महिपाल खण्ड व्यवस्था प्रमुख, डिकर खण्ड शारीरिक प्रमुख, प्रेम कुमार खण्ड सेवा प्रमुख, दीपक खण्ड मार्ग प्रमुख, दीपक पांडे मंडल सद्भावना प्रमुख, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट, उपाध्यक्ष रमेश सुयाल, उमेश जलाल, विनोद जलाल, हीरा सिंह बिष्ट, त्रिभुवन सिंह, कमल बधानी, मनोज कुमार, दिनेश फुलारा, ग्राम प्रधान निर्मला जोशी, राधा जलाल तथा धनिया को ग्राम प्रधान उषा पीनारी, गीता प्रधान, गीता पाठक, बरगल ग्राम प्रधान ललिता, क्षेत्र पंचायत सदस्य ललित दानी, पवन अमन कुमार थे।

# स्वस्थ समाज की सशक्त समाज की नींव

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सैंगुइन वी केयर वेलफेयर सोसाइटी एक राष्ट्रीय स्तर की एनजीओ द्वारा उत्तराखंड हैटिरेज स्कूल ऑफ मीडिया एंड एडवांस स्टेडीज, केके टावर कारगी रोड देहरादून में निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में आमजन की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली जहाँ बड़ी संख्या में लोगों ने पहुँचकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं निशुल्क परामर्श का लाभ उठाया। शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा रोगों की समय पर पहचान तथा रोकथाम आधारित स्वास्थ्य सेवाओं को जन जन तक पहुँचाना था।

शिविर में लोगों को वजन प्रबंधन, रक्तचाप नियंत्रण, हृदय स्वास्थ्य,




■ नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन

त्वचा स्वास्थ्य, हड्डी एवं जोड़ देखभाल, पाचन स्वास्थ्य, रक्त शर्करा नियंत्रण तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य जैसी सेवाएं प्रदान की गईं साथ ही स्वस्थ जीवनशैली एवं खान पान संबंधी मार्गदर्शन भी दिया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक डा. नवनीत बडोनी जो कि एक प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक सर्जन एवं एसजीआरआर मेडिकल कालेज में प्रोफेसर हैं, अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।

डा. बडोनी एवं उनकी टीम ने न केवल लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया बल्कि हड्डी जोड़ों, त्वचा, पाचन एवं सामान्य स्वास्थ्य से संबंधित विषयों पर महत्वपूर्ण जागरूकता भी फैलाई। उन्होंने लोगों को नियमित जांच, संतुलित आहार एवं स्वस्थ दिनचर्या अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर डा. कंचन नेगी संस्थापक एवं निदेशक यूएचएसएमएएएस ने कहा कि हमने अपना जीवन सामाजिक कार्य और जनसेवा के लिए समर्पित किया है। स्वस्थ समाज ही सशक्त समाज की नींव है। इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से हम लोगों तक स्वास्थ्य जागरूकता और आवश्यक मार्गदर्शन पहुँचाने का प्रयास कर रहे हैं। हम आगे भी निरंतर अपना योगदान देते रहेंगे और समाज की सेवा करते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने चिकित्सकों तथा उनकी टीम प्रबंधन तथा शिविर में उपस्थित सभी नागरिकों का आभार व्यक्त किया। शिविर का समापन स्वास्थ्य, जागरूकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के मजबूत संदेश के साथ हुआ और इसी प्रकार से ऐसे शिविर आयोजित करने और समाज के हित में कार्य करते रहने का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम में डा. नवनीत बडोनी, डा. केएस नेगी, सुशीला नेगी, रविंद्र सिंह नेगी, अगस्त्य नेगी, धनबीर बिष्ट, सुनीता बिष्ट, आयुषी चौहान, आंचल बिष्ट, केशव, हरि ओम, आयुष, दीपांशु, प्रियांशु, नित्यानंद डोभाल तथा बीरेंद्र नेगी आदि उपस्थित रहे।

# ज्योलीकोट में हुआ वृहद हिंदू सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के भीमताल खंड के अंतर्गत ज्योलीकोट मंडल में रविवार को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इससे पूर्व सम्मेलन का शुभारंभ भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पाचन के साथ किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में करन गिरी जी महाराज (महंत महायोगी पायलट बाबा आश्रम) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से मुख्य वक्ता उत्तम सिंह नयाल (सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख नैनीताल विभाग) एवं मातृ शक्ति की ओर से मुख्य वक्ता के रूप में नमिता सुयाल (ज्योतिषाचार्य) रहीं।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता करन गिरी महाराज ने हिंदू संगठन एवं समाज के



बारे में बड़े विस्तार से आए हुए कार्यकर्ताओं को समझाया जबकि उत्तम सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्ष की विकास यात्रा को बड़े विस्तार से समझाया वहीं नमिता सुयाल ने मातृ शक्ति संगठन के बारे में बताया और समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका एवं योगदान से अवगत कराया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप डा. नरेंद्र, डा. माधव, शेखर भट्ट, बीना जीना, रजनी रावत, पुष्कर जोशी, कैलाश जोशी, डा. ललित, महेंद्र सिंह नेगी (प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा) आदि मुख्य रूप से रहे। सम्मेलन में 200 लोगों ने प्रतिभाग किया। अंत में डा. ललित जोशी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन खंड कार्यवाह दीवान सिंह ने किया।

## बीज मंत्र से दूर होते हैं सभी दुखः मनोज कृष्ण जोशी

**लालकुआं।** श्री बिंदेश्वर महादेव मंदिर, इंद्रा नगर-2 बिंदुखत्ता में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महाज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा व्यास पं. मनोज कृष्ण जोशी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि माँ के बीज मंत्र के जप से सभी दुख दूर होते हैं और रुके हुए कार्य पूर्ण होते हैं। प्रवचनों से मंदिर परिसर भक्तिरस में डूबा रहा और श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कथा श्रवण करते नजर आए। आयोजन में समिति अध्यक्ष शेर सिंह दानू, पुजारी नंदन गोस्वामी, कोषाध्यक्ष गो. कुलानंद उपाध्याय, चंद्रशेखर कर्नाटक, जीवन रावत, कांता सिंह डसीला, महेश जोशी, जयराज भट्ट, सचिव देव सिंह देवली सहित राधा वल्लभ पांडे, राजेंद्र चौहान, चेतन पांडे, नंदन ऐरी, मनोज बसनायत, सागर शर्मा, विपिन चंद्र जोशी थे।

# एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर आरंभ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा मॉडल राजकीय प्राथमिक विद्यालय मेहरागांव ग्राम दोब ल्वेशाल भीमताल में सात दिवसीय एवं रात्रि विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर 7 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें 100 एनएसएस स्वयंसेवक सामुदायिक सेवा, सामाजिक जागरूकता एवं अनुभवात्मक शिक्षण में सक्रिय रूप से सहभागिता कर रहे हैं। उद्घाटन समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र सिंह के साथ शिक्षिकाएं नमिता शर्मा, दीप्ति परिहार एवं श्रीमती बाबली की गरिमामयी उपस्थिति रही जिससे विश्वविद्यालय



एवं विद्यालय के बीच सहयोग की भावना प्रकट हुई।

इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. अमित मित्तल एवं डा. संतोषी सेनगुप्ता ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए शिविर के उद्देश्यों को स्पष्ट किया। उन्होंने सेवा, अनुशासन, संवेदनशीलता एवं सक्रिय नागरिकता के महत्व पर बल देते हुए युवाओं से ग्रामीण समुदाय के साथ मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

शिविर के अंतर्गत सकल नामांकन अनुपात में वृद्धि, लैंगिक संतुलन को बढ़ावा, प्राकृतिक संसाधनों की सीमितता के प्रति जागरूकता, ऊर्जा साक्षरता तथा ग्रामीण खेलों के प्रोत्साहन जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक शैक्षिक विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इन गतिविधियों के माध्यम से समुदाय में जागरूकता फैलाने के साथ-साथ स्वयंसेवकों को वास्तविक सामाजिक चुनौतियों की व्यावहारिक समझ प्राप्त होगी। सप्ताह भर चलने वाले शिविर में पोस्टर निर्माण, स्वच्छता अभियान, खेलकूद प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रैलियां, नुक्कड़ नाटक, ट्रेकिंग एवं ग्रामीणों के साथ संवाद जैसी विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनका उद्देश्य साम. ुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ करना और सतत ग्रामीण विकास को बढ़ावा देना है। भीमताल परिसर के निदेशक ने स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि यह विशेष शिविर समाज में सकारात्मक परिवर्तन व जिम्मेदारी की भावना एवं मानवीय संवेदनाओं को सशक्त करेगा।

# भाजपा नेता हेम ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता हेम चंद्र आर्य ने रविवार को नैनीताल विधान के तहत पगोट, घुघुखान, बागनी, बासी, सौड़ तथा सीगड़ी का भ्रमणकर वहां की जन समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्रामीणों ने हेम आर्य का भव्य स्वागत किया वही हरी आश्रम राजघर बासी में शिव मूर्ति मंदिर में मूर्ति स्थापना में



ग्रामीणों के साथ वहां पहुंचे। मंदिर में भंडारे का आयोजन भी किया गया। इसके बाद क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर हेम आर्य ने लोगों की जन समस्याओं को सुना लोगों ने बताया कि क्षेत्र में सड़क व पानी की समस्या के चलते ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने तत्काल संबंधित विभागों के अधिकारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं का निदान दिलाने के लिए अधिका. रियों को निर्देशित किया। क्षेत्र में पहुंचने पर ग्रामीण खुशी की लहर थी। वही नैनीताल विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में हेम आर्य को लोगों का पूर्ण समर्थन मिल रहा है। इस दौरान पूर्व जिला कार्यकारिणी सदस्य भोपाल बिष्ट, पूर्व मंडल अध्यक्ष पूरन अरोड़ा, पूर्व बूथ अध्यक्ष बालम सिंह कपकोटी, पूर्व मंडल महामंत्री कंचन पंत, तारा सिंह, आनंद सिंह, विनोद, कृपाल सिंह, कुशल सिंह, नीरज सिंह, देव सिंह, महेश सिंह, चंद्रशेखर सिंह कार्की, ग्राम प्रधान प्रकाश बिष्ट, पूरन सिंह, महेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान दिनेश, पूर्व प्रधान दीपू आर्य, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य रीखोली आनंद सिंह बोरा व पूर्व प्रधान ललित आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड बिजनेस एक्सीलेंस अवाड्र्स का आयोजन

## राज्य के विभिन्न जनपदों से आए उद्यमियों का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**हल्द्वानी।** नैनीताल रोड स्थित होटल फॉर्च्यून वॉकवे मॉल (आईटीसी होटल्स) में उत्तराखंड बिजनेस एक्सीलेंस अवाड्र्स का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रीत टेक द्वारा किया गया, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से आए उन उद्यमियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, आतिथ्य, रिटेल एवं व्यापार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य आयोजक एवं प्रीत टेक के निदेशक दिलप्रीत सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के समग्र विकास में छोटे और बड़े व्यवसायों



की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और ऐसे मंच उद्यमियों को प्रोत्साहित करने का कार्य करते हैं। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित संस्थानों में वानप्रस्थ रिसॉर्ट्स (अल्मोड़ा) से सीए डा. आलोक मिश्रा, वेलकमहोटल बाय आईटीसी होटल्स जिम कार्बेट से मार्क निक. ोलस, इक ओंकार ग्लोबल एकेडमी (उधम सिंह नगर) से सुखविंदर सिंह, काठीपुरा काठी रोल्स से अरुण, द कबाना से वत्सल अग्रवाल, क्यू हेल्थ डायग्नोस्टिक्स (देहरादून) से डा. शशांक प्रतीक (स्वास्थ्य क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु), अशोका बेयरिंग एंटरप्राइजेज से प्रियव्रत चितलांगिया, वीकेजे प्रोजेक्ट्स (देहरादून) से एमएस राणा तथा अपलिफ्ट फाइनेंशियल कंसल्टेंसी सर्विसेज (हरिद्वार) से अरुण चौधरी शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक हल्द्वानी सुमित हृदयेश, राज्य मंत्री रेनू अधिक. ारी, राज्यमंत्री दिनेश आर्य, प्रदेश प्रकोष्ठ प्रभारी भाजपा उत्तराखंड कौस्तुभानंद, अध्यक्ष बार एसोसिएशन उच्च न्यायालय उत्तराखंड डीसीएस रावत, महासि. चव हाईकोर्ट बार एसोसिएशन नैनीताल सौरभ अधिकारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा समीर आर्य, गन्ना मंत्री उत्तराखंड सरकार मंजीत सिंह राजू उपस्थित रहे।

# ग्राफिक एरा में प्रशिक्षण का समापन



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर में ग्रामीण कार्य विभाग उत्तराखंड सरकार के अभियंताओं के लिए आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शनिवार को हुआ।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य अभियंताओं की व्यावसायिक दक्षता और डिजिटल क्षमता को सुदृढ़ करना था। प्रशिक्षण में आधुनिक इंजीनियरिंग टूल्स, ऑटोकैड, सर्वेक्षण उपकरण, जीपीएस, जीआईएस, रिमोट सेंसिंग, और परियोजना प्रबंधन तकनीकों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। समापन समारोह में निदेशक ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उनके समर्पण की सराहना की।

उन्होंने कहा कि बदलती तकनीकों के दौर में निरंतर कौशल उन्नयन आवश्यक है। प्रतिभागियों ने विश्व. विद्यालय के फैकल्टी सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताया। इस प्रशिक्षण से ग्रामीण अवसंरचना परियोजनाओं में सुधार की उम्मीद जताई गई है, जिससे सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा।

# पुलिस के हाथ नहीं लगा धनंजय

## ठेकेदार धनंजय उत्तराखंड से फरार, नोएडा पहुंचा मंत्री की शरण में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** करोड़ों रुपये की जमीन धोखाधड़ी के आरोपी जालसाज धनंजय गिरी ने अपनी काली कमाई से एक दिन में मजदूर से धन्ना सेठ बनने की मिसाल पेश की। उसका यह अपराध इतना बढ़ा कि अब तक उस पर 9 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं, लेकिन पुलिस उसे पकड़ने में नाकाम रही है। हर बार पुलिस कागजों पर कार्रवाई तक सीमित रही, लेकिन धरपकड़ में पूरी तरह नाकाम साबित हुई। ऐसे में अब यह खुलासा हुआ है कि धनंजय गिरी पुलिस की गिरफ्त से इतनी दूर पहुंच गया और वह अब एक मंत्री के संपर्क में है और इस समय उत्तराखंड से फरार होकर वह नोएडा में आराम कर रहा है। बता दें कि भोटिया सुभाषनगर आवास विकास निवासी



धनंजय की जिंदगी की शुरुआत संघर्षपूर्ण रही, लेकिन उसने जालसा. जी के जरिए अपनी मेहनत को धता बताकर संपत्ति अर्जित की और राजनीतिक गलियारों तक अपनी पहुंच बना ली। यही कारण है कि कई बार पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई करने की कोशिश की, लेकिन हर बार उसे बचाने वाली कोई न कोई शक्ति सामने आ गई। पिछले साल जब शहर की एक बेशकीमती और विवादित प्रॉपर्टी से उसका नाम जुड़ा, तो पुलिस ने फिर कागजी कार्रवाई की झड़ी लगा दी, लेकिन गिरफ्तारी के कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। इसके बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाई और एसआईटी जांच का गठन किया। मामला एसआईटी के पास पहुंचा, और पुलिस ने भी इस मामले में गंभीरता से जांच शुरू की। दो दिन पहले तक भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी रहे अनिल कुमार को इस मामले की जांच दी गई थी, लेकिन आईजी रिद्धिम अग्रवाल के मुताबिक, अनिल ने धनंजय गिरी से सांठ-गांठ कर ली। इस पर गुस्साए आईजी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी अनिल कुमार को निलंबित कर दिया। सूत्रों के मुताबिक धनंजय अब एक मंत्री के संपर्क में है, और इस समय नोएडा में छिपा हुआ है। बताया जा रहा है कि मंत्री का संरक्षण उसे पुलिस से बचा रहा है। धनंजय अब कोर्ट से जमानत प्राप्त करने के प्रयास कर रहा है, जबकि पुलिस उस तक पहुंचने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने स्पष्ट किया है कि चाहे धनंजय कहीं भी हो, उसे हर हाल में सलाखों के पीछे डाला जाएगा और किसी भी सूरत में बचने नहीं दिया जाएगा। पुलिस ने यह संदेश साफ कर दिया है कि अब कागजों से बाहर निकलकर कार्रवाई होगी, और जो भी भ्रष्टाचार और गलत कार्यों में लिप्त होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## 19 ट्रकों की बैटरियां चोरी तहरीर के इंतजार में पुलिस

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा क्षेत्र में चोरों ने गौला खनन में लगे 19 ट्रकों की बैटरियों से हाथ साफ कर लिया। ट्रक मालिक शहजाद अली और अबरार ने बताया कि बीते शनिवार रात गौला नदी में खड़े ट्रकों से बैटरियां चोरी हो गईं। यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी कुछ दिनों पहले इसी तरह की घटना में वाहनों से बैटरियां चुराई गई थीं, जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पीड़ित ट्रक मालिकों ने बताया कि यह चोरियां नशेड़ी ही करते हैं, जो वाहनों को निशाना बनाकर बैटरियां चुराते हैं। अब पुलिस तहरीर का इंतजार कर रही है, जिसके बाद वे कार्रवाई करेंगे। बनभूलपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक डीएस फर्त्याल ने बताया कि इस मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रामवासियों ने ली स्वच्छता की शपथ

## सलेमपुर महदूद में स्वच्छता महा अभियान का आयोजन

**हरिद्वार (शाह टाइम्स संवाददाता)।** ब्लॉक बहादराबाद के ग्राम सलेमपुर महदूद में स्वच्छता महा अभियान के तहत व्यापक स्तर पर सफाई एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्रीमती संगीता पाटिल एवं सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी हेमचंद के नेतृत्व में ग्रामवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम के दौरान गांव के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर सफाई अभियान चलाया गया। सामा. जिक कार्यकर्ता राव हामिद अली ने ग्रामीणों से अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने की अपील करते




हुए कहा कि 'जहां सफाई, वहां खुशहाली' स्वच्छता ही ईमान का हिस्सा है। उन्होंने स्वच्छ वातावरण को स्वस्थ समाज की आधारशिला बताया। अभियान में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी कुलदीप चौहान, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, राव फरम नम्बरदार, मास्टर फुरकान, राव हामिद अली, रिजवान शेख, अंकुर कुमार, अरमान अली, राव शाकिर, विशाल करनवाल, खालिद अली सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने मिलकर गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया।

# अमृत भारत स्टेशन योजनों के कार्य प्रगति की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार को पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने कोच केयर सेंटर रामनगर एवं रामनगर रेलवे स्टेशन का गहन संरक्षा निरीक्षण करते हुए कोच केयर सेंटर में सीबीसी गेज बॉक्स, पोल व्हील सिम्युलेटर, सीबीसी पॉपुलर गेज, बफर हाइट गेज, हैंड ब्रेक इंडिकेटर, थ्री-पॉइंटर व्हील, डायमीटर गेज तथा विनर अल्ट्रासोनिक थिकनेस गेज जैसे विभिन्न संरक्षा यंत्रों की कार्यप्रणाली की जानकारी ली।

■ महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे ने रामनगर स्टेशन एवं कोच केयर सेंटर का किया निरीक्षण



इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों से इन यंत्रों से जुड़ी संरक्षा प्रक्रियाओं पर चर्चा की। इसके उपरांत उन्होंने फिटर रूम, मशीन रूम, स्क्रैप रूम, बायो टॉयलेट लैब, मैकेनाइज्ड क्लीनिंग यूनिट एवं बायो टॉयलेट अनुरक्षण कक्ष का निरीक्षण किया। वाशिंग पिट के निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने जल की खपत को न्यूनतम करने के निर्देश दिए। साथ ही रोलिंग पॉइंट पर कार्यरत कर्मचारियों से संरक्षा संबंधी सावधानियों के बारे में जानकारी लेते हुए ड्यूटी के दौरान सभी अधिका. रियों एवं कर्मचारियों को पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा एवं सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित रामनगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर यहां किए गए विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारों के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आधुनिक प्रतीक्षालय कक्ष, दिव्यांगजनों के लिए सहयोग बूथ तथा पुनर्विकसित आरक्षण भवन का भी गहन निरीक्षण किया। इसके साथ ही स्टेशन पैनल कक्ष एवं विभिन्न संरक्षा उपकरणों का अवलोकन कर सुरक्षित परिचाल. निक व्यवस्थाओं का संज्ञान लिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत यात्रियों की आधुनिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रामनगर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। इसके अंतर्गत आधुनिक प्रतीक्षालय, मॉडर्न टॉयलेट ब्लॉक, स्टेशन भवन का नया फसाड, प्लेटफार्म का उच्चीकरण, जीआरपी पोस्ट, आरक्षण भवन, सर्कुलेटिंग एरिया, प्रवेश एवं निकास द्वार, व्यवस्थित नालियां, चौथा पीपी शेल्टर, उन्नत साइनेज एवं प्रकाश व्यवस्था तथा वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों के लिए टेक्सटाइल पथ, वाटर बूथ, टिकट काउंटर, टॉयलेट, रैंप, पार्किंग तथा सहायता के लिए विशेष सहयोग बूथ की भी व्यवस्था की गई है। वहीं रामनगर स्टेशन परिसर में नव स्थापित हाथी एवं बाघ की आकुतियां यात्रियों के लिए आकर्षक सेल्फी प्वाइंट के रूप में विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक इज्जतनगर वीणा सिन्हा, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार सहित सभी शाखा अधिकारी मौजूद रहे।

# उप कारागार में कैदियों के लिए उच्च शिक्षा की ऐतिहासिक पहल

## उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने स्थापित किया विशेष अध्ययन केंद्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के हल्द्वानी क्षेत्रीय केंद्र के अंतर्गत उपकारागार में रविवार को निरुद्ध कैदियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की गई है। जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा उपकारागार हल्द्वानी में कैदियों के लिए विशेष अध्ययन केंद्र की स्थापना की गई है, जिसके माध्यम से जेल में बंद कैदी भी अब उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इस दौरान प्रो. गिरिजा पाण्डे ने मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय प्रदेश के सुदूर, वंचित एवं उपेक्षित क्षेत्रों तक उच्च शिक्षा पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से कोई भी व्यक्ति वंचित न रहे, इसी उद्देश्य के तहत अब जेल में बंद कैदियों तक भी उच्च शिक्षा की सुविधा पहुंचाई जा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस पहल से कैदियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा और वे समाज की मुख्यधारा से जुड़कर अपने जीवन को नई दिशा दे सकेंगे। डिप्टी जेलर अमित कुमार ने कहा कि शिक्षा प्राप्त करना हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है तथा उपेक्षित वर्ग तक उच्च शिक्षा पहुंचाना एक बड़ी चुनौती है। प्रो. एमएम जोशी ने विश्व. विद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखंड मुक्त विश्व. विद्यालय समाज के वंचित, उपेक्षित एवं विशेष आवश्यकता वाले वर्गों तक उच्च शिक्षा की अलख जगाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का संच. ालन करते हुए सहायक क्षेत्रीय निद. ेशक रेखा बिष्ट ने बताया कि इस विशेष अध्ययन केंद्र के माध्यम से जेल में बंद कैदियों को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में निशुल्क प्रवेश दिया जा रहा है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार ने भी उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के निदेशक क्षेत्रीय सेवाएं प्रो. गिरिजा पाण्डे, उपनिदेशक प्रो. एमएम जोशी, सहायक क्षेत्रीय निदेशक रेखा बिष्ट, नीलम धामी सहित विश्वविद्यालय एवं कारागार प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# ईवीसीएल लीग फ्रॉडः ढाका मामले में आज होगी सुनवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ईवीसीएल लीग फ्रॉड का मुख्य आरोपी विकास ढाका अब सलाखों के पीछे है, लेकिन वह जल्द ही रिहाई के प्रयासों में जुटा हुआ है। ढाका ने अपने वकील के माध्यम से कोर्ट में जमानत अर्जी दायर की है, जिस पर कल यानि आज सोमवार को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट में सुनवाई होनी है। अब यह पुलिस पर निर्भर करेगा कि वह कोर्ट में अपनी आख्या प्रस्तुत कर ढाका को जेल से रिहा करवा पाती है या फिर उसे सलाखों के पीछे ही रहना होगा। बता दें कि नोएडा के सेक्टर-ए निवासी विकास ढाका पुत्र यशवीर सिंह ढाका ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को ईवीसीएल टी-20 लीग के आयोजन के लिए चुना था। जालसाजी के उद्देश्य से उसने अंत. रराष्ट्रीय क्रिकेटर हरभजन सिंह और इरफान पठान जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को अपने लीग का पोस्टर ब्वॉय बनाया था। हालांकि लीग के पहले दिन से ही यह संदेहास्पद नजर आने लगी थी, और 3 फरवरी को शुरू होने वाली इस लीग से ठीक पहले बीते 2 फरवरी को विकास ने अचानक अपने प्रमुख वित्तीय साझेदार प्रमोद सिंह की मौत की कहानी गढ़ी, जिससे उसकी जालसाजी का चेहरा पूरी तरह से बेनकाब हो गया। हालांकि तब तक विकास ढाका लाखों रुपये जुटा चुका था। विकास के फरार होने से पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। उसके खिलाफ पूर्व विधायक नारायण पाल और यूपी वॉरियर्स की टीम खरीदने वाले हेमंत शर्मा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इस समय विकास ढाका तीन दिनों से जेल में बंद है। गिरफ्तारी के तुरंत बाद उसने अपने वकील के माध्यम से जमानत अर्जी कोर्ट में दायर की। अब कोर्ट ने पुलिस से दो दिनों के भीतर अपनी आख्या प्रस्तुत करने को कहा है, और इस पर कल यानि आज सोमवार को सुनवाई होनी है। यह देखना होगा कि पुलिस की रिपोर्ट ढाका को जेल से रिहा करवाने का आधार बनाती है या वे अभी और समय सलाखों के पीछे बिताएगा।

# जागरूकता, एकता का प्रतीक है राम मंदिर निर्माण

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शीशमहल रामलीला मैदान में विराट हिन्दू सम्मेलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सकल सनातन समिति शीशमहल के तत्वावधान में रामल. ीला मैदान शीशमहल में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सज्जन शक्ति को एकजुट कर समाज को सकारात्मक दिशा देने का आह्वान किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शीशमहल क्षेत्र में यह हिंदू सम्मेलन पूर्व मेयर डा.जोगेंद्र रौतेला के संयोजकत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आरएसएस पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय सेवा प्रमुख धनीराम मुख्य वक्ता रहे। वहीं मातृशक्ति के रूप में प्रो. डा. चंद्रा जोशी, आध्यात्मिक क्षेत्र में



उल्लेखनीय कार्य करने वाले संत सीताराम बाबा, इस्कॉन हल्द्वानी के अध्यक्ष जय जगदीश प्रभु मौजूद रहे। इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम से पूर्व 500 महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में कलश यात्रा निकाली। आयोजन स्थल पर आगंत. ुकों का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना से हुआ। मुख्य वक्ता धनीराम ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना वर्ष 1925 में डा. हेडगेवार द्वारा संपूर्ण हिंदू समाज के संगठन के उद्देश्य से की गई थी। संघ ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य की ओर निरंतर कार्य किया है। 1948 का प्रतिबंध हो या 1975 की आपातकाल की स्थिति, संघ सदैव अडिग रहा। उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण हिंदू जागरूकता और एकता का प्रतीक है तथा यह सदी हिंदुत्व की सदी है। स्वदेशी विचार और भारतीय संस्कारों के माध्यम से ही भारत को अग्रणी और विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है। डा. चंद्रा जोशी ने कहा कि संघ द्वारा दिए गए पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज परिवर्तन संभव है, जिससे भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा। इस्कॉन के जय जगदीश प्रभु ने कहा कि आज न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी हिंदुत्व की विचारधारा का प्रभाव बढ़ रहा है और विश्व शांति के लिए हिंदुत्व को आत्मसात किया जा रहा है। इस मौके पर संरक्षक हरीश पांडे, गिरीश तिवारी, रामलीला कमेटी अध्यक्ष मनोज तिवारी, राजेश जोशी, धीरेन्द्र शर्मा, कौस्तुभानंद जोशी, पंकज खत्री, सतीश तिवारी, विपिन जोशी, राजेश अग्रवाल, डा. भारत भूषण, रवि मेहरा, अक्षय बल्यूटिया, उमेश जोशी, ललित जोशी, गिरीश लोहनी, ललित भट्ट, कमल किशोर जोशी, दिनेश फुलारा, मनोज रावत, कैलाश बेलवाल, भावना पोखरिया, नीलम लोहनी, आशा खत्री, अंजू जोशी, पूनम जोशी, गीता उप्रेती, राधा तिवारी आदि मौजूद रहे।

## वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति का खिचड़ी कार्यक्रम संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति द्वारा अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार को माघ माह के




अवसर पर रोडवेज स्थित गोविन्द बल्लभ पंत पुस्तकालय परिसर में खिचड़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कई लोगों ने पहुंचकर खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। खिचड़ी भोज कार्यक्रम का शुभारंभ दर्जा राज्यमंत्री नवीन चंद वर्मा, रमेश चंद मठपाल, समिति के अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके डीके बल्यूटिया, इंदर सिंह निगल्टिया, दिनेश चंद्र पंतोला, सीएम पांडे, प्रताप सिंह जंतवाल, ललित मोहन लोहनी, विष्णु सिंह रावत, पद्मादत्त पांडे, आरएस ऐरी, सुशील कुमार अग्रवाल, लेफ्टिनेंट कर्नल बीडी कांडपाल, मोहिनी पांडेय, नीरू धवन, साधना दत्त, बीडी जोशी, शिवदत्त तिवारी आदि मौजूद रहे।

# पूर्व सैनिकों ने मेयर गजराज को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पूर्व दर्जा मंत्री रहे मेयर गजराज सिंह बिष्ट द्वारा अपने एक वर्ष के सफलतम कार्यकाल की समाप्ति पर पूर्व सैनिकों द्वारा रविवार को कमलुवागांजा स्थित एक बैंक्वेट हॉल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। आयोजित सम्मान और शुभकामना कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम कमलुवागांजा रोड स्थित रघुनाथ बैंक्वेट हक्ल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सैनिकों ने मेयर गजराज सिंह बिष्ट के समक्ष यह प्रस्ताव रखा कि भविष्य में किसी भी सम्मेलन या कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों को उनके पद और गरिमा के अनुरूप सम्मान दिया

■ एक साल के कार्यकाल को सराहा



जाए और उनकी उपस्थिति का विधिवत उल्लेख किया जाए। मेयर गजराज बिष्ट ने इस प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि इस दिशा में हर संभव कदम उठाया जाएगा। इस मौके पर रिटायर्ड कैप्टन सोबन सिंह भड़, रिटायर्ड डीआईजी भगत सिंह टोलिया, डायरेक्टर उपनल कर्नल आलोक पांडे, डिप्टी कमांडेंट डीएस बोहरा, डिप्टी डायरेक्टर खेल सुरेश पांडे, पूर्व सैनिक लीग अध्यक्ष लेफ्टिनेंट कर्नल बीएस रौतेला, सेवा परिषद अध्यक्ष कैप्टन दया किशन जोशी, कैप्टन डीएस खर्कवाल, उदय सिंह मेहरा, त्रिवेणी पांडे, सिंह नवीन खर्कवाल, नंदन सिंह बिष्ट, मनोहर नेगी, हीरा सिंह बसेड़ा, ग्रीस बेलवाल सूबेदार मेजर, सांसद प्रतिनिधि गोविंद बड़ती, सूबेदार मेजर कुंदन गड़िया, वीरेंद्र सिंह, रवि कन्याल, मान सिंह कार्की, भूपाल सिंह डोबल, अर्जुन भंडारी, दान सिंह बुगला, पूरन सिंह मेहरा, राजेंद्र मेहरा, रमेश पांडे, कल्याण धामी, चंचल खोलिया, महेश बसेड़ा, दया किशन फुलारा, सतीश तिवारी, पूरन सिंह दफौटी, संजय भोजक, करम सिंह बिष्ट, गिरीश फुलारा व पार्षद धीरज पांडे सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## उत्तराखण्ड की रणजी टीम ने रचा इतिहास

**हल्द्वानी।** झारखंड को एक पारी व 6 रन से हराकर उत्तराखंड की रणजी टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार सेमीफाइनल का सफर तय कर लिया है। जमश. ेदपुर के कीनन स्टेडियम में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 371 रन बनाये। टीम के लिए अवनीश सुदा ने 64, सुचित ने 70 रन, कप्तान कुनाल चंदेला ने 68 रन, अभय नेगी ने 46 रन और विकेटकीपर बल्लेबाज सौरभ रावत ने 32 रन का योगदान दिया। जवाब में खेलने उतरी झारखंड की टीम पहली पारी में 235 जबकि दूसरी पारी में 130 रन पर ढ़ेर होकर पवैलियन लौट आई और मैच को एक पारी 6 रन से हार गई। उत्तराखंड के लिए मयंक मिश्रा ने पहली पारी में 3 विकेट दूसरी पारी में 5 विकेट झटके। जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की जीत पर बधाई दी। उत्तराखंड की टीम में नैनीताल जिले के हल्द्वानी निवासी चार खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे और चारो खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। झारखंड के खिलाफ मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिलने पर स्पिन गेंदबाज मयंक मिश्रा गदगद है। उत्तराखंड की टीम के सेमीफाइनल में प्रवेश करने पर जिला नेनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमित हृदयेश, कोषाध्यक्ष कमल पपनै, किशन अनेरिया, आनंद बिष्ट, लीला कांडपाल, नरेंद्र अधिकारी, मनोज भट्ट, जगमो. हन बगड़वाल, सुनील साह, विजय कुकसाल ने बधाई दी है।

# युवती से छेड़छाड़, विरोध करने पर पत्थर से सिर फोड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में एक युवती से छेड़छाड़ और फिर विरोध करने पर पत्थर से जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। बनभूलपुरा पुलिस ने पीड़ित परिवार की ओर मिली तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज उसकी तलाश शुरू कर दी।

पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरा. ेपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया जायेगा। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाली पीड़िता की दादी ने बनभूलपुरा पुलिस को दी तहरीर में कहा कि जवाहर नगर बनभूलपुरा निवासी अन्ना नामक एक युवक पिछले लंबे समय से उसकी पौती को परेशान कर रहा है। पीड़िता की दादी ने आरोप लगाया कि जब भी उसकी पौती घर से बाहर निकलती है तो

### आरोपी के खिलाफ पीड़ित परिवार ने मुकदमा दर्ज कराया

युवक उसका पीछा करता है और शादी करने लिए दबाव डालता है। इतना ही नहीं वह रास्ते में उसके साथ अश्लील हरकतें व छेड़छाड़ भी करता है। दादी ने बताया कि बीते शनिवार को उसकी पौती दुकान में कुछ सामान लेने के लिए जैसे ही घर से निकली तो युवक ने उसका पीछा करना शुरू किया और जबरन उसे अपने साथ गौला नदी की तरफ ले गया। तहरीर में दादी ने आरोप है कि उसकी पौती पर जबरदस्ती शादी का दबाव बनाकर उसको डरा-धमका रहा था और जब उसकी पौती ने इसका विरोध किया तो आरोपी युवक ने उसकी पौती के सिर में पत्थरों से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और युवती ने बमुश्किल वहां से भागकर अपनी जान बचाई। घायल युवती का उपचार बेस अस्पताल में चल रहा है। बनभूलपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश फर्त्याल ने बताया कि पीड़िता की दादी की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है और शीघ्र ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## 115 पाउच कच्ची शराब एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चोरगलिया पुलिस ने बीती रात्रि चैकिंग के दौरान एक शराब तस्कर को 115 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार की रात चोरगलिया थाना प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में चैकिंग कर रही थी तभी एक युवक संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया जो टीम को देख भागने लगा। शक होने पर टीम ने घेराबंदी करते हुए शरब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी तलाशी के दौरान उसके पास से 115 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पकड़े गए शराब तस्कर ने अपना नाम बलवंत सिंह पुत्र श्याम सिंह निवासी कौंदाखेड़ा थाना नानकमत्ता ऊधमसिंहनगर बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधि. नियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

# वेतन नहीं मिलने पर भड़के रोडवेज कर्मचारी

## रोडवेज स्टेशन में काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दो माह से लंबित वेतन का तत्काल भुगतान की मांग को लेकर रविवार को उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के ट्रैफिक शाखा के कर्मचारियों ने हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन में काली पट्टी बांधकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने चेताया अगर शीघ्र ही वेतन भुगतान नहीं हुआ तो कर्मचारी उग्र आंदोलन को बाध्य होगे। रविवार को हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन में उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के ट्रैफिक शाखा के बैनर तले दर्जनों रोडवेज कर्मचारी एकत्र हुए और निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। धरनास्थल पर हुई सभा को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष जगदीश कांडपाल ने कहा कि रोडवेज कर्मचारियों को दिसंबर व जनवरी



माह का वेतन भुगतान अभी तक नहीं हुआ। वेतन ना मिलने से रोडवेज कर्मचारियों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि दो माह का वेतन भुगतान शीघ्र ही किया जाए और हर माह की 7 तारिख को रोडवेज कर्मचारियों को वेतन भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा अगर शीघ्र ही कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया और वेतन भुगतान ना हुआ तो कर्मचारी उग्र आंदोलन के लिए भी बाध्य होंगे। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी विभाग की होगी। धरना प्रदर्शन करने वालों में क्षेत्रीय अध्यक्ष जगदीश कांडपाल, क्षेत्रीय मंत्री उमेश चंद्र जोशी, शाखा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रावत, संयुक्त मंत्री कौशल जोशी, मोहन सिंह बोरा, रमेश कपिल, गगन जोशी, राजीव भट्ट, किशन सिंह, चंदन डंगवाल, शबाब अली, देवेंद्र सिंह, राकेश सिंह, इंदर कुमार, अमरीक सिंह, अबरार, नवीन पांडे, पूरन नेगी, ललित मोहन और सूरज सिंह मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

संक्षिप्त खेल समाचार

## सर्विसेज ने 8वां खिताब जीता फाइनल में केरल को हराया

**ढाकुआखाना, वार्ता।** सर्विसेज़ ने रविवार को खचाखच भरे ढाकुआखाना फुटबॉल स्टेडियम में संतोष ट्रॉफी 2025-26 के लिए 79वीं नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप के रोमांचक फाइनल में केरल को 1-0 से हराया। यह आठवीं बार था जब उन्होंने अपने उतार-चढ़ाव भरे इतिहास में भारतीय फुटबॉल का पवित्र खिताब जीता। स्ट्राइकर अभिषेक पवार ने 109वें मिनट में तनावपूर्ण मुकाबले का एकमात्र गोल किया, रेगुलेशन और एक्स्ट्रा टाइम के पहले हाफ में कोई गोल नहीं हुआ था। चैंपियनशिप के इतिहास में यह सिर्फ दूसरी बार था जब ये दोनों टीमें फाइनल में भिड़ीं। वे आखिरी बार 2012-13 एडिशन के फाइनल में कोच्चि में मिली थीं, जब सर्विसेज ने पेनल्टी शूट-आउट से 4-3 से जीत हासिल की थी।

## सात्विक-राधिका शर्मा ने जीता मिक्स्ड डबल्स खिताब

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की उभरती हुई महिला सिंगल्स खिलाड़ी देविका सिहाग ने रविवार को बाकू में अजरबैजान इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में इंटरनेशनल सर्किट पर अपना लगातार दूसरा टाइटल जीता, जबकि सात्विक रेड्डी के और राधिका शर्मा ने मिक्स्ड डबल्स का टाइटल जीता। देविका, जो पिछले हफ्ते थाईलैंड मास्टर्स में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300 टाइटल जीतने वाली सिर्फ तीसरी भारतीय महिला सिंगल्स खिलाड़ी बनी थीं, ने फाइनल में हमवतन नव्या कंडेरी को 21-10, 21-13 से हराकर अपना टाइटल जीतने का सिलसिला जारी रखा। टाइटल जीतने के बाद बाई मीडिया से बात करते हुए, देविका ने कहा कि वह इन दो हफ्तों में जिस तरह से खेलीं, उससे खुश हैं, भले ही उन्होंने ज्यादा ट्रेनिंग नहीं की हो।

# भारत-पाकिस्तान मैच पर लाहौर में तीन पार्टियों की मीटिंग

- **बीसीबी के प्रेसिडेंट इस तीन पार्टियों की मीटिंग में देश को रिप्रेजेंट कर रहे हैं**
- **पीसीबी बातचीत की टेबल पर आया है, मीटिंग का नतीजा क्या होगा, यह अभी भी अंदाजा लगाने की बात**

**लाहौर, वार्ता।** भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले टी 20 विश्व कप मैच में पाकिस्तान के हिस्सा लेने के मुश्किल मुद्दे पर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारियों के बीच रविवार को लाहौर में मीटिंग होनी है। मीटिंग में बांग्लादेश के भी शामिल होने की उम्मीद है, जिसे पीसीबी ने बुलाया है।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम इस तीन पार्टियों की मीटिंग में देश को रिप्रेजेंट कर रहे हैं, जिसके लिए आईसीसी के कुछ अधिकारी भी आने वाले हैं। बांग्लादेश का शामिल होना समझना मुश्किल नहीं है, क्योंकि पूरा टी20 विश्व कप का झगड़ा तब शुरू हुआ जब बीसीबी ने लिटन दास की टीम के लिए जगह बदलने की मांग की, यह कहते हुए कि वे भारत में सुरक्षित नहीं हैं। हालांकि आईसीसी ने उस रिक्वेस्ट को ठुकरा दिया और स्कॉटलैंड ने बांग्लादेश की जगह ले ली, लेकिन पाकिस्तान ने उनके साथ एकजुटता दिखाते हुए विरोध में कोलंबो में भारत का मैच नहीं खेलने की कसम खाई। जैसा कि क्रिकबज ने शनिवार को बताया, पाकिस्तान का यह कदम एक बड़े मुद्दे में बदल गया है, जिसमें दुर्लभ फ़ोर्स मेज्योर क्लॉज का इस्तेमाल किया गया है, जिसकी वैधता को आईसीसी ने पूरी तरह से खारिज कर दिया था। भारत का मैच न खेलने के लिए भारी फ़ाइनेंशियल नुकसान और संभावित सजाओं की संभावना का सामना करते हुए - जिससे मेंबर्स पार्टिसिपेशन एग्रीमेंट का अपमान होता है - पीसीबी बातचीत की टेबल पर आया है। मीटिंग का नतीजा क्या होगा, यह अभी भी अंदाजा लगाने की बात है, लेकिन यह डेवलपमेंट इस बात का संकेत है कि पाकिस्तान टीम बड़े कोलंबो मैच पर अपने रुख पर फिर से सोच रही है। इस कदम की श्रीलंका ने पहले ही आलोचना की है, जिसने बताया है कि बॉयकॉट की वजह से टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में देश को भारी फाइनेंशियल नुकसान हो सकता है। श्रीलंका ने पाकिस्तान को उस समय की भी याद दिलाई जब उसे इंटरनेशनल बॉयकॉट का सामना करना पड़ा था और कैसे श्रीलंका क्रिकेट टीम ने इंटरनेशनल क्रिकेट को पाक में वापस लाने में मदद की थी।

# कीवियों ने अफगानिस्तान को हराया




- **टिम साइफर्ट 65 और फिलिप्स की 42 रनों की शानदार बल्लेबाजों की बदौलत न्यूजीलैंड ने जीत हासिल की**

**चेन्नई, वार्ता।** टिम साइफर्ट (65) और ग्लेन फिलिप्स (42) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने रविवार को टी-20 विश्वकप 2026 के चौथे मुकाबले में अफगानिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। मुजीब उर रहमान ने दूसरे ही ओवर में फिन ऐलन (एक) और रचिन रविंद्र (शून्य) को आउटकर न्यूजीलैंड को दो झटके दिए।

इसके बाद ग्लेन फिलिप्स ने टिम साइफर्ट के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 74 रनों की साझेदारी हुई। 10वें ओवर में राशिद खान ने ग्लेन फिलिप्स को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। ग्लेन फिलिप्स ने 25 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए (42) रनों की पारी खेली। 13वें ओवर में मोहम्मद नबी ने टिम साइफर्ट को आउटकर न्यूजीलैंड को चौथा झटका दिया। टिम साइफर्ट ने 42 गेदों में सात चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 65 रन बनाए। मार्क चैपमैन 17 गें. दों में 28 रन को 16वें ओवर में ओमरजई ने आउट किया। न्यूजीलैंड ने 17-5 ओवर में 183 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। डैरिल मिचेल 14 गेंदों में (25) और कप्तान मिचेल सैंटनर आठ गेंदों में 17 रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान के लिए मुजीब उर रहमान ने दो विकेट लिए। अजमतउल्लाह ओमरजई, राशिद खान और मोहम्मद नबी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रहमानउल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जदरान की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 35 रन जोड़े। छठें ओवर में लॉकी फर्ग्युसन ने पहली गेंद पर इब्राहिम जदरान (10) और छठी गेंद पर रहमानउल्लाह गुरबाज (27) का शिकार कर लिया। इसके बाद गुलबदीन नईब और सेदिक़ुल्लाह अटल की जोड़ी ने तीसरे विकेट के लिए 79 रन जोड़कर अफगानिस्तान के बड़े स्कोर की नींव रखी। 15वें ओवर में जेकब डफी ने सेदिकुल्लाह अटल (29) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 18वें ओवर में रचिन रविद्र गुलबदीन नईब को आउटकर पवेलियन भेज दिया। गुलबदीन नईब ने 35 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 63 रनों की पारी खेली। डरविश रसूली (20) और अजमतउल्लाह ओमरजई (10) रन बनाकर आउट हुए। अफगानिस्तान ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 182 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्युसन ने दो विकेट लिए। मैट हेनरी, जेकब डफी और रचिन रविद्र ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# भारत ने आखिरी दिन जीते नौ स्वर्ण पदक

- **बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 की अगुवाई कर रहे है लवलीना व अरुंधति**



**ला नुसिया, वार्ता।** भारत ने आखिरी दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 को बहुत सफल तरीके से खत्म किया, जिसमें ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन और पूर्व यूथ वर्ल्ड चैंपियन अरुंधति चौधरी ने ला नुसिया, एलिकांटे में शानदार फिनिश करते हुए नौ गोल्ड मेडल जीते। एक खास उपलब्धि यह रही कि शनिवार को भारत ने सात एलीट विमेंस फाइनल में हिस्सा लिया - जिसमें 54किग्रा डिवीजन में एक ऑल-इंडियन टाइटल क्लैश भी शामिल था - और हर एक में गोल्ड मेडल जीता। ला नुसिया, एलिकांटे में हुए बॉक्सम एलीट 2026 में 20 देशों के 200 से ज्यादा बॉक्सर्स ने हिस्सा लिया, जिससे सीजन की शुरुआत में ही एक हाई-क्वालिटी इंटरनेशनल टेस्ट मिला। भारत नौ गोल्ड, तीन सिल्वर और सात ब्रॉन्ज मेडल के साथ कॉम्पिटिशन का सबसे सफल देश रहा। बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, बॉक्सम एलीट ने ठीक वैसा ही मौका दिया जैसा हम सीजन के इस स्टेज पर ढूंढ रहे थे, जिसमें मजबूत इंटरनेशनल मुकाबले, अलग-अलग वेट कैटेगरी में गहराई और हाई-प्रेशर वाले मुकाबले शामिल थे। स्पेन में परफॉर्मेंस, खासकर फाइनल में कन्वर्जन रेट, हमारे प्रोग्राम की प्रोग्रेस को दिखाता है। आने वाला साल मुश्किल होने के साथ, यह टूर्नामेंट हमारे बॉक्सर्स को आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करने में एक अहम कदम रहा है। पूरे दल को शानदार कैंपेन के लिए बधाई। भारत की महिलाओं ने आखिरी दिन बेंचमार्क सेट किया। मंजू रानी (48किग्रा) और नीतू (51) ने स्पेन की मार्टा लोपेज और नोएलिया गुटिरेज पर एकमत से जबरदस्त जीत के साथ शुरुआत की, इससे पहले पूनम (54) ने कड़े मुकाबले वाले ऑल-इंडियन फाइनल में हमवतन प्रीति को हराया। प्रिया (60) और अरुंधति (70) ने यूक्रेनी विरोधियों पर 5-0 से शानदार जीत हासिल की, जबकि लवलीना (75) ने अपना खास कंट्रोल और संयम दिखाते हुए इंग्लैंड की मैरी-केट स्मिथ को 4-1 से हराया। नैना (80) ने यूक्रेन की रईसा पिस्कुन पर आसान जीत के साथ स्वीप पूरा किया। महिलाओं के प्रदर्शन पर बात करते हुए, भारतीय महिला टीम के हेड कोच सैंटियागो नीवा ने कहा कि यह महिलाओं का शानदार प्रदर्शन था।


# दिल्ली में भारतीय टीम से जुड़ेंगे सुंदरः सूर्या



- **वाशिंगटन सुंदर साइड स्ट्रेन के कारण पिछले कुछ समय से टीम से बाहर थे**

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि वॉशिगटन सुंदर 12 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ होने वाले अगले टी-20 विश्व कप मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। वॉशिगटन साइड स्ट्रेन के कारण पिछले कुछ समय से टीम से बाहर थे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच भी नहीं खेला था। उन्होंने नेट्स में गेंदबाजी शुरू कर दी थी, लेकिन टीम प्रबंधन ने चार फरवरी को हुए अभ्यास मैच में उन्हें नहीं खिलाने का निर्णय किया। जसप्रीत बुमराह भी अभ्यास मैच और शनिवार को अमेरिका के खिलाफ हुए मैच में नहीं खेले। अमेरिका के खिलाफ उम्मीद से अधिक कड़े मैच के बाद सूर्यकुमार ने दोनों खिलाड़ियों पर बात की। उन्होंने कहा कि वॉशिगटन सुंदर हमारे साथ दिल्ली में जुड़ रहे हैं। वह ठीक हैं और सब कुछ सही है। मौजूदा हालात में वॉशिगटन, स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल के बैक-अप हैं। अक्षर पटेल ने अमेरिका के खिलाफ 162 रन के बचाव में 24 रन देकर दो विकेट लेकर अहम भूमिका निभाई थी। अक्षर और वरुण चक्रवर्ती के अलावा जब तक तीसरे स्पिनर की जरूरत न हो, फिट होने के बावजूद वॉशिगटन एकादश से बाहर रह सकते हैं। फिट होने पर बुमराह टीम में वापस आएंगे। सूर्यकुमार ने कहा कि मौसम की वजह से उन्हें तेज बुखार था। जिसका असर मुंबई में पहले मैच से पहले अभिषेक शर्मा पर भी पड़ा था। बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज की वापसी हुई।

# मनीषा ने जागरेब ओपन में जीता स्वर्ण पदक



- **एशियाई चैंपियन मनीषा भानवाला ने क्वालिफायर में स्वीडन की टिड्डा को 9-4 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की**

**क्रोएशिया, वार्ता।** भारत की मनीषा भानवाला ने जागरेब ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में महिलाओं की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण जीता, जबकि अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। एशियाई चैंपियन मनीषा भानवाला ने क्वालिफायर में स्वीडन की टिड्डा डेलमिर को 9-4 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की, जिसके बाद क्वार्टर-फाइनल में कजाकिस्तान की निलुफर रैमोवा के खिलाफ 14-4 से शानदार जीत दर्ज की। इसके बाद भारतीय पहलवान ने जर्मनी की एमोरी एंड्रिच को 11-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उन्होंने शनिवार को जापान की पूर्व अंडर-23 विश्व चैंपियन हिमेका तो. कुहारा को 3-0 से हराकर जागरेब ओपन में भारत का दूसरा स्वर्ण पदक जीता। दो बार की विश्व कुश्ती चैंपियनशिप की कांस्य पदक और ओलंपियन अंतिम पंघाल ने भी 53किग्रा वर्ग में पोडियम फिनिश के साथ जागरेब में भारत की पदक संख्या में इजाफा किया। उन्होंने क्वार्टर में अमेरिका की केटी गोमेज को 11-0 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की, लेकिन सेमीफाइनल में एक और अमेरिकी पहलवान और आखिर में चैंपियन बनी एवरेस्ट लेडेकर से हार गईं। यह मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा, लेकिन अंतिम क्राइटेरिया के आधार पर हार गईं। कांस्य पदक मुकाबले में, अंतिम पंघाल ने अपनी ही देश की अंजली कछवा को 10-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की, जो क्वार्टर फाइनल में एवरेस्ट लेडेकर से हार गई थीं। इस बीच, दीक्षा मलिक ने भी 72किग्रा महिला फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत जीता। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में क्रोएशिया की वेरोनिका विल्क को 4-0 से और सेमीफाइनल में क्रिस्टीना ब्रात्चिकोवा को 4-2 से हराया। फाइनल में, दीक्षा मलिक को तुर्की की पेरिस 2024 की कांस्य पदक विजेता बुसे तोसुन कैवुसोग्लू से 5-2 से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। प्रिया भी महिलाओं के 76 किग्रा वर्ग में कांस्य मुकाबले में पहुंचीं, लेकिन फ्रांस की केंड्रा डाचर से 6-0 से हार गईं। ग्रीको-रोमन स्पर्धा में, भारत के अमन 77 किग्रा वर्ग में क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए, जबकि रोहित 87 किग्रा वर्ग में क्वालिफायर से आगे नहीं बढ़ पाए।

# द स्टेट्समैन विटेज एंड क्लासिक कार रैली को दिखाई हरी झंडी



- **इस अवसर पर कार प्रेमी अपनी-अपनी पुरानी शानदार गाड़ियों को लेकर रैली के लिए वहां मौजूद थे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रविवार को बहुप्रतीक्षित द स्टेट्समैन विटेज एंड क्लासिक कार रैली के 59वें आयोजन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली यहां बाराखंभा रोड पर स्टेट्समैन हाउस से शुरू हुई। इस अवसर पर कार प्रेमी अपनी-अपनी पुरानी शानदार गाड़ियों को लेकर रैली के लिए वहां मौजूद थे। द स्टेट्समैन विटेज एंड क्लासिक कार रैली एक वार्षिक समारोह है जिसका दिल्ली और कोलकाता में आयोजन होता है। यह भारत और उपमहाद्वीप में सबसे पुराने लगातार चलने वाली स्पर्धाओं में से एक है।

रैली की शुरुआत 1964 में दिल्ली में हुई थी। रैली में हिस्सा लेने वाली मशहूर विटेज और क्लासिक कारों में 1936 रोल्स रॉयस, 1926 स्टडबेकर एर्स्किन, 1906 रेनॉल्ट रेरेस, 1935 राइटक्राफ्ट, और 1938 मर्सिडीज, 1937 वोल्सेली, 1932 बेबी ऑस्टिन, 1938 एडलर, 1937 डॉज, 1929 ऑस्टिन 7 टूरर, 1919 सिट्रोएन टॉरपीडो, 1913 स्टोवर, 1912 स्टैंडर्ड कोवेंट्री और कई अन्य कारें शामिल हैं। रैली के 59वें आयोजन में 100 से अधिक गाड़ियां हिस्सा ले रही हैं।

इस स्पर्धा का मुख्य आकर्षण विटेज और क्लासिक कारों का जमावड़ा है, जिसे बाद में शहर में चलाया जाता है जहां कारों की मौलिकता और सड़क पर उनके प्रदर्शन का आकलन किया जाता है। एक शानदार परेड और लाइव संगीत होता है। रोल्स रॉयस, बेंटले, रेल म्यूजयिम की 1914 जॉन मॉरिस फायर इंजन, छोटी विटेज और क्लासिक कारें, और बाहर से आई कारें इस साल के कार्यक्रम की कुछ खास बातें होंगी। हिस्सा लेने वाली विटेज और क्लासिक कारें दोपहर एक बजे इंडिया गेट के पास मेजर ध्यान चंद नेशनल स्टेडियम पहुंचेंगी। पुरस्कार वितरण समारोह मेजर ध्यान चंद नेशनल स्टेडियम में दोपहर साढ़े तीन बजे होगा। गाड़ियों के मालिक हर साल इस रैली का बेसब्री से इंतजार करते हैं क्योंकि यह उन्हें पुराने जमाने की अपनी अच्छी तरह से मेंटेन की गई मशीनों को आज की सड़कों पर चलाने का एक अनोखा मौका देती है। यह रैली राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को विटेज गाड़ियों के जरिये एक शानदार दौर की झलक देखने का मौका देती है। इन गाड़ियों को विटेज, क्लासिक, पोस्ट-वॉर और दूसरी कैटेगरी में बांटा गया है।

# शिखर धवन को दिल्ली खेल महाकुंभ का ब्रांड एंबेसडर बनाया



- **टूर्नामेंट का आयोजन राजधानी के सभी 12 जिलों की 16 जगहों पर किया जाएगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली सरकार ने शुक्रवार से शुरु हो रहे पहले दिल्ली खेल महाकुंभ के लिए यूथ आइकन और अर्जुन अवॉर्डी, शिखर धवन को ब्रांड एंबेसडर बनाया है।

दिल्ली सरकार के शिक्षा और खेल निदेशालय का उद्देश्य इस मंच के जरिये राजधानी में जमीनी स्तर पर खेलों में भागीदारी को मजबूत करना और प्रतिभा की पहचान करना है। इस टूर्नामेंट का आयोजन राजधानी के सभी 12 जिलों की 16 जगहों पर किया जाएगा जिसमें हजारों युवा एथलीट बास्केटबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, स्क्वैश और वॉलीबॉल में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के शिक्षा और खेल मंत्री आशीष सूद ने कहा कि दिल्ली खेल महाकुंभ को प्रतिभा और खेलों के विकास के लिए एक बदलाव लाने वाले मंच के तौर पर देखा गया है।

ब्रांड एंबेसडर के तौर पर शिखर धवन का जुड़ना इस पहल को बहुत अधिक भरोसा और प्रेरणा देता है, और यह जमीनी स्तर पर विकास, बड़े पैमाने पर भागीदारी को बढ़ावा देने और भविष्य के स्पोर्ट्स टैलेंट की पहचान करने के हमारे मकसद के साथ पूरी तरह से जुड़ता है। शिखर धवन ने कहा कि मैं बहुत आभारी हूं और इस सम्मान के लिए दिल्ली सरकार और शिक्षा एवं खेल निद. ेशालय को धन्यवाद देना चाहता हूं। दिल्ली खेल महाकुंभ इस क्षेत्र में खेल के विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम है, जो टैलेंट से भरा हुआ है और सही मौके और प्रदर्शन की तलाश में है। एक प्रोफेशनल एथलीट के तौर पर, मैं अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच मिलने की अहमियत समझता हूं और अपने वेंचर दा वन स्पोर्ट्स के जरिये, मैं युवाओं के लिए अपने सपने पूरे करने का रास्ता और इकोसिस्टम बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध रहा हूं। भारतीय खेलों में दिल्ली की एक समृद्ध विरासत है और मुझे उम्मीद है कि इस एसोसिएशन के जरिये मैं उभरते हुए टैलेंट को स्वयं पर विश्वास करने और भाग लेने के लिए प्रेरित कर पाऊंगा।

# रातों-रात भारत के विश्व कप स्टार बने सिराज

- **अमेरिका टीम पर भारत की मुश्किल जीत के एक अनालाइकली स्टार के तौर पर उभरे**




**मुंबई, वार्ता।** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने जर्मनी में एक लंबी छुट्टी और रियल मैड्रिड का मैच देखने के लिए स्पेन जाने का प्लान बनाया था। उन्होंने हैदराबाद में अपने दोस्तों को इस प्लान के बारे में बताया और जब इंडियन टीम के ट्रेनर एड्रियन ले रॉक्स का कॉल आया, तो उन्होंने डिस्टर्ब न करने की रिक्वेस्ट की। मुंबई शुक्रवार रात तक उनके आईपीएल से पहले के प्लान में नहीं था। चौबीस घंटे बाद, वह अमेरिकी टीम पर भारत की मुश्किल जीत के एक अनलाइकली स्टार के तौर पर उभरे। फिर अचानक, सूर्या भाई (कप्तान सूर्यकुमार यादव) ने मुझे कॉल किया। उन्होंने कहा, 'तैयार हो जाओ, अपना बैग पैक करो, और आओ।' मैंने कहा, 'सूर्या भाई, मजाक मत करो, क्योंकि ऐसा नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा, 'मैं तुम्हें सच बता रहा हूं - तैयार हो जाओ।' जैसे ही उन्होंने फ़ोन रखा, मुझे नेशनल सिलेक्टर (प्रज्ञान) ओझा का कॉल आया। तो अचानक, मुझे शॉकिंग न्यूज मिली। मोहम्मद सिराज के पास अपना बैग पैक करने और मुंबई के लिए फ्लाइट पकड़ने के लिए बहुत कम समय था, जहां वह चोटिल हर्षित राणा की जगह भारतीय टीम में शामिल हुए। भगवान ने जो लिखा है उसे कोई नहीं बदल सकता। मैं आया, मैच खेला - सब कुछ लिखा था। भगवान महान हैं। इससे आगे कोई कुछ नहीं कर सकता। लेकिन सिराज ने कल रात जो किया, शायद बहुत कम खिलाड़ी कर सकते हैं। सीधे प्लेइंग ग्प में चुने जाने के बाद, उन्होंने नई गेंद से सबसे अच्छे स्पेल में से एक डाला, जिससे टीम को कुछ अहम सफलताएं मिलीं - खासकर तब जब भारत 161 के मामूली टोटल का बचाव कर रहा था। अमे. रिका का स्कोर 11 रन पर दो विकेट और फिर 13 रन पर तीन विकेट था, और मैच असल में पहले चार भारतीय ओवरों में ही जीता और हारा गया। सिराज ने 29 रन देकर तीन विकेट लिए, और मैच की आखिरी गेंद पर एक विकेट और जोड़ा, जो उन्होंने पावरप्ले में लिए थे। सिराज ने 18 महीनों से कोई टी20 नहीं खेला था, उनका आखिरी मैच जुलाई 2024 में श्रीलंका में था। उन्होंने खुद को इस बात से समझौता कर लिया था कि वह वर्ल्ड कप कैंपेन का हिस्सा नहीं होंगे और उन्होंने इंडियन टीम के ट्रेनर से कहा था कि उन्हें एक ब्रेक की जरूरत है, क्योंकि उन्होंने अभी-अभी कुछ रणजी मैच खत्म किए थे जिनमें उन्होंने हैदराबाद टीम की कप्तानी की थी। बाद में, उन्होंने कहा, ष्भगवान ने मेरी किस्मत बदल दी। सिराज की वापसी परियों की कहानियों जैसी है, वैसी ही खेल की सफलता की कहानियां बनती हैं। उन्हें न सिर्फ़ कम समय में टीम में शामिल होना पड़ा, बल्कि तैयारी के लिए बहुत कम समय में मैच भी खेलना पड़ा, क्योंकि लीड करने वाले जसप्रीत बुम. राह ठीक नहीं थे। सिराज खास तौर पर तब चमकने के लिए जाने जाते हैं जब वे बुमराह की छाया में नहीं होते, और उन्होंने टी20 में वापसी करते हुए अपने पहले दो ओवरों में विकेट लेकर अपनी इस पहचान को बनाए रखा। 18 महीने का ब्रेक कोई रुकावट नहीं था क्योंकि सिराज ने तुरंत लय पकड़ ली।

## प्रेस क्लब रुड़की ने जेएम व एसपी का किया स्वागत

# जनहित व सच्ची पत्रकारिता करें पत्रकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** प्रेस क्लब महानगर रूडकी रजिस्टर्ड के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्रम सेठ व एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल का पत्रकारों ने गुलदस्ता व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। इस अवसर पर एसपी देहात व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने भी प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए उन्हें समाज व जनहित में पत्रकारिता करने का आहवान करते हुए गरीब, मजलूमों की आवाज बनने के साथ सच्ची पत्रकारिता करने का आहवान किया।



शपथ ग्रहण में पहुंचे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्रम सेठ को प्रतीक चिन्हें देकर सम्मानित करते प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक मिश्रा व उपाध्यक्ष रियाज कुरैशी



शपथ ग्रहण में पहुंचे एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल का गुलदस्ता देकर इस्तकबाल करते व शाल ओढ़ाकर सम्मानित करते प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक मिश्रा

# किशोर लापता, पिता की तहरीर पर अपहरण का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर से किशोर के लापता होने के मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के किलकिली साहब बस्ती निवासी मो. इरफान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र सोयब(13) वर्ष 22 जनवरी को घर से बिना बताए कहीं चला गया थाजिसके बाद से वह वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बावजूद जब किशोर का कोई सुराग नहीं लगा।परिजनों का कहना है कि 28 जनवरी को एक मोबाइल नंबर से कॉल आया जिसमें कॉल करने वाले ने उसके पुत्र को दिल्ली में बताया था। बाद में उसने किशोर के अपने पास होने से इनकार कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर अपने पुत्र की तलाश करने की मांग की है। मामले को लेकर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी गयी है।

## सड़क किनारे पेशाब करने रुका था दुकानदार

# अज्ञात चोर बाइक लेकर हुआ फरार, पुलिस तलाश में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** शनिवार देर शाम दुकान से घर वापस लौट रहे युवक दुकानदार की अज्ञात चोर बाइक लेकर उस समय फरार हो गए जब वह सड़क किनारे बाइक खड़ी कर पेशाब कर रहा था। सूचना पर पुलिस ने चेकिंग अभियान चला कर चोरों की तलाश शुरू की गई लेकिन चोरों का कुछ पता नहीं लग सका हैं।

ग्राम मानकपुर आदमपुर निवासी सौरभ कस्बा झबरेड़ा में अपनी एक मोबाइल दुकान खोली हुई है। जहां पर वह नए मोबाइल बेचने तथा फोन रिपेयरिंग का काम करता है प्रतिदिन की भांति सौरभ सुबह अपनी दुकान पर आया और पूरा दिन दुकान पर काम करने के बाद शाम को दुकान बंद कर जब अपने घर गांव मानकपुर आदमपुर जा रहा था तो झबरेड़ा मानकपुर मार्ग पर रास्ते में भट्ठे के पास वह अपनी बाइक में चाबी लगी छोड़ पेशाब करने लगा उसी समय अज्ञात चोर द्वारा उसकी सड़क पर खड़ी मोटरसाइकिल उठा कर फरार हो गए। दुकानदार द्वारा सड़क पर उनको पकड़ने के लिए हल्ला भी मचाया परंतु उसकी कोशिश नाकाम रही ।सौरभ द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा चोरों को पकड़ने के लिए लिंक मार्गो पर चेकिंग अभियान शुरू किया गया लेकिन चोरों का कुछ पता नहीं लग सका। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि कोई अज्ञात चोर एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल चुरा ले गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने चोरों को पकड़ने के लिए लिंक मार्गो पर चेकिंग अभियान चलाते हुए मोटरसाइकिल चोरों की तलाश शुरू की गई। जल्द ही चोरो का पता लगा लिया जाएगा।

## लंढौरा में उड़ान वेलफेयर के उद्घाटन पर बोले खानपुर विधायक

# राजनैतिक दल नहीं, जनता का विधायक हूं : उमेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** लंढौरा में उडान वेलफेयर का उद्घाटन करने पहुंचे खानपुर विधायक उमेश कुमार ने कहा कि क्षेत्र को एक ऐसी संस्था की जरूरत थी जो लोगों की समस्याओं को जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के माध्यम से हल करवा सके उन्होंने कहा कि वह किसी पार्टी के नहीं जनता के विधायक है।

पूर्व सभासद व समाजसेवी याकूब अली द्वारा उडान वेलफेयर ट्रस्ट के कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे खानपुर विधायक उमेश कुमार ने आयोजित जनसभा में कहा कि लंढौरा व क्षेत्र को एक ऐसी संस्था की जरूरत थी जो उनकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के माध्यम से हल कर सके उन्होंने ट्रस्ट के लोगों को बधाई देते हुए हर समय उनके साथ खड़े होने की बात कही। उन्होंने कहा कि वह किसी संगठन या पार्टी के नहीं जनता के विधायक है। जो बिना किसी भेदभाव के जनता का काम कराना पंसद करते हैं। कहा कि लंढौरा में 1 करोड़ की लागत से रजत जयंती पार्क का निर्माण कराया जाएगा, मंगलौर-लंढौरा मार्ग का चौड़ीकरण,



राजकीय कन्या हाईस्कूल का उच्चीकरण के साथ साथ वह लंढौरा पुलिस चौकी को थाना बनाने के लिए भी प्रयासरत है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने क्षेत्र के गुंडों को जेल भिजवा कर जनता के दिलों में बीस सालों से बसे भय को निकाला है। यही वजह से है कि कल तक अपने नेता को अपनी समस्या बताने वाली खानपुर विधानसभा की जनता आज निर्भय होकर अपनी बात रखती है। उन्होंने कहा कि जो लोग आज मीठा बोलकर दिखा रहे हैं। जनता यह मत भूले की उनमें जहर खत्म हो गया है। कार्यक्रम में याकूब अली, डा0 इलमचंद प्रजापति, शाहिद खान, रमेश कश्यप, तौफीक, यासीन, इंतजार खान, भूरा, राव इमरान, प्रेम चौहान, शाकिब अब्बासी, शहनवाज साबरी, गौतम भारती आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने गैंगरेप के दो आरोपी किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** कोतवाली रुड़की पुलिस ने गैंगरेप के एक गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पीड़िता द्वारा दिनांक 07 फरवरी 2026 को कोतवाली रुड़की में दी गई तहरीर के आधार पर यह कार्रवाई की गई। पीड़िता ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया कि मेहरबान पुत्र मकसूद निवासी ग्राम जौरासी, कोतवाली रुड़की, जनपद हरिद्वार ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया तथा उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। साथ ही उसके साथी दानिश पुत्र सुक्का एवं अब्दुल रहमान उर्फ दुल्ला पुत्र जमील निवासीगण ग्राम जौरासी द्वारा पीड़िता की अश्लील वीडियो बनाई गई। इस संबंध में कोतवाली रुड़की पर मुकदमा अपराध संख्या 31/2026 पंजीकृत किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा तत्काल अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। निर्देशों के क्रम में थाना प्रभारी कोतवाली रुड़की प्रदीप विष्ट द्वारा उप निरीक्षक अंशु चौधरी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए दिनांक 07 फरवरी 2026 को अभियुक्त मेहरबान पुत्र मकसूद तथा अब्दुल रहमान उर्फ दुल्ला पुत्र जमील को उनके निवास स्थान से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा अन्य अभियुक्तों की तलाश एवं अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त: मेहरबान पुत्र मकसूद निवासी ग्राम जौरासी, कोतवाली रुड़की, जनपद हरिद्वार तथा अब्दुल रहमान उर्फ दुल्ला पुत्र जमील निवासी ग्राम जौरासी, थाना रुड़की, जनपद हरिद्वार। पुलिस टीम: उ0नि0 अंशु चौधरी, कानि0 656 प्रदीप, कानि0 1310 अनूप लिंगवाल, म0कानि0 दीपा शर्मा।

## सत्यापन अभियान, तीन दर्जन के चालान

**भगवानपुर।** एसएसपी हरिद्वार के कड़े निर्देशों के बाद रविवार को भगवानपुर पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र में सघन सत्यापन अभियान चलाया। अभियान के दौरान बिना पुलिस सत्यापन के बाहरी लोगों को मकान किराये पर देने वाले मकान मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। कोतवाली निरीक्षक के नेतृत्व में गठित पुलिस टीमों ने कस्बा भगवानपुर के साथ-साथ मंडावर, कालीनदी और तेज्जूपुर आदि गांवों में घर-घर जाकर जांच की। इस दौरान किरायेदारों के दस्तावेजों की जांच कर सत्यापन किया गया। पुलिस के अनुसार अभियान के दौरान मौके पर लगभग 200 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। जांच में पाया गया कि 30 मकान मालिकों ने सुरक्षा नियमों की अनदेखी करते हुए बिना पुलिस वेरिफिकेशन के किरायेदार रखे हुए थे। पुलिस ने इन लापरवाह मकान मालिकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 3 लाख रुपये के चालान काटे।

# डायट में जेंडर सेंसटाइजेशन कार्यशाला संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) रुड़की के सभागार में तीन दिवसीय जेंडर सेंसटाइजेशन कार्यशाला संपन्न हुई।

जानकारी के अनुसार तीन दिवसीय चली कार्यशालाको डॉक्टर गरिमा डगर, सरस्वती पुंडीर, कविता वर्मा (कार्यक्रम समन्वयक) एवं प्रेरणा बहुगुणाने संचालित किया। जेंडर सेंसटाइजेशन कार्यशाला मे समाज में जेंडर की समानता एवं उपयोगिता पर गहनता पूर्वक जानकारी दी गई है। समाज में जेंडर (पुरुष एवं महिला) समानता के लिए परिवार, विद्यालय योगदान,अर्थ एवं चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में प्रकाश चंद्र कुलाश्री, कमल कांत बरुआ, राजीव कुमार, अर्चना चौधरी, मंजू पवार, यशपाल सिंह, सरिता सिंह, सपना चौधरी, सुभाष चंद्र शर्मा, रमाकांत, डॉ प्रदीप कुमार, संध्या पाल, आलोक द्विवेदी एवं अर्चना चौधरी आदि ने उपस्थित होकर ज्ञान अर्जित किया। कार्यशाला के समापन पर मुख्य अतिथि डायट



के प्रभारी प्राचार्य नरेंद्र वालिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# केएमसीएमएस ट्रस्ट के उत्तराखंड उपाध्यक्ष बने मृत्युंजय कुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** कायस्थ महासभा चित्रगुप्त महाराज सेवा ट्रस्ट की सोशल एंड वेलफेयर सर्विसेज इकाई ने मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव को उत्तराखंड राज्य का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति 7 फरवरी 2026 से प्रभावी मानी गई है।

ट्रस्ट के बोर्ड ऑफ फाउंडिंग ट्रस्टीज द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में बताया गया कि मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव को उनके सामाजिक अनुभव, नेतृत्व क्षमता और कायस्थ समाज के प्रति लंबे समय से किए जा रहे समर्पित कार्यों को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपाध्यक्ष के रूप में श्रीवास्तव मसतिमच्सने की नीतियों को दिशा देने, सामाजिक एवं कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी करने तथा सामुदायिक विकास, शिक्षा, शोध और मानव सेवा से जुड़े कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे। साथ ही वे विभिन्न मंचों, सरकारी संवाद और सामुदायिक कार्यक्रमों में ट्रस्ट का प्रतिनिधित्व करेंगे तथा पारदर्शिता और सुशासन सुनिश्चित करेंगे। नियुक्ति दो वर्षों की अवधि के लिए की गई है, जो ट्रस्ट के उपनियमों के अनुसार 31 मार्च 2028 तक वैध रहेगी। ट्रस्ट ने विश्वास जताया है कि मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में मसतिमच्सने समाज में सकारात्मक और स्थायी बदलाव लाने में सफल होगा।ट्रस्ट के राष्ट्रीय महासचिव अनिमेष बिसारिया ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और दूरदर्शी नेतृत्व से संगठन की सामाजिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

## विवाह से पहले एचआईवी पॉजिटिव छुपाने व अवैध उगाही पर

# पति ने कराया पत्नी सहित 6 ससुराल वालों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक ने अपनी पत्नी व उसके परिजनों पर विवाह से पूर्व एचआईवी पॉजिटिव होने की जानकारी छिपाने तथा बाद में अवैध धन की मांग व जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाया है।पुलिस पीड़ित की तहरीर पर पत्नी सास समेत 6 लेगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम जसवावाला निवासी सचिन कुमार सैनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसका विवाह 15 फरवरी 2023 को सोनल सैनी निवासी ग्राम चमनपुरा, थाना गंगोह, जिला सहारनपुर (उ. प्र.) के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही उसकी पत्नी की तबीयत लगातार खराब रहने लगी।उसके विभिन्न स्थानों पर इलाज कराया लेकिन उसके बावजूद भी स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ। पीड़ित के अनुसार जब पत्नी को महंत इंद्रेश अस्पताल देहरादून ले जाया गया। तो वहा जांच में उसके एचआईवी पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई। डॉक्टरों ने बताया कि उसकी पत्नी को संक्रमण तीसरे स्तर पर है। जो कई वर्षों में विकसित होता है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी के माता-पिता व अन्य परिजनों को इस बीमारी की जानकारी पहले से थी। इसके बावजूद यह उन्होंने तथ्य छिपाकर धोखे से उसका विवाह अपनी बेटी के साथ कराया।और बीमारी की जानकारी सामने आने के बाद पत्नी के मायके वाले पीड़ित और उसके परिवार से अवैध रूप से पैसों की मांग कर रहे है, मांग पूरी न होने पर जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि वह स्वयं एचआईवी निगेटिव है और इस घटना से वह व उसका परिवार भयभीत है।पीड़ित ने आरोपियों ल खिलाफ उचित करवाई की मांग की है।थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर सोनल सैनी, सुशील सैनी,सूचित सैनी, मिथलेश सैनी, सोनू ,मांगेराम निवासीगण चमनपुरा गगोह सहारनपुर उत्तर प्रदेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

## बिजली चोरी में 3 पर केस

**लक्सर।** ऊर्जा निगम के अधिकारियों ने बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नेहंदपुर गांव में छापे मारे। इस दौरान यहां तीन घरों में बिजली की चोरी पकड़ी गई। टीम ने बिजली चोरी में इस्तेमाल केबल जब्त कर लिया। विभाग के अवर अभियंता पवन सक्सैना की ओर से बिजली चोरी के आरोप में पुलिस को तहरीर दी गई।

# घर में घुसकर जानलेवा हमले का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली क्षेत्र के मन्नाखेड़ी गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक महिला पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के मन्नाखेड़ी निवासी रिप्पी कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती नौ अक्तूबर की शाम करीब छह बजे उनकी पत्नी उमा देवी पथवारे में गोबर के उपले पाथ रही थीं। इसी दौरान उनकी भाभी सुमन देवी वहां पहुंची और गाली-गलौज करते हुए उपले और बिठोड़ा तोड़ने लगीं। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि जब उमा देवी किसी तरह बचकर अपने घर पहुंची तो आरोपी सुमन देवी अपने पति बबीत, पुत्र वंश और भाई टिंकू के साथ लाठी-डंडे व धारदार हथियार लेकर उनके घर में घुस आई। आरोपियों ने महिला के साथ मारपीट की और शोर मचाने पर जब ग्रामीण इकट्ठा हुए तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित रिप्पी कुमार ने बताया कि हमले की पूरी घटना गली में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। उन्होंने पुलिस से वीडियो फुटेज के आधार पर जांच कर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाल अमरजीत सिंह ने तहरीर के आधार पर सुमन, बबीत, वंश व टिंकू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लक्सर में राही उत्तम स्कूल पहल के तहत

# विद्यालय नवनिर्माण व विकास कार्यों का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता और बुनियादी ढाँचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राही ग्रुप के सहयोग तथा Indian Social Responsibility Network (ISRN) के तत्वावधान में संचालित राही उत्तम स्कूल पहल' के अंतर्गत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, लक्सर, हरिद्वार में विद्यालय नवनिर्माण एवं विकास परियोजना का उद्घाटन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आधुनिक सुविधाओं का लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को विद्यालय में नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट, उन्नत विज्ञान प्रयोगशाला, भवन की वाटरप्रूफिंग और अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का अवलोकन कराया गया। इसके साथ ही, परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। अतिथियों ने सराहा का प्रयासकार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदीप खेतान ने न्यूनतम संसाधनों के अधिकतम उपयोग पर बल दिया और राही द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। वहीं, राही के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संतोष गुप्ता ने सहयोग के लिए प्रति आभार व्यक्त किया और



विद्यालयों व समुदायों की साझा जिम्मेदारी पर जोर दिया। कार्यक्रम का सफल समन्वय महाप्रबंधक समुद्र नस्कर तथा फील्ड ऑफिसर इंजीनियर अंबर द्वारा किया गया।

# रंग महल पर लंढौरा की जनता का अधिकार : चैंपियन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** कस्बे में गोस्वामी समाज द्वारा आयोजित बैठक में खानपुर के पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौंपियन ने कहा कि लंढौरा उनका गृह क्षेत्र है। उन्हें विरासत में मिले रंग महल पर जनता का अधिकार है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि बाहरी व्यक्ति को चुनाव जीताकर खानपुर विधानसभा की जनता अपने आपको छला महसूस कर रही।

लंढौरा में चौम्पियन ने कहा कि लंढौरा की जनता उनके परिवार की तरह है। उन्हें विरासत में मिले रंग महल पर उन्ही का अधिकार है। खानपुर विधानसभा की जनता अपने पराए का फर्क समझ चुकी है। यही वजह है कि जनता इस बार खानपुर विधानसभा सीट पर परिवर्तन का मन बना चुकी है। जिस कारण जगह जगह सभी समाज का सर्मथन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वह वर्तमान में विधायक न होते हुए भी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर गंभीर है। उन्होंने अपने कार्यकाल में लंढौरा में इंटर कॉलेज, राजीव गांधी नवोदय विधालय, आंचल दुध फैक्ट्री तथा क्षेत्र की जनता को बेहतर मेडिकल सुविधा मिल सके इसके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सीएचसी का दर्जा दिलाने के अलावा अस्पताल की नई बिल्डिंग के निर्माण का प्रस्ताव भी किया।



अस्पताल बनकर तैयार है। जो जल्द ही शुरू हो जाएगा। इस मौके पर रानी देवयानी, मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार पांडे, रामसिंह, राजेन्द्र गिरी, नरेंद्र गिरी, सचिन पुरी, चौधरी बिजेंद्र, पप्पू गिरी, मनोज गिरी, भूषण गिरी, चौधरी ओमपाल, मेघराज, विजय प्रजापति, विनोद गिरी, योगेश गिरी, राजेश, मोन्टू आदि लोग मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 9 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# लापता लोगों की संख्या

सभी जानते हैं कि एक बड़ी आबादी रोजगार व अन्य कार्यों के लिए दिल्ली आती-जाती रहती है। राष्ट्रीय राजधानी में इस वर्ष जनवरी माह के दौरान ही देश की 800 लोग लापता पाए गए, जिसमें महिला, बच्चे व अन्य वयस्क भी शामिल हैं। जैसा कि स्वाभाविक था दिल्ली में लापता लोगों का आंकड़ा सामने आने के बाद आम लोगों में चिंता व्याप्त हो गई। प्रशासनिक स्तर पर भी इस समस्या की ओर अधिकारियों का ध्यान गया। बेलगाम सोशल मीडिया पर, तो इन आंकड़ों पर अपनी-अपनी सुविधा और राजनीतिक हितों के मद्देनजर व्याख्या और बयानबाजी सामने आने लगी। पब्लिक फोरम पर कहा जाने लगा कि यह दिल्ली की कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह है। इन आंकड़ों के सामने आने के बाद घर से निकलने के बाद सुरक्षा इंतजामों को लेकर तमाम तरह की सलाहें दी जाने लगीं। कुछ लोग देश के सिस्टम पर सवाल खड़े करने लगे। कुछ लोगों में भय से जुड़ी प्रतिक्रिया भी सामने आई। लेकिन इस बाबत दिल्ली पुलिस द्वारा जारी आंकड़े भी अधिक चिंता बढ़ाने वाले नजर आए। प्रथम दृष्टया यह खबर परेशान करने वाली है, लेकिन पड़ताल में पाया गया कि यह स्थिति पिछले कुछ सालों के आंकड़ों के ही अनुरूप है, अगर हम पिछले कुछ सालों के आंकड़ों पर नजर डालें , तो यह स्थिति की पुनरावृत्ति ही है। लेकिन यदि बीते कुछ सालों में लापता होने वाले लोगों की संख्या पर नजर डालें तो कहा जाता है कि इस साल जनवरी में सामने आई लापता लोगों की संख्या ज्यादा नहीं है। इस बाबत दिल्ली पुलिस का कहना है कि जनवरी 26 में कुल 1,777 लोगों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्रथम दृष्टया यह संख्या भले ही बढ़ी लगे, लेकिन जब पिछले दो सालों के आंकड़ों से इसकी तुलना की जाती है तो नई तस्वीर उभरती है। दरअसल, इन आंकड़ों की तह में जाएं तो दिल्ली का विशाल इलाका व सघन जनसंख्या घनत्व भी इसके मूल में है। दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के अनुसार साल 2024 में करीब 24,893 लोग लापता हुए थे। यानी एक माह में औसतन 2,074 लोग। वहीं साल 2025 में ये संख्या 24,508 लोग लापता हुए। अर्थातद्द हर माह 2,042 लोग गुम हुए। इस दृष्टि से जनवरी, 26 का आंकड़ा इस संख्या से कम है। सवाल है कि 2026 के पहले माह के आंकड़ों को लेकर भय क्यों व्याप्त हुआ? दरअसल, पहले पंद्रह दिनों के आंकड़ों के हिसाब से दिल्ली में हर रोज 54 लोग लापता हो रहे थे। इन आंकड़ों के सामने आने के बाद लोगों ने इसके मूल में किसी संकट को देखा। दिल्ली पुलिस के अनुसार ये आंकड़े स्थायी गुमशुदगी के नहीं होते। कुछ लोग अल्पकाल के लिए कहीं चले जाते हैं और देर रात तक घर भी लौट आते हैं। पुलिस का यह भी कहना है कि राष्ट्रीय राजधानी में आनॅलाइन और एप आधारित सिस्टम के जरिये लोग जल्दबाजी में अपने परिजनों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करा देते हैं। मसलन यदि कोई बच्चा किसी कारणवश स्कूल से लौटने में देर कर दे, कोई व्यक्ति कुछ घंटों तक फोन संपर्क से कट जाए या कोई बुजुर्ग भटकने पर देर से घर पहुंचे तो लोग गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा देते हैं। ये कथित गुमशुदा लोग कुछ समय बाद घर तो लौट आते हैं, लेकिन लोग पुलिस डेटा को अपडेट नहीं करते। फलस्वरूप पुलिस आंकड़ों में उनकी गुमशुदगी बनी रहती है। पुलिस का दावा है कि लापता लोगों को खोजने की दर में लगातार सुधार हो रहा है। साल 2016 में जो 23,409 लोग लापता हुए थे, उनमें से करीब 85 फीसदी नौ साल के भीतर मिल गए। साल 2025 में दर्ज मामलों में 63 फीसदी लोगों को भी एक साल के भीतर तलाश लिया गया।

## ट्रेड डील लेबर ऑफ लव



भारत-अमेरिका व्यापार समझौते ट्रेड डील एक लेबर ऑफ लव है, इसमें किसानों के हितों की पूरी तरह रक्षा की गई है और किसी भी संवेदनशील कृषि उत्पाद पर कोई रियायत नहीं दी गई है, भारत के किसानों और उत्पादकों के हितों का 100 प्रतिशत ध्यान रखा गया है, भारत ने मांस, पोल्ट्री, जीएम फूड्स या उनके उत्पादों पर कोई रियायत नहीं दी है, इसके अलावा सोया मील, मक्का, चावल, गेहूं जैसे अनाज और ज्वार, बाजरा, रागी जैसी फसलों पर भी कोई छूट नहीं दी गई है, भारत में पैदा होने वाले फल जैसे केला, स्ट्राबेरी, चेरी, खट्टे फल, हरी मटर, काबुली चना, मूंग जैसी दालें, तिलहन, मूंगफली और शहद जैसे उत्पादों पर भी कोई समझौता नहीं किया गया है, ये सभी उत्पाद भारत के लिए संवे. दनशील हैं और इनके मामले में नरमी नहीं बरती गई है।

**-पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री**

# मिर्गीः बीमारी नहीं, सोच बनती है सबसे बड़ी चुनौती



योगेश कुमार गोयल



हर वर्ष फरवरी के दूसरे सोमवार को 'अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 9 फरवरी को वैश्विक स्तर पर मनाया जाएगा। यह केवल एक स्वास्थ्य-दिवस नहीं बल्कि उस मानवीय संघर्ष की सामूहिक अभिव्यक्ति है, जिसे दुनियाभर में करोड़ों लोग प्रतिदिन जीते हैं। मिर्गी एक ऐसी चिकित्सीय स्थिति है, जो शरीर से अधिक समाज के व्यवहार से पीड़ित करती है। इसी गहरे यथार्थ को सामने लाने के लिए यह दिवस स्थापित किया गया ताकि मिर्गी के प्रति फैली भ्रांतियों, भय और कलंक को तोड़ा जा सके और इसे एक सामान्य न्यूरोलॉजिकल स्थिति के रूप में स्वीकार किया जा सके। इस दिवस का आयोजन इंटरनेशनल ब्यूरो फॉर एपिलेप्सी और इंटरनेशनल लीग अगेंस्ट एपिलेप्सी के संयुक्त प्रयासों से वर्ष 2015 में प्रारंभ हुआ था। तब से यह दिन न केवल जागरूकता का प्रतीक बना बल्कि नीति-निर्माताओं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और समाज को एक साझा मंच पर लाने का माध्यम भी बन गया है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस की थीम 'मिर्गी प्रतिज्ञा Epilepsy Pledge रखी गई है। यह विषय केवल सहानुभूति तक सीमित नहीं है बल्कि ठोस प्रतिबद्धता की मांग करता है। यह हमें आमंत्रित करता है कि हम मिर्गी को समझने, स्वीकार करने और उसके साथ जी रहे लोगों के लिए सुरक्षित, समावेशी और सम्मानजनक वातावरण बनाने की व्यक्तिगत और सामूहिक प्रतिज्ञा लें। यह थीम इस विचार को केंद्र में रखती है कि वास्तविक परिवर्तन केवल जागरूकता अभियानों से नहीं बल्कि व्यवहार, नीति और सामाजिक .ष्टिकोण में बदलाव से आता है। जब एक शिक्षक कक्षा में मिर्गी से पीड़ित बच्चे को समान अवसर देता है, जब एक नियोक्ता योग्यता के आधार पर निर्णय करता है और जब एक नागरिक दौरे के समय घबराने के बजाय सही प्राथमिक उपचार देता है, तभी मिर्गी प्रतिज्ञा साकार होती है। मिर्गी एक दीर्घकालिक मस्तिष्क संबंधी विकार है, जिसमें व्यक्ति को बार-बार दौरे पड़ते हैं। ये दौरे मस्तिष्क में अचानक उत्पन्न होने वाली अनियंत्रित विद्युत गतिविधि के कारण होते हैं। सामान्य अवस्था में मस्तिष्क की कोशिकाएं संतुलित और क्रमबद्ध विद्युत संकेतों के माध्यम से शरीर के सभी कार्यों का संचालन करती हैं लेकिन मिर्गी के दौरे के दौरान यही प्रणाली अस्थाई रूप से बाधित हो जाती है। इसका प्रभाव हर व्यक्ति में अलग-अलग रूप में दिखाई दे सकता है, किसी में हल्का कुछ सैकेंड का शून्य भाव तो किसी में पूरे शरीर में तीव्र झटके और बेहोशी। यह स्थिति किसी भी उम्र में हो सकती है और यह न तो संक्रामक है, न ही किसी पाप, अभिशाप या मान. सिक कमजोरी का परिणाम। इसके बावजूद, मिर्गी के साथ जीने की सबसे बड़ी चुनौती चिकित्सा नहीं, सामाजिक व्यवहार है। भय, अज्ञानता और मिथकों के कारण मिर्गी से पीड़ित व्यक्ति को अक्सर अलग-थलग कर दिया जाता है। समाज में यह गलत धारणा आज भी मौजूद है कि मिर्गी व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता, कार्यक्षमता या विश्वसनीयता को कम कर देती है। इसी सोच का परिणाम है कि बच्चों को स्कूल में उपेक्षा झेलनी पड़ती है, युवाओं को नौकरी में अवसर नहीं मिलते और व्यस्कों को विवाह व सामाजिक स्वीकृति में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार यह कलंक स्वयं दौरे से अधिक पीड़ा का कारण बन जाता है क्योंकि यह व्यक्ति के आत्मसम्मान, मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की संभावनाओं को सीमित कर देता है। अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस इसी सामाजिक कलंक को तोड़ने का एक वैश्विक प्रयास है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि मिर्गी का सही इलाज संभव है और लगभग 70 प्रतिशत मामलों में उचित दवाओं से दौरे नियंत्रित किए जा सकते हैं। फिर भी, विश्व स्तर पर एक बड़ा उपचार अंतर मौजूद है, विशेषकर विकासशील देशों में, जहां मिर्गी से पीड़ित लगभग 80 प्रतिशत लोग रहते हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, दवाओं की अनुपलब्धता और आर्थिक बाधाएं इस अंतर को और गहरा कर देती हैं। यह दिवस सरकारों और स्वास्थ्य प्रणालियों पर यह नैतिक दबाव बनाता है कि वे मिर्गी को सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकता के रूप में देखें। भारत जैसे देश में, जहां एक करोड़ से अधिक लोग मिर्गी से पीड़ित हैं, यह दिवस विशेष महत्व रखता है। यहां ग्रामीण क्षेत्रों में मिर्गी की दर शहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक है और जागरूकता का स्तर अपेक्षाकृत कम। कई स्थानों पर आज भी झाड़-फूंक, अंधविश्वास और सामा. जिक बहिष्कार जैसी प्रथाएं देखने को मिलती हैं, जो रोगी को समय पर चिकित्सा सहायता से वंचित कर देती हैं। अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस ऐसे समाजों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और करुणा आधारित सोच को स्थापित करने का अवसर प्रदान करता है। मिर्गी के विभिन्न प्रकार होते हैं, जो इस बात पर निर्भर करते हैं कि दौरे मस्तिष्क के किस हिस्से से और कैसे शुरू होते हैं।

कुछ मामलों में व्यक्ति पूरी तरह सचेत रहता है और केवल आंशिक लक्षण अनुभव करता है जबकि अन्य मामलों में पूरे मस्तिष्क के प्रभावित होने से बेहोशी और तीव्र झटके होते हैं। कई बार दौरे का आरंभिक स्रोत स्पष्ट नहीं हो पाता, जिससे निदान जटिल हो जाता है। इसके बावजूद, आधु. निक चिकित्सा विज्ञान ने दवाओं, शल्य-चिकित्सा, न्यूरोस्टिमुलेशन उपकरणों और विशेष आहार जैसे विकल्पों के माध्यम से उपचार की संभावनाओं को काफी विस्तृत किया है। मिर्गी का उपचार केवल दवा तक सीमित नहीं है बल्कि जीवनशैली प्रबंधन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। पर्याप्त नींद, तनाव नियंत्रण, ट्रिगर कारकों से बचाव और नियमित चिकित्सकीय परामर्श से व्यक्ति अपने जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार कर सकता है किंतु यह सब तभी संभव है, जब समाज सहयोगी हो, न कि निर्णयात्मक। जब परिवार, विद्यालय, कार्यस्थल और समुदाय मिलकर एक सुरक्षित वातावरण बनाते हैं, तभी उपचार वास्तव में प्रभावी होता है। कलंक का सबसे गहरा प्रभाव मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। निरंतर भेदभाव और गलतफहमियों के बीच जीने से व्यक्ति में चिंता, अवसाद और आत्मग्लानि की भावना पनप सकती है। कई लोग अपनी स्थिति को छुपाने का प्रयास करते हैं, जिससे समय पर उपचार नहीं मिल पाता और जोखिम बढ़ जाता है। यह एक दुष्चक्र है, जिसे तोड़ने के लिए सामाजिक स्वीकृति अनिवार्य है। मिर्गी प्रतिज्ञा का सार यही है कि हम केवल सहानुभूति न दिखाएं बल्कि व्यवहार में बदलाव लाएं। प्राथमिक उपचार सीखना, समावेशी भाषा का प्रयोग करना, भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाना, यह सभी छोटे कदम बड़े परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करते हैं। जब हम मिर्गी रोगी के बजाय 'मिर्गी से पीड़ित व्यक्ति' कहते हैं तो हम अनजाने में ही उस व्यक्ति की गरिमा को केंद्र में रखते हैं। स्वास्थ्य केवल शरीर की स्थिति नहीं बल्कि सामाजिक वातावरण का प्रतिबिंब है। एक ऐसा समाज, जो ज्ञान, करुणा और समानता पर आधारित हो, वही किसी भी चिकित्सीय स्थिति से जूझ रहे लोगों को वास्तविक सशक्तिकरण दे सकता है। मिर्गी के संदर्भ में यह और भी आवश्यक है क्योंकि यहां अज्ञानता के कारण होने वाला नुकसान चिकित्सा सीमाओं से कहीं अधिक है। मिर्गी दिवस हम सभी के लिए आत्ममंथन का अवसर है। क्या हम डर से दूर रहेंगे या समझ के साथ आगे बढ़ेंगे? क्या हम चुप रहेंगे या अन्याय के विरुद्ध बोलेंगे? इस दिवस का वास्तविक उद्देश्य तभी पूर्ण होगा, जब मिर्गी से पीड़ित व्यक्ति को समाज में दया का नहीं, समानता का स्थान मिलेगा। यही इस दिवस की आत्मा है, यही इसका संदेश है और यही एक अधिक मानवीय, समावेशी और जागरूक विश्व की दिशा में हमारा सामूहिक संकल्प होना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अधिक परागकण प्राप्त करने का अनोखा तरीका

**वैज्ञानिक यह तो दर्शा चुके हैं कि कोई मधुमक्खी जितने अधिक कंपन पैदा करती है, उतने ही अधिक परागकण उसे हासिल होते हैं। लेकिन यह एक रहस्य था कि बंबलबी कंपन पैदा करने में इतनी कुशल कैसे होती है। इसे समझने के लिए उपसला विश्वविद्यालय के चार्ली वुडरो ने बंबलबी के व्यवहार को बारीकी से देखा। अधिकांश शोधकर्ता मानते आए थे कि मधुमक्खियां गुनगुनाते समय खुद को स्थिरता प्रदान करने के लिए कभी-कभार फूलों को काटती हैं। लेकिन इसी व्यवहार के हाई स्पीड वीडियो में नजर आया कि ए कीट तो अपने सिर और वक्ष को तेजी से हिलाते रहते हैं।**

करंट बायोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन में पता चला है कि बंबलबी जिन फूलों का परागण करती है, उन पर ज्यादा माथा पटकती है। परिणाम यह होता है कि परागकोशों में भरे परागकण ज्यादा मात्रा में बाहर निकलते हैं। यह सही है कि कई फूलों में परागकोशों में परागकण बाहर ही होते हैं और यहां सिर पटकने की जरूरत नहीं होती। लेकिन कई फूलों में परागकण कोश के अंदर होते हैं। ऐसे फूलों के मामले में परागण की क्रिया बहुत आसान नहीं होती। यहां गुंजन परागण काम आता है। गुंजन परागण का मतलब होता है कि बंबलबी ध्वनि कंपन पैदा करती है ताकि उस फूल में कंपन हो और परागकोश के अंदर भरे परागकण बाहर आ जाएं। एक अनुमान के मुताबिक लगभग 9 प्रतिशत पौधे इसी तरह के परागण के भरोसे हैं और इनमें आलू, टमाटर व मटर जैसे कई फसली पौधे भी शामिल हैं। वैसे कीटों के लिए गुंजन-परागित फूलों के परागकणों को बटोरना आसान नहीं होता। क्योंकि ऐसे फूलों में परागकण नलीनुमा परागकोशों में भरे होते हैं और इनमें एक बारीक सा सुराख होता है, लेकिन कुछ मधुमक्खियां (बंबलबी सहित) ऐसे फूलों पर बैठ जाती हैं और अपने पंखों को जमकर फड़फड़ाती हैं। यानी वे गुंजन करती हैं और इसके कंपन परागकोश को कंपायमान कर देते हैं। ऐसा होने पर परागकण बाहर छलकने लगते हैं। वैज्ञानिक यह तो दर्शा चुके हैं कि कोई मधुमक्खी जितने अधिक कंपन पैदा करती है, उतने ही अधिक परागकण उसे हासिल होते हैं। लेकिन यह एक रहस्य था कि बंबलबी कंपन पैदा करने में इतनी कुशल कैसे होती है। इसे समझने के लिए उपसला विश्वविद्यालय के चार्ली वुडरो ने बंबलबी के व्यवहार को बारीकी से देखा। अधिकांश शोधकर्ता मानते आए थे कि मधुमक्खियां गुनगुनाते समय खुद को स्थिरता प्रदान करने के लिए कभी-कभार फूलों को काटती हैं। लेकिन इसी व्यवहार के हाई स्पीड वीडियो में नजर आया कि ए कीट तो अपने सिर और वक्ष को तेजी से हिलाते रहते हैं। तो, वुडरो और उनके साथियों ने एक बंबलबी (Bombus terrestris) का वीडियो बनाया। उन्होंने खास तौर से उस समय के वीडियो रिकॉर्ड किए जब वे दो तरह के गुंजन-परागित फूलों के परागकोशों पर पहुंचीं। इस तरह की वीडियोग्राफी में शोधकर्ता यह भी मापन कर पाए कि बंबलबी के कंपनों के जवाब में फूलों में कितने कंपन हुए। पता चला कि जब गुनगुनाती बंबलबी परागकोश को काटती हैं तो तीन गुना अधिक कंपन फूलों तक पहुंचते हैं। यह भी देखा गया कि काटने वाली बंबलबी ने परागकोश से ज्यादा परागकण छलकाए। अलबत्ता, इन अवलोकनों ने कई नए सवालों को भी जन्म दिया है। जैसे बंबलबी फूलों पर पहुंचकर लगातार परागकोशों को काटती नहीं रहती हैं। यह पता करना रोचक होगा कि वे कब ऐसा करती हैं। दूसरा अवलोकन यह था कि जब वे काटती हैं तो उनका सिर सिर चकरा देने की हद तक कंपन करता है। यह जानना दिलचस्प होगा कि वे ऐसा कैसे कर पाती हैं। यह देखना भी महत्वपूर्ण होगा कि क्या बंबलबी के व्यवहार का फूल के प्रकार से भी कुछ सम्बंध है।



**-स्रोत फीचर्स**

# रिसर्चः क्या बिल्लियों को अपने कद का अंदाजा होता है!

बिल्लियां इतनी लचीली होती हैं कि लोगों ने उन्हें पानी की उपमा दे डाली है जो कितनी भी कम जगह से बाहर निकल जाता है, किसी भी आकार में ढल जाता है। बिल्लियों के ऐसे करतब कभी न कभी आपने भी देखे होंगे, लेकिन क्या बिल्लियां खुद को लचीला मानती हैं? क्या वे किसी छोटे छेद या संकरी संद में से गुजरने के पहले अपने शरीर के आकार को ध्यान में रखकर यह सोचती हैं कि वे इसमें से निकल पाएंगी या नहीं? कुल मिलाकर सवाल है कि क्या बिल्लियों को अपने डील-डौल के बारे में बोध होता है? ओटवोस लोरैंड विश्वविद्यालय के पीटर पोंग्रेज, जिन्होंने कुत्तों और बिल्लियों की समझ-बूझ पर काफी शोध किए हैं, ने इस बार बिल्लियों पर अध्ययन के लिए यही सवाल चुना। अध्ययन के लिए उन्होंने 30 पालतू बिल्लियां चुनी। बिल्लियों के साथ प्रयोगशाला में अध्ययन करना बहुत मुश्किल होता है, इसलिए अध्ययन उन्होंने सभी बिल्लियों के घर जा-जाकर किए। अध्ययन के लिए उन्होंने कमरे में एक ऐसा लकड़ी के पैनल का पार्टीशन लगाया जिसमें एक आयताकार छेद बना हुआ था, और इस आयताकार छेद को (लंबाई और चौड़ाई में) छोटा-बड़ा किया जा सकता था। इस छेद के अलावा, कमरों की सारी ऐसी जगहों को ठीक से बंद कर दिया गया था, जहां से बिल्लियों के निकलने की संभावना हो सकती थी। पार्टीशन के एक तरफ बिल्ली को रखा जाता था और दूसरी तरफ बैठे उनके मालिक उन्हें पुकारते थे। इस पुकार प्रक्रिया में, जब पैनल में छेद बड़ा था। इतना बड़ा कि छेद की ऊंचाई और चौड़ाई बिल्लियों की ऊंचाई (पंजे से लेकर कान के ऊपरी छोर तक) और चौड़ाई (छाती की) से अधिक थी, तो बिल्लियां बेहिचक फर्राटे से उसमें से निकल रही थीं। फिर छेद की चौड़ाई को



उतना (आरामदायक) ही रखा, लेकिन ऊंचाई थोड़ी-थोड़ी कम की गई और दूसरी ओर से बिल्लियों के मालिक उन्हें पुकारते रहे। अब बिल्लियां थोड़ा हिचकिचाने लगीं, शायद उन्हें लग रहा था कि उनका कद इस छेद से बहुत अधिक है। लेकिन हिचकिचाहट के बाद भी वे इस छेद से निकलने की कोशिश करती रहींय तब भी जब छेद उनके कद का आधा था। इससे लगता है कि बिल्लियों को अपने शरीर के साइज (ऊंचाई) के बारे में कुछ तो अंदाजा है, लेकिन चौड़ाई के मामले में नतीजे अलग रहे। शोधकर्ताओं ने ऊंचाई को आरामदायक स्थिति में स्थिर रखकर चौड़ाई को थोड़ा-थोड़ा कम किया। छेद चाहे कितना भी संकरा क्यों न हो गया हो . यहां तक कि बिल्लियों की चौड़ाई का आधा भी, बिल्लियां छेद से निकलने से पहले कभी नहीं हिचकिचाई। छेद से निकलने में उनकी गति जरा भी धीमी नहीं हुई। इससे लगता है कि बिल्लियां अपनी चौड़ाई का अंदाजा नहीं लगा पातींय वे तो बस अपने लचीले शरीर का फायदा उठाती हैं, कोशिश करती रहती हैं और संकरी से संकरी जगह से निकल लेती हैं। ऐसा शायद इसलिए है क्योंकि बिल्लियां अधिक लचीली होती हैं, इसलिए उन्हें केवल कुछ ही मामलों में अपने शरीर के आकार का ध्यान रखना होता होगा, लेकिन वास्तव में बिल्लियां अपने शरीर की साइज के बारे में क्या सोचती हैं यह अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल जितना भी पता चला है, उस जानकारी का इस्तेमाल बिल्लियों के मालिक उनके लिए घर, खेल के मैदान वगैरह को सुरक्षित रखने में कर सकते हैं, ताकि बिल्लियां किसी छोटी-संकरी जगह में न फंस जाएं। ए नतीजे आईसाइंस में प्रकाशित हुए हैं। **-स्रोत फीचर्स**

# टापुओं के चूहों के विरुद्ध वैश्विक जंग

वर्ष 1959 में, एक छोटे समुद्री पक्षी व्हाइट-फेस्ड स्टॉर्म पेट्रेल को बचाने के एक प्रयास में न्यूजीलैंड के मारिया द्वीप से चूहों का सफाया किया गया था। यह अनुभव कई टापुओं पर घुसपैठी चूहों को खत्म करने के एक वैश्विक अभियान की प्रेरणा बना। एक गैर-सरकारी संस्थान आइलैंड कंजर्वेशन के अनुसार, पिछले पचास वर्षों में 666 द्वीपों से चूहों को खत्म करने के लिए 820 प्रयास किए गए हैं और सफलता लगभग 88 प्रतिशत रही है। गौरतलब है कि चूहे आम शहरी जीव हैं, लेकिन टापुओं पर यह काफी विनाशकारी हो जाते हैं। वास्तव में टापू जैसे अलग-थलग पारिस्थितिकी तंत्र जोखिमग्रस्त प्रजातियों के घर हैं और चूहे इन टापुओं पर रहने वाले पक्षियों, स्तनपाइयों, उभयचरों और सरीसृपों की लगभग 75 प्रतिशत विलुप्ति के लिए जिम्मेदार हैं।

चूहों की तीन सबसे आम प्रजातियां, काला चूहा, ब्राउन या नॉर्वे चूहा और प्रशांत चूहा इस उन्मूलन का लक्ष्य हैं। यह कृंतक, अक्सर जहाजों पर सवार होकर टापुओं पर पहुंच जाते हैं और तेजी से संख्यावृद्धि करते हैं। एक मादा चूहा एक साल में सैकड़ों-हजारों संतानों को जन्म दे सकती है। गैलापागोस से लेकर अंटार्कटिका के दक्षिण जॉर्जिया द्वीप तक उन्मूलन अभियान सफल रहे हैं। दक्षिण जॉर्जिया के टापुओं को चूहों से मुक्त करने के लिए 10 साल तक 135 करोड़ डॉलर का अभियान चला। इसमें हेलीकॉप्टर की मदद से 3000 टन जहरीला चारा फैलाया गया। चूहों को खत्म करना चुनौतीपूर्ण कार्य है। उष्ण कटिबंधीय द्वीपों पर चूहे साल भर प्रजनन करते हैं और उन्हें प्रचुर मात्रा में भोजन उपलब्ध होता है। ऐसे में बार-बार प्रयास करने की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए, गैलापागोस के उत्तरी सीमोर द्वीप पर प्रारंभिक अभियान के बाद चूहों की आबादी में फिर से इजाफा दिखा था, जिसके बाद उन्मूलन प्रयास फिर से शुरू करना पड़ा। आसपास चूहों की आबादी होने से या मानव निवास वाले द्वीपों पर पुनरू घुसपैठ की संभावना अधिक होती है। उन्मूलन प्रयासों का पैमाना बढ़ रहा है। 2019 तक उन्मूलन के लिए लक्षित द्वीपों का औसत क्षेत्रफल 1700 हैक्टर था, लेकिन टोंगा स्थित लेट आइलैंड (11,600 हैक्टर) और गैलापागोस में फ्लोरियाना द्वीप (17,900 हैक्टर) जैसे बड़े द्वीप नए केंद्र बन गए हैं। फिलहाल, सबसे बड़ा द्वीप उन्मूलन प्रयास दक्षिण जॉर्जिया द्वीप (1,00,000 हैक्टर) पर हुआ है। हाल ही में, न्यूजीलैंड ने एक योजना शुरू की है जिसका उद्देश्य 2050 तक पूरे देश को चूहों, फेरेट्स और पोसम जैसी प्रजातियों से छुटकारा दिलाना है।

**-स्रोत फीचर्स**


# यौन अपराधी एपस्टीन के बेबी रैंच का खुलासा

## यौन अपराधी और अरबपति वित्तीय उद्यमी ने बनाई थी अपने डीएनए से सुपर रेस मानव बनाने की योजना

**वाशिंगटन।** यौन अपराधी और अरबपति वित्तीय उद्यमी जेफ्री एपस्टीन हमेशा विवाद और अपराध के कारण सुर्खियों में रहा। 2019 में न्यूयॉर्क की जेल में उनकी मौत से पहले, एपस्टीन ने कथित तौर पर एक चौंकाने वाली योजना बनाई थी। उनका लक्ष्य था अपने डीएनए के जरिए 'सुपर रेस' के मानव तैयार करना।

एपस्टीन ने न्यू मेक्सिको में अपने विशाल रैंच, जिसे जीरो रैंच कहा जाता है, का इस्तेमाल महिलाओं को गर्भवती करने और अपनी संतान उत्पन्न करने के लिए करने का इरादा जताया। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कई वर्षों तक वैज्ञानिकों और व्यापारिक सलाहकारों को यह योजना साझा की। कुछ लोगों ने इसे निजी रूप से 'बेबी रैंच' कहा। हालांकि, कोई सबूत नहीं है कि यह योजना कभी लागू की गई या कानूनी रूप से अवैध होती। एपस्टीन ने अपने धन और सामाजिक प्रभाव का इस्तेमाल विश्व के प्रमुख वैज्ञानिकों को अपनी ओर आकर्षित करने में किया। इसमें नोबेल विजेता भौतिक विज्ञानी मरे गेल-मान, थ्योरिटिकल फिजिसिस्ट

**■ एपस्टीन ने अपने धन और सामाजिक प्रभाव का इस्तेमाल विश्व के प्रमुख वैज्ञानिकों को अपनी ओर आकर्षित करने में किया**



स्टीफन हाकिंग, विकासवादी जीवविज्ञानी स्टीफन जे. गुल्ड और आनुवंशिकी विशेषज्ञ जार्ज एम. चर्च शामिल थे। एपस्टीन ने शोध निधि, सम्मेलनों और उच्च स्तर की बैठकों का आयोजन किया, ताकि वैज्ञानिक विचार विमर्श में उसका प्रभुत्व रहे। एपस्टीन ट्रांसह्यूमनिज्म के प्रति बेहद उत्साहित थे, जो तकनीक और जेनेटिक इंजीनियरिंग के जरिए मानव क्षमताओं को बढ़ाने की विचारधारा है। उन्होंने अपने शरीर के संरक्षण और मृत्यु के बाद शरीर को फ्रीज करने की क्रायोनिक्स तकनीक में भी रुचि दिखाई। हाल के वर्षों में अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी किए गए दस्तावेजों में संकेत मिलते हैं कि एपस्टीन ने कथित रूप से बच्चों को जन्म दिलवाया। एक महिला ने दावा किया कि उसने 2002 के आसपास 16-17 वर्ष की उम्र में एक बच्ची को जन्म दिया, जिसे जन्म के तुरंत बाद एपस्टीन के पूर्व सहयोगी घिस्लेन मैक्सवेल द्वारा कब्जा लिया गया। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। जेफ्री एपस्टीन का जन्म और शुरुआती जीवन न्यूयार्क में बीता। बताया जाता है कि 1970 के दशक में एपस्टीन ने न्यूयार्क में ही डाल्टन स्कूल में गणित (मैथ्स) से लेकर भौतिकी (फिजिक्स) तक पढ़ाया। उसने खुद भी एक यूनिवर्सिटी से इनकी पढ़ाई की थी, हालांकि वह कभी ग्रैजुएशन पूरा नहीं कर पाया। जिस दौरान एपस्टीन स्कूल में पढ़ा रहा था, तभी एक छात्र के पिता उससे इतने प्रभावित हुए थे कि उन्होंने जेफ्री को वाल स्ट्रीट में स्थित निवेश बैंक 'बीयर स्टियर्न्स' के एक सीनियर पार्टनर से मिलाया। यहां पहुंचने के बाद जेफ्री ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## ओलंपिक्स के पहले हमले आयोजन को 'नुकसान पहुंचाने की कोशिश'

**मिलान।** इटली के परिवहन मंत्रालय ने बोलोन्या क्षेत्र में शीतकालीन ओलंपिक्स के पहले दिन हुई ट्रेन सेवाओं को बाधित करने वाली घटनाओं को 'नुकसान पहुंचाने की कोशिश' करार देते हुए कहा है कि ये 2024 में पेरिस ओलंपिक खेलों के उद्घाटन से ठीक पहले फ्रांस में हुए हमलों की याद दिलाती हैं। बोलोन्या क्षेत्र में रेलवे ट्रैक और उससे जुड़ी अवसं. रचनाओं को नुकसान पहुंचने की कई घटनाएं सामने आई हैं। पहली घटना शनिवार सुबह बोलोन्या-वेनिस खंड पर दर्ज की गई, जहां क्षतिग्रस्त केबल पाए गए। इसके अलावा, बोलोन्या-पाडुआ लाइन पर एक स्विच के पास एक देसी बम (आईईडी) बरामद किया गया, जिसे निष्क्रिय कर दिया गया। इसी मार्ग के उच्च-रफ्तार रेलवे खंड पर बिजली के केबल काटे गए।



**नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र अरब अमीरात के प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) छात्रों से बातचीत करते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।**

## मैरी कॉम और द फैमिली मैन के लिए मशहूर अभिनेता सुनील थापा का निधन

**काठमांडू।** 'मेरी कॉम' और 'द फैमिली मैन' जैसी फिल्मों में यादगार भूमिकाओं के लिए मशहूर अभिनेता सुनील थापा का शनिवार को यहां 68 वर्ष की आयु में निधन हो गया। थापा को बेहोशी की हालत में काठमांडू के नॉर्विक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। ईसीजी के बाद डॉक्टरों ने उनकी मृत्यु की पुष्टि की। डॉक्टरों ने हृदयगति रुकने का संदेह जताया है। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने थापा परिवार और उनके दोस्तों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए नेपाली सिनेमा में उनके योगदान की प्रशंसा की।

## रूसी जनरल पर जानलेवा हमले के बाद हिरासत में दो आरोपी

**मॉस्को।** रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने रविवार को बताया कि उसने एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी की हत्या की कोशिश के मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि संदिग्धों ने रूस की सैन्य खुफिया एजेंसी के उप-प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर अलेक्सेएव को मारने की कोशिश की थी, जिन्हें शुक्रवार को उत्तर-पश्चिम मॉस्को में एक रिहायशी इमारत के अंदर कई गोलियां मारी गई थीं। बयान में कहा गया कि एक संदिग्ध को उसके साथी की मदद से संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में हिरासत में लिया गया और रूसी अधिकारियों को सौंप दिया गया। दूसरे को मॉस्को में हिरासत में लिया गया। एजेंसी ने बताया कि तीसरा संदिग्ध यूक्रेन भाग गया। सभी संदिग्ध रूसी नागरिक हैं। उल्लेखनीय है कि लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर एलेक्सेएव को मॉस्को में उनके आवास पर कई गोलियां मारी गई थीं, जिसके बाद उन्हें एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। बाद में अहम अंग में गोली लगने के घाव के लिए उनकी आपातकालीन सर्जरी की गई। अधिकारियों ने बताया कि उनके ठीक होने की उम्मीद है। एलेक्सेएव रूस की जीआरयू सैन्य खुफिया एजेंसी के मुख्य निद. ेशालय में नंबर दो के अधिकारी हैं।

# ड्रैगन की बड़ी साजिश का खुलासा!

## गलवां तनाव के सात दिन बाद चीन ने किया था परमाणु परीक्षण, अमेरिका के आरोपों से हलचल

**वाशिंगटन।** 2020 में जब पूरी दुनिया कोविड महामारी से जूझ रही थी और दूसरी ओर गलवाल घाटी में भारत और चीन के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया था। इसी दौरान तनाव की आड़ में चीन अपने नापाक मंसूबे को अंजाम देने की तैयारी में लगा हुआ था। आरोप है कि गलवां घाटी में भारतीय सैनिकों की शहादत के कुछ ही दिनों बाद चीन ने गुप्त रूप से परमाणु परीक्षण किए। ये आरोप अमेरिका ने लगाए हैं। ऐसे में देखा जाए तो यह केवल अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि क्षेत्रीय सुरक्षा और रणनीतिक संतुलन के लिए भी गंभीर चेतावनी है।

इतना ही नहीं ऐसे संवेदनशील समय में चीन की यह कथित गतिविधि उसकी मंशा और दीर्घकालिक रणनीति पर अहम सवाल भी खड़े करती है। बता दें कि अमेरिका ने बीते शुक्रवार को चीन पर यह आरोप लगाए हैं। अमेरिका के अंडर सेक्रेटरी ऑफ स्टेट थामस जी डिनैनो ने कहा है कि चीन ने गुप्त रूप से परमाणु विस्फोट परीक्षण किए, ताकि दुनिया को इसकी भनक न लगे। अमे. रिका का दावा है कि चीन ने ऐसे तरीके अपनाए जिससे भूकंप मापने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रणालियां (सीस्मिक मानिटरिंग) भी इन परीक्षणों को ठीक से पकड़ न सकें। डिनैनो के मुताबिक, 22 जून 2020 को चीन ने ऐसा ही एक परमाणु परीक्षण किया था। यह तारीख इसलिए भी अहम है क्योंकि यह परीक्षण गलवां घाटी में भारत-चीन हिंसक झड़प के ठीक एक हफ्ते



**■ ऐसे में देखा जाए तो यह केवल अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि क्षेत्रीय सुरक्षा और रणनीतिक संतुलन के लिए भी गंभीर चेतावनी है**

बाद हुआ था। गलवां संघर्ष में भारत के 20 जवान शहीद हुए थे, जबकि खुफिया रिपोर्ट्स के अनुसार 30 से ज्यादा चीनी सैनिक भी मारे गए थे। अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि चीन ने जिस तकनीक का इस्तेमाल किया, उसे 'डिकपलिंग' कहा जाता है। इस तकनीक में विस्फोट को इस तरह अंजाम दिया जाता है कि उसके झटके कम महसूस हों और अंतर्राष्ट्रीय निगरानी एजेंसियों को शक न हो। अमेरिका का कहना है कि चीन सैकड़ों टन क्षमता वाले परमाणु परीक्षणों की तैयारी और उन्हें अंजाम दे चुका है। इतना ही नहीं डिनैनो ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सिल. सिलेवार पोस्ट में बताया कि चीन का यह कदम पूरी दुनिया के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि मौजूदा परमाणु समझौते आज की चुनौतियों से निपटने में नाकाम हो चुके हैं। इस दौरान डिनैनो ने न्यू स्टार्ट संधि का भी जिक्र किया, जो 2010 में अमेरिका और रूस के बीच हुई थी। इस संधि का मकसद परमाणु हथियारों की संख्या को सीमित करना था। लेकिन डिनैनो के मुता. बिक, 2026 तक यह संधि अप्रासंगिक हो जाएगी क्योंकि चीन बहुत तेजी से अपना परमाणु जखीरा बढ़ा रहा है। रूस के पास बड़ी संख्या में ऐसे हथियार हैं जो इस संधि के दायरे में नहीं आते और चीन के एक भी परमाणु हथियार पर इस संधि का कोई नियंत्रण नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां अमे. रिका के ज्यादातर परमाणु हथियार न्यू स्टार्ट के तहत सीमित थे, वहीं रूस और चीन पर इसका असर बेहद कम या न के बराबर रहा। अमेरिकी अधिकारी ने साफ कहा कि अब अमेरिका को अपने नागरिकों और सहयोगी देशों की सुरक्षा के लिए नई परमाणु नीति और नई अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था बनाने की जरूरत है, जो आज के खतरों को ध्यान में रखे, न कि पुराने दौर की परिस्थितियों को। गौरतलब है कि इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी ऐसे संकेत दे चुके हैं। बीते साल अक्तूबर में उन्होंने कहा था कि अगर रूस और चीन परमाणु परीक्षण करते हैं, तो अमेरिका भी उसी स्तर पर परीक्षण शुरू कर सकता है, हालांकि तब उन्होंने कोई ठोस जानकारी नहीं दी थी। डिनैनो का बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका न्यू स्टार्ट संधि के खत्म होने के बाद रूस और चीन के साथ तीन देशों की नई बातचीत शुरू करना चाहता है, ताकि परमाणु हथियारों पर नए सिरे से सीमाएं तय की जा सकें।

## चीन में 18 साल से कम उम्र वाले तिब्बती बच्चों के मठों में प्रवेश पर रोक

**बीजिंग।** चीन सरकार ने तिब्बती समुदाय के धार्मिक जीवन पर नियंत्रण और कड़ा करते हुए 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के मठों में प्रवेश पर रोक लगा दी है। रिपोर्ट के मुताबिक इस फैसले से तिब्बती संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक अधिकारों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस प्रतिबंध की जानकारी तब सामने आई जब चीनी मैसेजिंग ऐप वीचौट पर एक वीडियो सामने आया। इसके बाद तिब्बती अधिकारों के उल्लंघन को लेकर चिंता बढ़ गई। तिब्बत और निर्वासित तिब्बतियों से जुड़े समाचार पोर्टल फायुल के अनुसार, खाम क्षेत्र के एक मठ के प्रवेश द्वार पर स्पष्ट रूप से लिखा नोटिस लगाया गया है 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का ईबी में प्रवेश वर्जित है। रिपोर्ट में बताया गया है कि यह पाबंदी ऐसे समय लागू की गई है, जब तिब्बती इलाकों में सर्दियों की छुट्टियों के चलते स्कूल बंद रहते हैं। आमतौर पर इस दौरान बच्चे अपने माता-पिता के साथ मठों में धार्मिक गतिविधियों में भाग लेते थे।

# चंद्रमा के सुदूर हिस्से से मिले प्रमाण नई वैज्ञानिक दिशा

**बीजिंग।** वैज्ञानिकों ने पहली बार इस बात की पुष्टि की है कि चंद्रमा के निकटवर्ती और सुदूर हिस्सों पर क्रेटर बनने की दर अनिवार्य रूप से एक समान है। यह खोज विश्व स्तर पर एकीकृत चंद्र कालक्रम प्रणाली की स्थापना के लिए एक ठोस आधार प्रदान करती है। 'साइंस एंड टेक्नोलॉजी डेली' के अनुसार, चीनी विज्ञान अकादमी के भू-विज्ञान एवं भू-भौतिकी संस्थान के नेतृत्व में अनुसंधान टीम ने रिमोट सेंसिंग तस्वीरों का विश्लेषण कर दशकों पुराने चंद्र प्रभाव क्रेटर कालक्रम नमूने को सफलतापूर्वक संशोधित किया है। उनका यह अध्ययन दोनों गोलार्द्धों में समान प्रभाव प्रवाह का खुलासा करता है।

यह इस बात का प्रमाण है कि शुरुआती चंद्र प्रभाव की घटनाएं धीरे-धीरे कम होने के सहज रुझान का पालन करती हैं, न कि उन नाटकीय उतार-चढ़ाव जैसा पहले अनुमान लगाया गया था। उनके निष्कर्ष गुरुवार को 'साइंस एडवांसेज' में प्रकाशित हुए। चंद्रमा की सतह की उम्र जानना उसके भू-वैज्ञानिक विकास को समझने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। दशकों से वैज्ञानिक प्रभाव क्रेटरों की गणना कर उन क्षेत्रों की आयु का अनुमान लगाते रहे हैं, जहां से नमूने नहीं लिए गए हैं।

**■ खोज विश्व स्तर पर एकीकृत चंद्र कालक्रम प्रणाली की स्थापना के लिए एक ठोस आधार**

इसमें क्रेटरों का अधिक घनत्व पुरानी सतह का संकेत देता है। क्रेटर कालक्रम की वर्तमान पद्धति पूरी तरह से चंद्रमा के निकटवर्ती हिस्से से लिए गए नमूनों पर निर्भर थी और सबसे पुराने नमूने चार अरब वर्ष से अधिक के नहीं हैं। इस सीमा ने चंद्रमा के प्रारंभिक प्रभाव इतिहास के बारे में चल रही बहस को जन्म दिया था, जिसमें 'लेट हैवी बॉम्बार्डमेंट' जैसी अलग-अलग परिकल्पनाएं शामिल थीं। जून 2024 में एक बड़ी सफलता तब मिली, जब चीन के चांग ई-6 अभियान अपोलो बेसिन से 1935 ग्राम चंद्र नमूने वापस लाया। यह बेसिन चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर स्थित 'साउथ पोल-ऐटकेन' बेसिन के भीतर मौजूद है। इन नमूनों के विश्लेषण से दो प्रमुख प्रकार की चट्टानों की पहचान हुई। पहली 2.807 अरब वर्ष पुरानी 'यंग बसाल्ट' और दूसरी 4.25 अरब वर्ष पहले बनी 'एनसिएंट नोराइट'। विशेष रूप से नोराइट उस मैग्मा से जन्मा था, जो 'साउथ पोल-ऐटकेन बेसिन' बनाने वाली विशाल प्रभाव घटना के बाद जम गया था।

# दुनियाभर मे आलीशान होटलों में तब्दील हो गई कई जेल

**नई दिल्ली।** कभी कठोर अनुशासन, संकरी कोठरियों और साधारण भोजन के लिए पहचानी जाने वाली जेलें अब दुनिया के कुछ हिस्सों में विलासिता, आराम और विरासत पर्यटन की अनूठी मिसाल बनती जा रही हैं।

विरासत इमारतों को होटल के रूप में पुनर्जीवित करने की प्रवृत्ति के तहत कई ऐतिहासिक जेलों को पंचतारा और बुटीक होटलों में बदला जा रहा है। इस कड़ी में जापान के नारा शहर की पूर्व किशोर जेल एक नया आकर्षण बनने जा रही है। मेइजी काल में 1908 में स्थापित यह जेल 2017 तक कार्यरत रही और बाद में इसे राष्ट्रीय महत्वपूर्ण सांस्कृतिक संपत्ति घोषित किया गया। अब एक प्रतिष्ठित जापानी होटल ब्रांड



**■ अब विलासिता आराम और विरासत पर्यटन की अनूठी मिसाल बनती जा रही हैं जेलें**

इसे जून 2026 में ऑल-सूट होटल के रूप में खोलने जा रहा है। प्रत्येक सुइट के लिए नौ से 11 पुरानी कोठरियों को मिलाया गया है, जबकि पूर्व निरोध विंग में जापानी-फ्रेंच रेस्तरां होगा। परिसर में नारा प्रिजन म्यूजियम भी खोला जाएगा, जहां आगंतुक इस इमारत के इतिहास और वास्तुकला से रूबरू हो सकेंगे। नारा जेल ऐसा पहला कारावास नहीं है जिसे होटल में बदला गया हो, बल्कि पूरी दुनिया में यह चलन बढ़ता हुआ दिख रहा है। तुर्की के इस्तांबुल में स्थित सुल्तानाहमेत क्षेत्र की एक पूर्व जेल आज फोर सीजन्स होटल के रूप में दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित होटलों में गिनी जाती है। सन् 1918 में तुर्की नवशास्त्रीय शैली में निर्मित यह भवन 1969 तक जेल रहा, जहां अधिकतर लेखक, पत्रकार और बुद्धिजीवी बंद रहे।

## फिल्म बॉर्डर-2 ने की 300 करोड़ क्लब में एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपर स्टार सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर 2' ने भारतीय बाजार में 301 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म 'बॉर्डर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर गदर मचा दिया है। फिल्म 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सनी देओल लीड रोल में हैं। इनके अलावा इस फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, मेधा राणा, सोनम बाजवा और अन्या सिंह जैसे सितारे भी हैं। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म 'बॉर्डर 2' ने भारतीय बाजार में पहले सप्ताह में 224.25 करोड़ की कमाई की। फिल्म ने दूसरे सप्ताह में भारतीय बाजार में 70.15 करोड़ का कारोबार किया। फिल्म ने 15वें दिन 2.85 करोड़ की कमाई की।

# सस्ते भारतीय टीके नहीं मिलने से पाक अर्थव्यवस्था पर दबाव

## पाकिस्तानी स्वास्थ्य मंत्री मुस्तफा कमाल ने इस पर हताशा जताते हुए कहा, हालात कठिन है

**कराची।** पाकिस्तान में भारत से किफायती टीके नहीं मिलने के कारण अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य दबाव में है। पाकिस्तानी स्वास्थ्य मंत्री मुस्तफा कमाल ने इस पर हताशा जताते हुए कहा, हालात कठिन हैं। मई 2025 के संघर्ष के बाद से भारत से सस्ते टीकों की आपूर्ति रुकने से देश की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है।

इससे पहले वैश्विक सार्वजनिक-निजी स्वास्थ्य साझेदारी के तहत पाकिस्तान ग्लोबल अलायंस फार वैक्सीन्स एंड इम्यूनाइजेशन (गावी) के जरिये सस्ते टीके लेता था। गावी दुनिया के सबसे गरीब देशों के बच्चों को टीके दिलाती है। कमाल बोले, फिलहाल पाकिस्तान 40 करोड़ डालर की वार्षिक लागत पर टीके मंगाता है व 51 प्रतिशत



**■ मई 2025 के संघर्ष के बाद से भारत से सस्ते टीकों की आपूर्ति रुकने से देश की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है**

लागत वहन करता है। इसका अर्थव्यवस्था पर बुरा असर हो रहा है। गावी की भूमिका को स्वीकार करते हुए पाकिस्तानी स्वास्थ्य मंत्री मुस्तफा कमाल ने कहा, यह संगठन खरीद मध्यस्थ और वित्तपोषण भागीदार के रूप में पाकिस्तान को मुख्य रूप से भारत से टीके प्राप्त करने में मदद करता रहा है। वह बोले, दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के बावजूद, गावी ने पाकिस्तान को भारतीय दवा कंपनियों के जरिये मदद की। कोविड में भी गावी ने भारत से लाखों टीके जुटाने में मदद की थी। सरकार वर्तमान में नागरिकों को 13 प्रकार के टीके मुफ्त में दे रही है, लेकिन इनमें से किसी का भी उत्पादन देश नहीं होता है। पाकिस्तान विश्व का पांचवां सबसे अधिक आबादी वाला देश है, जिसकी आबादी लगभग 24 करोड़ है और यहां प्रति वर्ष 62 लाख जन्म होते हैं, जिससे टीकों की मांग में काफी वृद्धि हुई है। कमाल ने कहा: अंतर्राष्ट्रीय सहायता के कारण वार्षिक आयात लागत को नियंत्रण में रखा गया है, लेकिन यदि टीकों का स्थानीय उत्पादन शुरू नहीं होता है तो यह स्थिति बदल सकती है। भारत ने पिछले साल 7 मई को पहलगाम हमले के प्रतिशोध में पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को निशाना बनाते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। इन हमलों के कारण दोनों देशों के बीच चार दिनों तक भीषण झड़पें हुईं, जो 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने की सहमति के साथ समाप्त हुईं।

# अमेरिकी कृषि के बड़े पैमाने पर पतन की चेतावनी

## ट्रम्प प्रशासन की नीतियों ने इस क्षेत्र को 'बहुत नुकसान' पहुंचाया: किसान नेता व संगठन

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में कृषि नेताओं और संगठनों ने कई चेतावनियां जारी करते हुए कहा है कि अगर मौजूदा प्रशासन की नीतियां जारी रहीं तो वे 'अमेरिकी कृषि के बड़े पैमाने पर पतन' का कारण बन सकती हैं। अमेरिका के प्रमुख कृषि संघों और अमेरिकी कृषि विभाग (यूएसडीए) के 27 पूर्व नेताओं के एक गठबंधन ने हाल ही में अमेरिकी कांग्रेस को एक औपचारिक पत्र जारी किया। इस पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन की अपनाई गई नीतियों ने इस क्षेत्र को 'बहुत नुकसान' पहुंचाया है। उन्होंने आंकड़ों के हवाले से कहा कि इस साल सभी फार्मों में से मुश्किल से आधे ही फार्म मुनाफा कमा पाएंगे। उनकी यह बात अमेरिकन फार्म ब्यूरो फेडरेशन के डेटा से मेल खाती है। इस डेटा में भी पाया गया है कि अमेरिकी किसान पिछले तीन सालों में 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक के नुकसान में है। इस खत में लिखा



गया है कि खेती में इस्तेमाल की जाने वाली विभिन्न प्रकार की सामग्री (इनपुट) पर आयात शुल्क लगाया गया है। उर्वरक से लेकर, खेती के रसायन, से लेकर मशीनरी के पुर्जो तक, प्रशासन के शुल्क ने खेती में इनपुट की कीमतें बढ़ा दी हैं और पैदावार की लागत को जिसों की कीमतों से काफी ऊपर कर दिया है। इसमें कहा गया कि खेती में इनपुट की लागत बढ़ाना अमे. रिकी किसानों की जेब से पैसा निकालना है। पत्र में आगे कहा गया है कि इस प्रशासन की व्यापार नीतियों और कांग्रेस की कार्रवाई की कमी ने हमारी वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को कम करके, निर्यात बाजारों को बाधित करके और कमोडिटी कीमतों को कम करके अमे. रिकी किसानों को भी नुकसान पहुंचाया है। यह दो पिछली चेतावनियों के बाद आया है। पहली चेतावनी अक्टूबर 2025 में 215 से अधिक कृषि संगठनों का एक पत्र के जरिए दी गई और बाद में इस साल 15 जनवरी को 56 कृषि समूहों का एक पत्र जारी किया गया। इनमें देश में बिगड़ती कृषि अर्थव्यवस्था के मुख्य कारणों के रूप में व्यापार संरक्षणवाद, श्रम की कमी और संघीय कर्मचारियों की छंटनी का हवाला दिया। कांग्रेस नेतृत्व को जनवरी के पत्र में चेता. वनी दी गई थी कि बड़ी संख्या में किसान आर्थिक रूप से कर्ज में डूबे हुए हैं, फार्म दिवा. लियापन लगातार बढ़ रहा है, और कई किसानों को अपनी अगली फसल उगाने के लिए धन हासिल करने में कठिनाई हो सकती है।

## 10 अप्रैल को रिलीज होगी अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला'

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार की आने वाली हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'भूत बंगला' का निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं। 14 साल बाद अक्षय कुमार और प्रियदर्शन फिर से एक साथ आए हैं। 'भूत बंगला' से पहले अक्षय और प्रियदर्शन 'हेराफेरी', 'गरम मसाला', 'भागम भाग', 'भूल भुलैया', 'दे दना दन' और 'खट्टा मीठा' में साथ काम कर चुके हैं। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, तब्बू और परेश रावल जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। फिल्म में दिवंगत अभिनेता असरानी भी नजर आएंगे। पहले यह फिल्म 15 मई 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी।

